श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 5 अगस्त 2024
वर्ष 4, अंक 169, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य, खेलेंगे कांस्य मुकाबला 13

धनुष की रायन ने 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार 14




## ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में भारत

पेरिस, एजेंसी

**ओलंपिक हॉकी**

- **शूटआउट में ब्रिटेन को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह**
- **जर्मनी या अर्जेंटीना से हो सकता है भारतीय टीम का मुकाबला**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई वहीं मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम क्वार्टरफाइनल में स्पेन से 3-2 से हार गया। भारतीय हॉकी टीम का सेमीफाइनल में सामना जर्मनी और अर्जेंटीना बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा। वहीं स्पेन का सेमीफाइनल में मुकाबला नीदरलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच के विजेता से होगा।

इससे पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को पेरिस ओलंपिक के क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। शूटआउट में भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राज पाल कुमार ने गोल दागे। वहीं ब्रिटेन के लिए जेम्स अलबेरी ने चैक वाललेस गोल किया। शानदार फॉर्म में चल रहे हरमनप्रीत सिंह ने 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। ओलंपिक में यह उनका सातवां गोल था। वहीं ब्रिटेन के ली मॉर्टन ने दूसरे क्वार्टर के समाप्त होने से ठीक दो मिनट पहले स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

## हरिद्वार में स्कॉर्पियो गंगा में गिरी राहगीरों ने बचाई 4 लोगों की जान

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** दिल्ली-देहरादून हाईवे पर शनिवार देर रात स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर गंगा में जा गिरी। स्कॉर्पियो गिरते देख उधर से गुजर रहे राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। इस बीच कई राहगीरों ने स्कॉर्पियो में सवार लोगों की जान बचाने के लिए गंगा में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने स्कॉर्पियो में सवार चारों को बाहर निकाल लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शनिवार देर रात काले रंग की तेज



हरिद्वार में गंगा में गिरी स्कार्पियो गाड़ी

रफ्तार स्कॉर्पियो कार शंकराचार्य चौक के पास अनियंत्रित होकर सीधे नीचे गंगा में जा गिरी। करीब 40 फीट ऊंचाई से गंगा में गिरी स्कॉर्पियो का आगे का हिस्सा नीचे हो पानी में डूब गया। गाड़ी के अंदर व पीछे की लाइट जलती देख और राहगीर भी मदद को आ गए। राहगीरों में शामिल कई लोग तत्काल नदी में उतरे और चार लोगों को बाहर निकाल लिया।

इसबीच एसडीएम सदर अजयवीर सिंह, सीओ सिटी जूही मनराल व इंस्पेक्टर कनखल भावना कैंथोला भी पुलिस व दमकल की टीम के साथ वहां पहुंच गई। पुलिस ने चारों को अस्पताल भिजवाया। स्कॉर्पियो मेरठ जा रही थी। जिसमें सवार मेरठ निवासी प्रवीण तेवतिया पुत्र जगन, गौरव चौहान पुत्र जगदीश, वरुण बंसल पुत्र अजय व सुमित पुत्र जोगिंदर निवासी कनखल घायल हो गए। सभी की हालत सामान्य है।

### एक नजर

#### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिनमें उन्होंने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

#### वडोदरा की सड़कों पर पहुंच रहे मगरमच्छ

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा शहर में विश्वामित्री नदी से निकलकर मगरमच्छों के आवासीय इलाकों में घुसने की समस्या हर साल की तरह इस साल भी देखने को मिल रही है। पिछले महीने आवासीय इलाकों में पहुंचे 21 मगरमच्छों को पानी में छोड़ा गया। एक अधिकारी ने बताया कि नदी का 17 किमी हिस्सा वडोदरा से होकर गुजरता है। इसमें करीब 300 मगरमच्छ रहते हैं जिसके कारण किनारे के इलाकों में अक्सर इस तरह की घटनाएं देखने को मिलती हैं।

#### जंगली भालू के हमले में एक की मौत, दो गंभीर

**मरवाही।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में रविवार को जंगली भालू के हमले में 28 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरवाही प्रभाग के डीएफओ रौनक गोयल ने बताया कि यह घटना बदरौदी गांव के पास सुबह छब्बल, घासीराम (45) और संतलाल (42) वन में लकड़ियां एकत्र करने गए थे। भालू ने से आमना-सामना होने के बाद तीनों ने उसका मुकाबला करने की कोशिश की, लेकिन भालू ने छब्बललाल पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई जबकि घासीराम और संतलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### मोबाइल फोन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गिरोह के संदिग्धों के अंधेरी इलाके में मेगा मॉल के सामने एक पुल से नीचे आने की सूचना मिलने के बाद शनिवार को एक जाल बिछाया गया और आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया।

## केदारनाथ में यात्रियों की मदद के लिए सेना ने थामी कमान

### खराब मौसम की वजह से एमआई-17 व चिनूक हेलीकॉप्टर नहीं भर पा रहे उड़ान

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** केदारघाटी में हुई त्रासदी के बाद रेस्क्यू अभियान जारी है। चौथे दिन यात्रियों की मदद के लिए राहत एवं बचाव कार्य की कमाम सेना ने संभाल ली। रविवार को 640 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

केदारघाटी में 31 जुलाई को हुई भारी बारिश व बादल फटने के चलते गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी वजह से इस मार्ग पर पड़ने वाले विभिन्न पड़ावों पर हजारों तीर्थयात्री व स्थानीय लोग फंस गए थे। इसके लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। रेस्क्यू कार्यों में तेजी लाने के लिए चौथे दिन आज सेना की मदद ली गई। जनपद में तैनात 6 ग्रेनेडियर यूनिट कर्नल हितेश वशिष्ठ के नेतृत्व में सेना रास्तों को पुनर्स्थापित करने और पुल बनाने के अलावा सर्च अभियान में मदद कर रही है। प्राथमिकता



केदारघाटी में अवरुद्ध मार्ग खोलने में जुटे सेना के जवान।

**640** तीर्थयात्रियों को चौथे दिन किया गया रेस्क्यू

**400** लोगों को पैदल केदारनाथ से लिंचौली लाए गए

के आधार पर पहले सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मार्ग पर पैदल पुल बनाया जा रहा है। सेना के 40 जवान सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच बंद मार्ग को खोलने में जुट गए हैं।

केदारनाथ तथा रास्ते में उपर की ओर लगातार घने बादल छाए रहने से रेस्क्यू कार्य में लगातार व्यवधान हो रहा है। भारतीय वायुसेना द्वारा उपलब्ध कराया चिनूक हेलीकॉप्टर मौसम खराब होने के कारण अभी तक एक भी उड़ान नहीं भर पाया है। एमआई - 17 हैलीकॉप्टर द्वारा खराब मौसम के कारण अभी तक केवल 3 उड़ान भरी जा सकी हैं, तथा उससे केवल 60 लोगों को ही रेस्क्यू किया जा सका है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा छोटे हेलीकॉप्टरों से रेस्क्यू का कार्य किया जा रहा है। रविवार को लगभग 400 लोगों को केदारनाथ से लिंचौली तक पैदल लाकर लिंचौली से इन्हें हेलीकॉप्टर से चारधाम हेलीपेड व सिरसी हैलीपेड आदि स्थानों पर लाया गया। वर्तमान में रेस्क्यू कार्य हेतु 05 हेलीकॉप्टर लगाए गए हैं । आज लिंचौली तथा भीमबली से लगभग 560 लोगों को तथा केदारनाथ से 80 लोगों को इस प्रकार कुल 640 लोगों का रेस्क्यू किया गया। चार दिनों में अब तक 10374 लोगों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है।

सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन के मुताबिक वर्तमान में गौरीकुंड से सभी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। गौरीकुंड में कोई भी यात्री शेष नहीं है। वर्तमान में वहां पर रहने वाले स्थानीय निवासीगण, दुकानदार, डोली पालकी संचालक, घोड़े खच्चर संचालक आदि हैं। भीमबली तथा लिंचौली से भी अधिकांश यात्रियों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है। वर्तमान में लिंचौली में लगभग 50 यात्री रुके हैं। केदारनाथ धाम में लगभग 350 यात्री रुके हैं। इसके अलावा केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहित, स्थानीय दुकानदार, स्थानीय निवासी, पालकी, डोली संचालक, घोड़े खच्चर संचालक

## दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई पकड़ा

ब्यूरो, देहरादून। सीबीएसई द्वारा आयोजित जूनियर ट्रांसलेशन ऑफीसर की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक युवक को पकड़ा गया है। बायोमैट्रिक उपस्थिति से मिलान के दौरान उसे पकड़ा गया।



- **जूनियर ट्रांसलेशन ऑफीसर की परीक्षा देने दूसरे अभ्यर्थी की जगह पहुंचा था अभियुक्त**

जूनियर ट्रांसलेशन ऑफीसर की परीक्षा देहरादून में कई केंद्रों पर आयोजित की गई थी। क्लेमेंटाउन क्षेत्र में आर्मी पब्लिक स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। द्वितीय पाली में अभ्यर्थी रिंकू पुत्र विनोद के स्थान पर जो युवक परीक्षा दे रहा था बायोमैट्रिक उपस्थिति से उसका मिलान ही नहीं हो पा रहा था। जिस पर युवक को हिरासत में ले लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने रिंकू के स्थान पर परीक्षा में शामिल होना स्वीकार किया। पकड़ा गया युवक संदीप कुमार पुत्र विजेंद्र निवासी ग्राम पटिया देवा, सोनीपत (हरियाणा) है।

## गर्भवती को निर्वस्त्र घुमाने में 14 दोषियों को 7 साल की सजा

जयपुर, एजेंसी

- **तीन महिला आरोपियों को पांच-पांच साल की कैद**
- **राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की अदालत ने दी सजा**

राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने पिछले साल सितंबर में धारियावाड़ में 20 वर्षीय गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में उसके पति सहित 14 पुरुषों को शनिवार को सात साल की कैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि धारियावाड़ कांड मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ किए गए अपराध के समान ही एक जघन्य अपराध था। जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में पिछले साल दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और भीड़ द्वारा उनके साथ यौन दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया था। विशेष लोक अभियोजक मनीष नागर ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी ने धारियावाड़ कांड में दोषी पाई गई तीन महिलाओं को पांच साल की जेल की सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक नागर ने बताया कि अदाल ने पीड़िता के पति कान्हा मीणा के अलावा खेतिया मीणा, मोतिया उर्फ मोतीलाल मीणा, पुनिया मीणा, केसरा उर्फ केसरीमल मीणा, सूरज मीणा, पिंटू मीणा, नाथूलाल मीणा, मानाराम उर्फ वेणिया मीणा, नेतिया मीणा, रूपा मीणा, गौतम मीणा, रामलाल मीणाा, रमेश मीणा को सात-सात साल कैद, जबकि तीन महिला दोषियों-इंद्रा मीणा, मिरकी मीणा और झुमली मीणा को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई।

पिछले साल सितंबर में एक गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आया था। यह घटना 31 अगस्त को धारियावाड़ के निचलाकोटा गांव में हुई थी, जब आरोपियों ने पीड़िता को उस व्यक्ति के घर पर पाया, जिसके साथ उसके अवैध संबंध होने का संदेह था। सात महीने की गर्भवती महिला को उसके पिता के घर छोड़ दिया गया।

## ईडी ने लेह एवं अन्य स्थानों से जब्त किए एक करोड़ रुपये

**क्रिप्टोकरेंसी ठगी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लद्दाख एवं अन्य कुछ स्थानों पर लोगों को ठगने वाली एक फर्जी क्रिप्टोकरेंसी निवेश कंपनी के संचालकों के विरूद्ध छापेमारी में एक करोड़ रुपये नकद एवं अभियोजनयोग्य सामग्री जब्त की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को बताया कि लेह, जम्मू और हरियाणा के सोनीपत में दो अगस्त को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह तलाशी की गयी।

अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब ईडी ने लद्दाख में तलाशी ली है। ईडी ने कहा कि जांच लेह एवं अन्य स्थानों के लोगों को धोखा देने के मामले से जुड़ी है। इन लोगों को 'एमोलिएंट क्वाइन' नामक नकली क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने पर महज 10 महीने में उनका पैसा दोगुना हो जाने का आश्वासन दिया गया था। ईडी के अनुसार सोनीपत का नरेश गुलिया 'एमोलिएंट क्वाइन लिमिटेड' नामक कंपनी के माध्यम से 'फर्जी' क्रिप्टोकरेंसी को बढ़ावा दे रहा था। इस कंपनी की सितंबर 2017 में ब्रिटेन में स्थापना की गई थी।

## घर की दीवार ढही, दबने से 9 बच्चों की मौत

सागर, एजेंसी

- **मध्य प्रदेश के सागर जिले में हुआ हादसा, दो अन्य घायल**
- **जर्जर मकान के पास टेंट में बैठकर बना रहे थे शिवलिंग**

मध्य प्रदेश के सागर जिले में रविवार को एक जर्जर मकान की दीवार ढह जाने से नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना रहली विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक मंदिर परिसर के पास एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शाहपुर नगर पंचायत के मुख्य निगम अधिकारी और उप अभियंता को निलंबित कर दिया है। उन्होंने राज्य भर के नगर निकायों को जर्जर भवनों की पहचान करने और कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

सागर के मंडल आयुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शाहपुर



शाहपुर गांव में दीवार गिरने के बाद मलबा हटाती जेसीबी। ● एजेंसी

में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दीवार ढहने की घटना में 10 से 15 साल के नौ बच्चों की मौत हो गई एवं दो अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। भाजपा के स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने बताया कि जर्जर मकान के पास एक टेंट में शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान दीवार ढह कर टेंट पर गिर गई। उन्होंने बताया कि कई बच्चे टेंट और मलबे के नीचे दब गए। भार्गव ने बताया कि घटना में जान गंवाने वाले कई बच्चे अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। जिलाधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि बच्चे मंदिर के पास लगाए गए टेंट में बैठे हुए थे तभी बारिश के कारण मकान की दीवार ढह गई। उन्होंने बताया कि हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात अन्य ने अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आर्य के अनुसार दो घायल बच्चों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं।

## नीट एमडीएस की 280 सीटों के लिए 780 की सूची जारी

**लखनऊ।** नीट एमडीएस की दूसरी काउंसिलिंग में 280 सीटों पर दाखिले के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से 780 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है।

पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद कॉलेजों में रिक्त सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय (डीजीएमई) ने कॉलेजवार रिक्त सीटों का ब्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया है। प्रवेश के लिए रिक्त सीटों में केजीएमयू की मात्र दो सीटें शामिल हैं, शेष 278 सीटें 23 निजी डेंटल कॉलेजों की हैं। लखनऊ स्थित केजीएमयू के दंत विभाग में एक सामान्य दिव्यांग और एक एसटी, कुल दो सीटों पर दाखिला होना हैं, जबकि उप्र आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई में कोई सीट रिक्त नहीं है।

डीजीएमई किंजल सिंह ने बताया कि पहले चरण की काउंसिलिंग में सीट आवंटन होने के बाद भी दाखिला न लेने वाले और दाखिला लेने के बाद छोड़ देने वाले अभ्यर्थियों को नियमों के तहत दूसरी काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए आवेदन करना होगा, धरोहर राशि दोबारा नहीं जमा करनी होगी।

## सड़क हादसे में दंपति की मौत, बेटी गंभीर

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- **स्कूटी से बृजघाट जा रहा था परिवार, कार ने मारी टक्कर**
- **परिवार के लोग सवेरे गंगा से जल लेने के लिए निकले थे**

**अमृत विचार :** हाईवे पर कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति की मौत हो गई। जबकि उनकी 12 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बताया जाता है परिवार के लोग सवेरे गंगा से जल लेने के लिए जा रहे थे।

मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के मोहल्ला खुशहालपुर की प्रीत विहार कॉलोनी निवासी संजीव गुप्ता (48) अपनी पत्नी दुर्गा गुप्ता (45) व 12 वर्षीय बेटी पूर्वी गुप्ता के साथ शनिवार देर रात स्कूटी से बृजघाट के लिए निकले थे। नेशनल हाईवे पर गजरौला के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में संजीव गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्गा (45) व बेटी पूर्वी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। टीएमयू में उपचार के दौरान दुर्गा ने दम तोड़ दिया जबकि पूर्वी भर्ती है। पुलिस ने कार को कब्जे में लिया है।

## अयोध्या सामूहिक दुष्कर्म मामले पर वार-पलटवार की राजनीति गरमाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

**उप चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी को घेरने में जुटी भाजपा, कांग्रेस से सपा में आया मोईद, 50 करोड़ की संपत्ति का है मालिक**

**अमृत विचार :** अयोध्या में 12 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म को लेकर रविवार को राजनीतिक वार-पलटवार और तेज हो गए। भाजपा 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव में जीत के लिए इस मुद्दे पर सपा को घेरने में जुट गई है। इस मुद्दे के जरिए भाजपा खिसक रहे पिछड़ा वोट बैंक को साधने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रही है।

इसमें आरोपी सपा नेता मोईद खान पर कार्रवाई के बजाय सपा प्रमुख अखिलेश यादव की ताजा बयानबाजी आग में घी का काम कर रही है। इस मामले में कांग्रेस का नाम भी जुड़ रहा है। इस बीच, जिला प्रशासन ने आरोपी मोईद खान की पूरी कुंडली शासन को भेजी है। जांच में उसकी संपत्ति करीब 50 करोड़ आंकी गई है। बताया गया है कि मोईद शुरुआती जीवन में रोजी-रोटी के लिए मोहताज था। लेकिन भदरसा कस्बे के विस्तारीकरण के साथ प्रापर्टी डीलिंग कर कुछ कांग्रेस नेताओं के साथ कार्य करने लगा था। सपा में आने के बाद वर्ष 2012 में भदरसा दंगे ने उसे दबंग बना दिया और कमाई करोड़ों में होने लगी। अधेड़ आरोपी मोईद खान व कर्मचारी राजूखान पर दो महीने पहले मासूम से दुष्कर्म करने को लेकर चिकित्सा जांच में लड़की के गर्भवती होने की पुष्टि अहम सबूत है।

### कोर्ट ले संज्ञान, घटना का न हो राजनीतिकरण : अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए मांग की कि सरकार पीड़िता को अच्छी चिकित्सीय सुविधा दिलाए। उसके जीवन की रक्षा की ज़िम्मेदारी सरकार की है। न्यायालय से आग्रह है कि स्वत: संज्ञान लेकर स्थिति की संवेदनशीलता व गंभीरता को देखते हुए अपने पर्यवेक्षण में पीड़िता की हर संभव सुरक्षा सुनिश्चित करवाएं। ऐसी घटना का राजनीतिकरण बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए।

### धमकी के बाद पीड़िता के हर निवाले की हो रही जांच

सपा नेताओं द्वारा अस्पताल में पीड़िता को धमकी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद पीड़िता के हर एक निवाले पर नजर रखी जा रही है। पानी भी बोतल बंद दिया जा रहा है। पौष्टिक आहार बढ़ा दिया गया है। दूध-दलिया व पोहा के अलावा वह तमाम चीजें दी जा रही है, जिसकी पीड़िता मांग कर रही है।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के अलावा 11 अन्य के कब्जे चिह्नित

भदरसा सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी द्वारा जमीन पर कब्जा करके बनाए गए कई अन्य निर्माण चिह्नित किए गए हैं। रविवार को प्रशासन को श्मशान की भूमि के साथ सरकारी जमीन पर कब्जा व निर्माण मिला। श्मशान की भूमि पर भवन और सरकारी भूमि पर कॉम्प्लेक्स बने हैं। आरोपी के मकान में रही पुरानी पुलिस चौकी भी अवैध मिली। 11 अन्य के भी कब्जे चिह्नित किए गए हैं।

### सपा सरकार में अपराधी छुट्टा सांड़ थे : राजभर



सुभासपा प्रमुख व पंचायतीराज मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सरकार का बुलडोजर अपना काम कर रहा है। सरकार कार्रवाई में कहीं भी पीछे नहीं है। दुख की घड़ी में सबको वहां जाना चाहिए। सपा की सरकार को लोग गुंडा की सरकार के नाम से जानते थे। सपा सरकार में अपराधी छुट्टा सांड़ की तरह घूमते थे।

## सार-संक्षेप

### मोबाइल टावरों से सामान चोरी करने वाला पकड़ा

**नैनीताल :** दो मोबाइल टावरों से हजारों रुपये के स्विच और कंट्रोलर चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। बीते शुक्रवार को माल रोड में एक साथ दो मोबाइल टावरों में चोरी हो गई थी। शिकायतों के आधार पर टावर के स्वीच और कन्ट्रोल चोरी हुए थे। जिनकी कीमत 40 हजार से अधिक थी। मामले में मुक्तेश्वर निवासी ललित मोहन व मल्लीताल निवासी दीपक सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। एसआई भूपेंद्र सिंह मेहता ने शहर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो एक युवक पर शक हुआ। उन्होंने टीम के साथ ठंडी सड़क शनि मंदिर के समीप से युवक को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि पिथौरागढ़ निवासी हिमांशु राज को मय सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### बोहराकून के समीप खाई में मिला महिला का शव

**भीमताल :** खाई में एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी-भीमताल मोटर मार्ग में बोहराकून के समीप खाई में महिला का शव मिला। स्थानीय लोगों ने खाई से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिय ने शव को खाई से बाहर निकाला। थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मनसा देवी मंदिर से चोरों ने उड़ाया दानपात्र और घंटियां

**नैनीताल :** मनसा देवी मंदिर में अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर दान पात्र और घंटियों पर हाथ साफ कर लिया। सुबह मंदिर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी। जिस पर ग्राम प्रधान ने चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरेंद्र बिष्ट ने बताया कि देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर की खिड़की तोड़कर घंटियों और दानपात्र को चुरा लिया। इससे पूर्व भी दो बार मंदिर में चोरी हो चुकी है। जिसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।



भीमताल झील में तैरती गंदगी। ● अमृत विचार

### भीमताल झील में गंदगी का अंबार, सफाई की मांग

**भीमताल :** भीमताल में पिछले दिनों हुई बारिश से भारी मात्रा में गंदगी झील में समा गई। झील में प्लास्टिक, पन्नियां, बोतलें तैरती नजर आ रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र झील की सफाई कराने की मांग की है।

### कुमाउनी गीत संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

**भीमताल :** ध्येय संस्था की ओर से कुमाउनी गीत संगीत प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट राहुल जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत वीडियो भेजने की अंतिम तिथि 20 अगस्त है। कलाकारों को अपनी लेटेस्ट प्रस्तुति का 3 से 5 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड व्हाट्सएप नंबर 7456975566 में भेजना है। प्रस्तुति कुमाऊं की गीत, संगीत, नृत्य एवं संस्कृति पर आधारित होनी चाहिए। प्रथम पुरस्कार के रूप में 15,000, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 10,000, अतिथि पुरस्कार के रूप में 5,000 रुपये दिए जाएंगे।

### सरस्वती विहार और सैनिक-बी ने जीते मैच

**नैनीताल :** सीआरसीटी ओल्ड बॉयज क्लब की ओर से आयोजित 76वें एचएन पांडे स्वतंत्रता दिवस चिल्ड्रन फुटबाल टूर्नामेंट के तृतीय दिन दो मैच खेले गए। प्रथम मुकाबला सरस्वती विहार दुर्गापुर तथा बाल संसार ज्योलीकोट के मध्य खेला गया। जिसमें सरस्वती बिहार दुर्गापुर ने शून्य के मुकाबले 7 गोलों से जीत हासिल की। मध्यांतर तक सरस्वती विहार ने 3-0 से बढ़त बनाये रखी। दूसरे हाफ में 4 और गोल कर दुर्गापुर ने जीत हासिल की। दुर्गापुर की ओर से मानव व दक्ष ने 2-2 व अथर्व, गौरव और वीहान ने 1-1 गोल किये। दूसरा मुकाबला सैनिक स्कूल-बी और हरमन माइनर के मध्य खेला गया। जिसमें सैनिक स्कूल बी 2-0 से मैच जीता। मैच में अमित, नकुल सिंह एवं विमल निर्णायक रहे।

### मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना को छात्रों का चयन

**भीमताल/कालाढूंगी :** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना 2024-25 के लिए ओखलकांडा ब्लॉक से 10 छात्रों और 11 छात्राओं का चयन हुआ है। ग्रामसभा टांडा से सर्वाधिक चार छात्र-छात्राओं सूरज सिंह बोहरा, पूजा परगांई, कोमल का लगातार 3 बार चयन हुआ है, जबकि दिव्या का प्रथम बार चयन हुआ। ओखलकांडा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के मदन परगाई ने सभी छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी है। इधर, कालाढूंगी कैंप की नमिता आर्य ने 10 से 11 वर्ष आयु वर्ग उदीयमान खिलाड़ी योजना में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नमिता आर्य खो-खो प्रशिक्षण शिविर की खिलाड़ी और पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कालाढूंगी की छात्रा है। इसके साथ ही कालाढूंगी कैंप की मानसी सैनी, वंशिका भट्ट एवं दिव्या ने भी यह परीक्षा पास की है। खेल प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह नेगी, प्रशिक्षक मनमोहन बसेड़ा, प्रधानाचार्य बसंती अधिकारी एवं व्यायाम प्रशिक्षक नीमा त्रिपाठी ने बधाई दी है।

### माल रोड में दो युवकों के बीच हुई मारपीट, चालान

**नैनीताल :** मालरोड में देर रात दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। मामला थाने पहुंचा तो पुलिस ने युवकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी एक युवक मालरोड में टहल रहा था, तभी किसी बात को लेकर उसकी एक अन्य युवक से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ा तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस युवकों को तल्लीताल चौकी ले आई। जहां युवकों के बीच दोबारा बहस हो गई। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान में मारपीट करने पर दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ देना सरकार की प्राथमिकता

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोड़ाखाल मंदिर में पूजा-अर्चना कर की प्रदेश की सुख-शांति व समृद्धि की कामना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को घोड़ाखाल मंदिर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गोलू देवता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। साथ ही राज्य और देश की सुख शांति, समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य विकास की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने बाबा केदारनाथ में पूजा-अर्चना कर कहा था कि राज्य में तेज गति से हो रही आधारभूत सुविधाओं के विकास और राज्य सरकार के निर्णयों को देखते हुए 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। उसी कथन के आधार पर आज राज्य में विकास कार्य, हर वर्ग और गांव के अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की मदद से लोगों को नई योजनाओं की जानकारी और समस्या का समाधान घर बैठे मिल रहा है।



घोड़ाखाल मंदिर में गोलू देवता की पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, साथ में विधायक सरिता आर्य।




श्यामखेत क्षेत्र में पौधरोपण करते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

**17 हजार से अधिक लोगों को किया गया रेस्क्यू :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के संवेदनशील इलाकों में प्राकृतिक आपदा आ रही है। जिला प्रशासन की टीम लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी है। प्रशासन की टीम आपदा के बचाव के लिए जागरूक कर रही है। आपदा में फंसे लोगों को स्वास्थ्य, भोजन, पानी व अन्य सुविधा दी जा रही है। अब तक करीब 17 हजार से अधिक लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वन विभाग और पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण किया।

कहा कि हर किसी को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करना चाहिए। इस दौरान मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल डब्बू, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भावना मेहरा, मंडल अध्यक्ष पंकज अद्विती, शिवांशु जोशी, डीएफओ चंद्र शेखर जोशी, टीआर बीजूलाल मौजूद रहे।



हल्द्वानी में केसरवानी समाज के सावन महोत्सव में शामिल महिलाएं।

# केसरवानी महिला समिति ने मनाया सावन महोत्सव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** केसरवानी महिला समिति ने रविवार को रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में नागपंचमी महोत्सव और सावन उत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में महिलाएं सावन के गीतों पर जमकर झूमीं। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताएं में भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में केसरवानी समाज की महिलाएं पारंपरिक परिधानों के साथ सज-धजकर पहुंचीं। इस मौके पर पहले चरण में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। सावन के गीतों पर महिलाओं ने शानदार नृत्य भी प्रस्तुत किया। बागवान नृत्य नाटिका की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का संचालन शालिनी गुप्ता और उदिता गुप्ता ने किया। इस मौके पर सारांशिका, कुसुमलता केसरवानी, मंजू केसरवानी, अध्यक्ष गीतू केसरवानी, महामंत्री बबीता केसरवानी, कोषाध्यक्ष कल्पना केसरवानी, शालिनी, ज्योति, बबीता, रक्षा, अंकिता मौजूद रहीं।

# जयश्री बनी क्वीन, प्रगति व नियति उप विजेता

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महोत्सव की शुरुआत महिलाओं ने कैट वॉक से की। इस दौरान सजना है मुझे सजना के लिए गाने पर महिलाओं ने शानदार प्रस्तुति दी।

इसके बाद रंगीलो सावन आयो थीम पर एकल नृत्य में आया सावन झूम के, गुलाबी शरारा, बेडु पाको आदि गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। अंत में तीज क्वीन के लिए विभिन्न चरणों की प्रतियोगिता हुई। जिसमें जयश्री को तीज क्वीन चुना गया। जबकि प्रगति जैन एवं नियति को उप विजेता खिताब से सम्मानित किया गया। सर्वोत्कृष्ट केश सज्जा (बेस्ट हेयर स्टाइल) के लिए लीला राज, उत्कृष्ट वेशभूषा (बेस्ट ड्रैस) के लिए शिखा एवं कैट वॉक के लिए प्राची आर्या ने पुरस्कृत किया गया। एकल नृत्य में गीता साह, कंचन जोशी, दिव्या साह, बबीता, प्रभा पुंडीर, मोनिका, नीमा, पल्लवी, अमिता साह, शिवानी ग्रेवाल को पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने सम्मानित किया। तीज महोत्सव में क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंढ़ियाल, सचिव दीपा पांडे, संयोजक सीमा सेठ, सह संयोजक ज्योति वर्मा, हेमा भट्ट, गीता साह, जीवंती भट्ट, अमिता साह, कविता त्रिपाठी, मीनू बुधलाकोटी, रमा तिवारी, रमा भट्ट, मधुमीता, संगीता श्रीवास्तव, अमिता साह शेरवानी, आभा साह, कविता, रेखा जोशी मौजूद रहे। संचालन मीनाक्षी कीर्ति, दीपा पांडे, ज्योति वर्मा, सीमा सेठ एवं ज्योति ढौंढ़ियाल ने किया।



नैनीताल में लेक सिटी वेलफेयर क्लब के तीज महोत्सव में शामिल महिलाएं।



रामनगर में तीज महोत्सव के दौरान महिलाएं।

### आरती अग्रवाल चुनीं गईं तीज क्वीन

**रामनगर, अमृत विचार :** एक रिजॉर्ट में आयोजित तीज महोत्सव में महिलाओं ने जमकर धमाल मचाया। महिलाओं ने न केवल सावन के गीतों का आनंद लिया, बल्कि पुरानी परंपरा के आधार पर जमकर नृत्य भी किया। तीज से संबंधित कई खेल भी खेले गए। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आरती अग्रवाल को तीज क्वीन का खिताब दिया गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को तीज की बधाई दी। इस अवसर पर अनुभा शर्मा, माया रावत, मंजू हालसी, डॉली रावत, अनिता शर्मा, अनिता रावत, निशि, नेहा, आरती, मेघा, खुशबू, पूनम, मीता, रंजना, रति ने सावन के गीतों पर शानदार नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन अनुभा शर्मा ने किया।

# खनस्यू से रीखाकोट तक सड़क बंद, लोग परेशान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि जनपद में मोटर मार्गों के बंद होने और खुलने की सूचना देते रहते हैं, मगर भीमताल विधानसभा के ओखलकांडा ब्लॉक में खनस्यू से रीखाकोट तक सड़क बीती दो जुलाई से बंद है। जिस कारण क्षेत्र के किसानों को अपने कृषि उत्पादों को मंडी भेजने के लिए पांच किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क बंद होने की सूचना जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों को दी है, लेकिन अभी तक सड़क नहीं खुल पाई है। खनस्यू के क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि गोस्वामी ने बताया कि उक्त सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) विभाग ने काफी समय पहले बनाई थी। इस सड़क में पुल का निर्माण भी होना है जो पिछले एक वर्ष से बन रहा है। पुल निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है।

बीडीसी सदस्य रवि गोस्वामी, किशोर पलड़िया, शिव सिंह, रूप सिंह, देवकी देवी का कहना है कि यदि वैकल्पिक मार्ग ठीक हो जाता तो उन्हें वाहन से सब्जियां मंडी पहुंचाने में आसानी होती। इधर, पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता का कहना है कि जल्द ही वैकल्पिक मार्ग खोल दिया जाएगा।



खनस्यू-रीखाकोट सड़क से कृषि उत्पाद लाते काश्तकार। ● अमृत विचार

# कई स्थानों पर बिजली के पोल हुए क्षतिग्रस्त

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बाजार क्षेत्र में लटकते बिजली के तारों के बाद अब क्षतिग्रस्त पोल लोगों के लिए समस्या बन रहे हैं। शिकायतों के बाद भी ऊर्जा निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों में कई बिजली के पोल जड़ों में जंग लगने के कारण सड़ चुके हैं। जिससे कभी भी लाइन क्षतिग्रस्त हो सकती है। शहर वासियों की ओर से स्टोनले कंपाउंड में एक झुके पोल की फोटो सोशल मीडिया में डाली गई है।

वहीं तल्लीताल में एक सड़े बिजली के पोल की भी फोटो लोगों ने सोशल मीडिया में डाली गई है। उन्होंने शीघ्र क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने की मांग की है। इधार, ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि क्षतिग्रस्त पोलों की सूचनाएं मिली हैं, जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नगर के बीच कूड़ा जमा करने से रोष

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** एक ओर शासन द्वारा नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं पर वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका ने नगर के वार्ड संख्या संख्या सात सिडकुल की भूमि पर पूरे नगर का कूड़ा एकत्र करने का स्थान बना दिया है। जिस कारण हर समय आसपास गंदगी के साथ साथ बदबू फैली रहती है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक कई बार नगर पालिका प्रशासन को बताने के बावजूद इसको नगर पालिका हटाने को तैयार नहीं है। वहीं प्रभावित लोग बताते हैं कि नगर पालिका द्वारा पहले यहां पूरे नगर का कूड़ा वाहनों द्वारा लाया जाता है और एकत्र किया जाता है। इससे प्लास्टिक, बोतल और अन्य सामग्री एकत्र कर बाहर भेज दी जाती है और बाकी कूड़ा वाहनों के द्वारा बाहर भेजा जाता है। लेकिन फिर भी काफी मात्रा में कूड़ा यहां एकत्र रहता है जिस कारण पर्यावरण प्रभावित होता है। स्थानीय जनता ने एक बार फिर से नगर पालिका से यहां से कूड़ा स्थान अन्यत्र ले जाने की मांग की है। मालूम हो कि जिस स्थान पर यह कूड़ा एकत्र होता है वहां से कुछ ही मीटर की दूरी पर पुलिस क्षेत्राधिकारी का कार्यालय, विकास भवन कालोनी, कई प्रशासनिक अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी का आवास स्थित हैं।



जहां कूड़ा एकत्र किया जाता है उस क्षेत्र से गुजरना मुश्किल होता जा रहा है। गंदगी के साथ साथ दुर्गंध से जनता खासी परेशान है। इससे संक्रामक रोगों का भी खतरा बना है। -**कमल रौतेला**, स्थानीय निवासी



जिस स्थान पर कूड़ा एकत्र किया जाता है वहां पर कूड़ा बीनने वाले हमेशा रहते हैं। जनता प्रभावित है। नगर के बीचों बीच इस प्रकार का सेंटर होना ठीक नहीं है। -**राजकमल**, स्थानीय निवासी



कूड़े के चक्कर में भोजन की तलाश में जंगली जानवर हमेशा वहां झाड़ियों में मौजूद रहते हैं। कभी भी घटना घट सकती है। इसको नगर पालिका को हटा देना चाहिए। -**शामू**, स्थानीय निवासी

सिडकुल की भूमि पर बने इस कूड़दान को हटाने के लिए कई बार नगर पालिका को कहा गया है। बकायदा पत्र भी जारी किया गया है। कई स्थानीय लोगों की दुर्गंध को लेकर शिकायतें आ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ सरकारी जमीन पर कब्जा भी है। -**कमल कफल्टिया**, क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल

# सड़कों पर घूम रहे आवारा पशु

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम ने आंकड़े जारी कर कहा कि प्रतिदिन आवारा गौवंश पशुओं को पकड़ने का काम किया जा रहा है। 12 दिन के अंदर 109 गौवंश पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा गया है। सबसे ज्यादा गौवंश पशुओं की संख्या रामपुर रोड पर है। इसके अलावा नैनीताल रोड पर भी जहां-तहां सड़कों पर गौवंश पशु घूमते दिख जाते हैं। इनकी वजह से सड़क पर जाम लगता है। साथ ही जानलेवा हादसे भी होते हैं। गत वर्ष अक्टूबर माह में एक व्यक्ति की जान गौवंश पशु के हमला करने से चली गई थी। इसके अलावा रामपुर रोड पर एक दोपहिया वाहन सवार भी गौवंश पशु से टकरा गया था। हादसे के बाद उसकी जान चली गई। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि कुछ लोग अपने पशुओं को खुले में छोड़ रहे हैं। इन पर कार्रवाई की जा रही है।

# इसरो के निशुल्क पाठ्यक्रम एमबीपीजी में होंगे संचालित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 35 से अधिक निशुल्क कोर्स का लाभ एमबीपीजी कॉलेज के छात्र उठा सकेंगे। इसरो की उपशाखा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस) ने एमबीपीजी कॉलेज को नोडल सेंटर बनाया है। आईआईआरएस आउटरीच प्रोग्राम के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश कर्नाटक ने बताया कि इसरो की ओर से हर साल स्पेश रिसर्च, रिमोट साइंस आदि पर निशुल्क ऑनलाइन कोर्स कराए जाते हैं। भारत के 3,500 से अधिक कॉलेज इससे जुड़े हैं। दुनिया के 170 देशों के दो लाख से अधिक शिक्षार्थी इन अवेयरनेस ओरिएंटेड पाठ्यक्रमों का लाभ लेते हैं। इसमें यूजी, पीजी के शिक्षार्थी और पीएचडी के शोधार्थियों को एडवांस टेक्नोलॉजी की जानकारी दी जाती है। एक दिन की वर्कशॉप से लेकर चार महीने के 35 से अधिक पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। विद्यार्थी अपनी-अपनी पसंद के अनुसार पाठ्यक्रम चुन सकते हैं।

### 27 अगस्त से 20 सितंबर तक चलेंगे ऑनलाइन कोर्स

एमबीपीजी कॉलेज में आईआईआरएस आउटरीच प्रोग्राम इसरो के नोडल सेंटर के कॉर्डिनेटर डॉ. नरेंद्र सिजवाली ने बताया कि 27 अगस्त से 20 सितंबर तक कॉलेज में रिमोट सेंसिंग और डिजिटल इमेज एनालिसिस पर चार हफ्ते के ऑनलाइन कोर्स चलाए जाएंगे। 12वीं तक गणित के कोई भी विद्यार्थी इस कोर्स में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें इसरो के साइंटिस्ट और अन्य विशेषज्ञ ऑनलाइन व्याख्यान देंगे।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
पढ़ते रहिए अपना अखबार
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | : | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| गौलापार | मनोज शर्मा | : | 9759921464 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज़ एजेंसी | : | 8445072215 |
| बाजपुर | अकील अहमद | : | 9837146215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |

**आज का मौसम**

धूप के साथ बारिश होने की संभावना

36.2° अधिकतम तापमान | 26.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.35 | सूर्यास्त 07.01

## एक नजर

### राज्य आंदोलनकारियों की बैठक आज

**रामनगर :** आगामी 17 अगस्त को होने वाले सम्मेलन की तैयारी को लेकर सोमवार (आज) को लोनिवि विश्राम गृह हल्द्वानी में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक होगी। समिति के सदस्य प्रभात ध्यानी ने बताया कि बैठक में राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री धीरेंद्र प्रताप सहित नैनीताल, हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, भीमताल, भवाली, कालाढूंगी के प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इसमें राज्य की अवधारणा से जुड़े प्रमुख बिंदुओं को ज्ञापन में शामिल करने के अलावा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कमेटियों का गठन किया जाएगा। बैठक दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

### जल संस्थान कार्यालय में तालाबंदी कल

**रामनगर :** मोहल्ला मोतीमहल में पिछले 20 दिन से पानी नहीं आने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कई बार विभाग से पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। रविवार को बैठक कर लोगों ने कहा कि मंगलवार को जल संस्थान कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल संस्थान के अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया जाएगा। बैठक में राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, महेंद्र कश्यप, दीवान नयाल, बलवंत बिष्ट, महेश कश्यप मौजूद थे।

### पानी की मोटर और मोबाइल चोरी

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के पप्पू का बगीचा निवासी वसीम के घर में शनिवार रात घुसे चोरों ने मोबाइल और घर में लगी पानी की मोटर पर हाथ साफ कर लिया। रविवार की सुबह जब वसीम सोकर उठे तो गायब मोबाइल व मोटर देख हैरान रह गए। इसकी सूचना तुरंत उन्होंने पुलिस को दी। वसीम की तहरीर पर बनभूलपुरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# नवोदय विद्यालय कोटाबाग से 103 छात्राओं को घर ले गए अभिभावक

## अव्यवस्थाओं के खिलाफ अभिभावक संघ और अभिभावकों ने किया विद्यालय में हंगामा

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्यात कोटाबाग में अव्यवस्थाओं को लेकर रविवार को अभिभावकों का पारा चढ़ गया। उन्होंने अभिभावक संघ के पदाधिकारियों के साथ विद्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया और 103 छात्राओं को घर ले गए। इस घटना से विद्यालय प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए।

अभिभावकों का कहना था कि कई बार अव्यवस्थाओं को लेकर उप जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। रविवार को अभिभावक संघ के अध्यक्ष नवीन भट्ट अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया। अभिभावकों ने उप प्रधानाचार्य अरविंद गेंजवाल से कहा कि विद्यालय में अनुशासन की भारी कमी है। विद्यालय में 349 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं, जिसमें 160 छात्राएं हैं। रात के समय वार्डन या शिक्षिकाएं न रहने से छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



उप प्रधानाचार्य से वार्ता करते अभिभावक संघ के अध्यक्ष व अभिभावक।

**03 सौ 49 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं विद्यालय में, जिसमें 160 हैं छात्राएं**

उन्होंने स्वच्छता में भी अनियमितता का आरोप लगाया। छात्राओं की सुरक्षा की मांग करते हुए अभिभावक विद्यालय से छात्राओं को लेकर जाने लगे। देर शाम तक करीब 103 छात्राओं को अभिभावक घर लेकर चले गए थे। कहा कि जब तक विद्यालय में अव्यवस्थाएं रहेंगी, तब तक वे बच्चों को विद्यालय नहीं भेजेंगे।

इधर, उप प्रधानाचार्य अरविंद गेंजवाल ने बताया कि अभिभावकों को काफी समझाया गया पर वह नहीं माने। 15 दिन बाद छात्राओं के यूनिट टेस्ट होने हैं, इससे उनकी पढ़ाई पर भी असर पड़ेगा। इस दौरान प्रभाकर, हरीश चंद्र, मुकेश त्रिपाठी, गजेन्द्र सिंह जीना, जगदीश चंद्र, गीता देवी, पूरन राम, आनंद गोस्वामी, मीना देवी, राधा देवी सहित सैकड़ों अभिभावक मौजूद थे।

> विद्यालय में काफी अनियमितताएं हैं। सीनियर छात्रों की ओर से जूनियर छात्रों को परेशान करने की आये दिन शिकायत आती है। छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर वार्डन नहीं है।
> **- नवीन भट्ट**, अध्यक्ष अभिभावक संघ

> कुछ दिन पूर्व शिक्षकों के घर चले जाने पर मेरे पुत्र के साथ बड़े छात्रों ने मारपीट की। पुत्र के सिर पर गंभीर चोट आई है। विद्यालय प्रशासन मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है।
> **- ललित कब्डाल**, अभिभावक

> छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं को रहने के लिए भेजा जा रहा था। अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए प्रयास हो रहे हैं। अभिभावकों की कई मांगे हैं, जो स्थानीय स्तर पर पूरी नहीं हो सकती। उच्चाधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया गया है।
> **- सत्य नारायण**, खंड शिक्षा अधिकारी

## स्कूटी सवार छात्रों को कुचलने की कोशिश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** घर से बाजार के लिए निकले स्कूटी सवार छात्रों को कार सवार ने टक्कर मार दी। रोकने की कोशिश पर कार सवार ने छात्रों को कुचलने की कोशिश की और फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार शिवालिक विहार कैनाल रोड काठगोदाम निवासी अमित पंत और हाईडिल गेट निवासी अमन सिन्हा कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) की तैयारी कर रहे हैं। सितंबर माह में अमन की सेना भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा है।

शनिवार को दोनों स्कूटी से बाजार के लिए निकले थे। मुखानी में क्रियाशाला रोड पर एक कार चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। अमित ने कार चालक को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने दोनों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। साथ ही खुद को बीएसएफ का कर्मी और पुलिस में रिश्तेदार अधिकारियों के होने की बात कहकर धमकाया। परिजनों ने दोनों छात्रों को बेस अस्पताल पहुंचाया। शनिवार शाम हीरानगर चौकी में छात्रों ने तहरीर दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अमित के पैर में छह टांके लगे हैं और अमन के पैर में गुम चोट है।



एमबीपीजी कॉलेज के बाहर से फास्ट फूड वालों को खदेड़ती पुलिस। ● अमृत विचार

# एमबीपीजी के बाहर से हटा अवैध फास्ट फूड बाजार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कार्रवाई**
- फास्ट फूड की दुकानों की आड़ में होती थी शराब पार्टी
- सीओ के आदेश पर भोटिया पड़ाव पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** शराबियों का अड्डा बन चुकी एमबीपीजी कॉलेज के सामने की सड़क पर पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया। पुलिस ने यहां लगने वाले फास्ट फूड के ठेलों और वैन को खदेड़ दिया। साथ ही दोबारा ठेले और वैन लगाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि शाम ढलते ही नैनीताल रोड स्थित एमबीपीजी कॉलेज के बाहर वेज और नॉनवेज का फास्ट फूड बाजार सज जाता था। इस बाजार की आड़ में कॉलेज के बाहर शराब पार्टी होती थी। देर रात तक महफिलें सजतीं और असामाजिक तत्व शराब पीकर हुड़दंग मचाते थे। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सीओ नितिन लोहनी ने कॉलेज के बाहर अतिक्रमण जमाए बैठे दुकानदारों को हटाने के आदेश दिए। जिसके बाद रविवार शाम भोटिया पड़ाव पुलिस ने अभियान चलाया और सभी को एमबीपीजी कॉलेज के बाहर से खदेड़ दिया।

# जिले में दो राज्यमार्ग सहित छह सड़कें बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

- हल्द्वानी से कालाढूंगी, रामनगर से भंडारपानी राज्यमार्ग बंद
- हैड़ाखान मार्ग पर बार-बार गिर रहा पहाड़ी से मलबा

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले में दो राज्यमार्ग सहित छह मार्ग बंद चल रहे हैं। जिन्हें खोलने का प्रयास किया जा रहा है। बारिश रुकने के बाद मार्गों को खोलने का काम तेजी से चल रहा है। विगत दिनों हुई भारी बारिश के बाद जिले में कई मार्ग बंद हो गए थे। इनमें से कुछ मोटर मार्गों को खोल दिया गया। हालांकि अभी भी हल्द्वानी से कालाढूंगी और रामनगर से भंडारपानी राज्यमार्ग बंद है।

हल्द्वानी से कालाढूंगी मार्ग चकलुवा के पास पुलिया बहने से बंद हुआ है। लोनिवि यहां वैली ब्रिज बनाने की बात कह रहा है। अनुमान है कि अगले 15 दिनों में ब्रिज बनकर तैयार हो जाएगा। फिलहाल वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से आगे भेजा जा रहा है, लेकिन चकलुवा क्षेत्र के आसपास रहने वालों को काफी दिक्कत हो रही है। इसके अलावा देवीपुरा से सौड, भंडारपानी से अमोता, पिनसालीधार से पिनसेला और डौनपरेवा से अमगढ़ी मोटर मार्ग बंद हैं। वहीं, काठगोदाम से तीन किलोमीटर दूर हैड़ाखान मार्ग पर बार-बार मलबा आ रहा है। इस वजह से ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। लोनिवि भीमताल खंड के ईई मनोज पांडे के अनुसार मार्ग पर प्रभावित क्षेत्र में जेसीबी तैनात की गई है।

## बारिश थमने के बाद तापमान में हुई वृद्धि

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बारिश का सिलसिला थमने के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगी है। लोग गर्मी और उमस से परेशान हो रहे हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि काठगोदाम क्षेत्र में 67 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

रविवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप भी निकलती रही। पारा चढ़ने से दोपहर तक अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक ही दिन में अधिकतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस का उछाल आया है। रात को लोगों को गर्मी से काफी राहत मिल रही है। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नैनीताल जिले में सोमवार को बारिश की संभावना जताई है।

# पांचवें दिन सिंचाई गूल में मिला रिजवान का शव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रिजवान के साथ भी ठीक वैसा ही हुआ, जैसा आकाश के साथ हुआ था। काठगोदाम के देवखड़ी नाले में बहे आकाश का शव भी पांचवें दिन बरामद किया गया था। ठीक उससे कुछ दूर जहां रविवार को सिंचाई गूल से रिजवान का शव मिला। उसका शव सड़ी-गली हालत में स्थानीय लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। रिजवान की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बनभूलपुरा स्थित शनि बाजार में रहने वाले मोहम्मद हसनैन का आठ वर्षीय बेटा 31 जुलाई की शाम करीब 5 बजे लापता हुआ था। बारिश के बीच परिजनों ने उसे दुकान से चीनी खरीदकर लाने को कहा था। घर से छाता लेकर निकले रिजवान के साथ उसका एक दोस्त भी था। बारिश के बीच नाले के किनारे-किनारे जा रहे रिजवान का अचानक पैर फिसला और वह उफान पर आये शनि बाजार नाले में गिर गया। बहाव इतना तेज था कि घटना के तुरंत बाद लोगों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन रिजवान नजर नहीं आया। घटना के तुरंत बाद से पुलिस, एसडीआरएफ और नगर निगम की टीमें उसकी तलाश कर रही थीं, लेकिन उसका पता नहीं चला।



घटनास्थल पर मौजूद एसडीएम, सीओ सिटी व स्थानीय लोग।

रविवार की सुबह जयपुर बीसा के स्थानीय लोगों ने मुख्यमार्ग से करीब 100 मीटर अंदर जंगल की तरफ जा रही सिंचाई गूल में एक शव फंसा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही एसडीएम परितोष वर्मा, सीओ सिटी नितिन लोहनी और बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को गूल से निकाल कर सूचना रिजवान के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त रिजवान के तौर पर की। हालांकि शव बेहद बुरी स्थिति में था। जिसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव जब घर पहुंचा तो चीख-पुकार की आवाजों से पूरी गली गूंज उठी। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रविवार शाम शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

**दुखद**
- 31 जुलाई को शनि बाजार नाले में बहा था रिजवान
- रविवार को सड़ी-गली हालत में लोगों ने देखा शव

# भाई ने बहन की सास को घोंपा चाकू, हालत नाजुक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद ने रविवार को जीतपुर नेगी में खूनी रंग ले लिया। भाई ने पड़ोस में रहने वाली बहन की सास पर चाकू से हमला कर दिया। एक के बाद एक दो वार से सास लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। शोर-शराबा हुआ तो आरोपी घटना स्थल से फरार हो गया। गंभीर हालत में घायल महिला को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि जीतपुर नेगी निवासी गंगा देवी (55 वर्ष) पत्नी श्याम सिंह यहां अपने पति, बेटे और बहू शीला के साथ रहती है। सभी मजदूर हैं। शीला का भाई शीशगढ़ निवासी अर्जुन भी पड़ोस में किराए पर पत्नी के साथ रहता है। अर्जुन का उसकी पत्नी के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा है। लोगों के अनुसार पति-पत्नी दोनों लड़ते रहते हैं। गंगा देवी बार-बार अर्जुन पर अपनी पत्नी को तलाक देने का दबाव बना रही थी और अर्जुन इसके खिलाफ था। रविवार को अर्जुन चाकू लेकर गंगा देवी के घर में घुस गया।

अर्जुन और गंगा देवी में तीखी बहस हो गई। इतने में अर्जुन ने कमर से चाकू निकाला और गंगा देवी पर लगातार दो वार कर दिए। गंगा लहूलुहान हालत में घर से दौड़ती हुई निकली और सड़क पर गिर गई। यह देख इलाके में हल्ला मच गया। खुद को फंसता देख आरोपी अर्जुन मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंगा देवी को अस्पताल में भर्ती कराया। टीपीनगर चौकी प्रभारी ने बताया कि गंगा की हालत खराब है। घर में अभी शीला के अलावा कोई नहीं है। आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।



डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती चाकू के हमले में घायल गंगा देवी।

### अर्जुन की पत्नी की दूसरी शादी कराना चाहती थी गंगा

**हल्द्वानी :** अर्जुन की अपनी पत्नी से नहीं बनती थी। उन दोनों के बीच रोज होने वाले विवाद से पड़ोसी भी परेशान थे। चूंकि अर्जुन की बहन शीला ससुरालियों के साथ पड़ोस में रहती थी तो सास गंगा का अर्जुन के घर में हस्तक्षेप भी ज्यादा होने लगा। गंगा, अर्जुन की पत्नी की कहीं और शादी कराना चाहती थी और यही विवाद की असल जड़ थी।

### अर्जुन ने पहले ही बना ली थी हत्या की योजना

**हल्द्वानी :** बताया जा रहा है कि अर्जुन, गंगा देवी से तंग आ चुका था। वह बार-बार परिवार में हस्तक्षेप करने से परेशान था। ऐसे में उसने गंगा की हत्या करने की योजना बना ली थी। घटना को अंजाम देने से पहले ही वह चाकू खरीदकर लाया था और घटना के दिन हत्या के इरादे से ही घर में घुसा था।

# ट्रेन से कटा नायब सूबेदार का हाथ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** छुट्टी पर घर लौट रहे कुमाऊं रेजीमेंट के नायब सूबेदार का हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरते समय पैर फिसल गया और ट्रेन की चपेट में आकर हाथ कट गया। उन्हें तुरंत डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बरेली आर्मी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

क्वैरला द्वारसैन अल्मोड़ा निवासी राजेंद्र सिंह अधिकारी कुमाऊं रेजीमेंट के 111 आईएनएफ बीएन बटालियन में नायब सूबेदार हैं। वह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में तैनात हैं। वह लखनऊ से बाघ एक्सप्रेस में सवार हुए। एसओ जीआरपी नरेश कोहली ने बताया कि रविवार को सुबह करीब साढ़े 9 बजे प्लेटफॉर्म नंबर दो पर ट्रेन जब काठगोदाम के लिए रवाना हुई तो उन्होंने उतरने का प्रयास किया और तभी उनका पैर फिसल गया। वह प्लेटफार्म पर गिर पड़े और उनका बायां हाथ ट्रेन के पायदान में फंसकर कट गया। ड्यूटी पर तैनात जीआरपी के हेड कांस्टेबल देवीदत्त पांडे, रेलवे सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल गिरीश चंद, होमगार्ड तीरथ सिंह और चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य भूपेंद्र नेगी ने आनन-फानन में नायब सूबेदार को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें बरेली स्थित आर्मी अस्पताल रेफर कर दिया गया।



नायब सूबेदार का इलाज करती चिकित्सक।

कोहली ने बताया कि घटना के बाद सैन्यकर्मी के हल्द्वानी निवासी मामा और परिजनों को सूचना दे दी गई थी। घायल का इलाज बरेली सेना अस्पताल में चल रहा है।

### एक ऑटो से हाथ, दूसरे से ले जाया गया सैन्यकर्मी

घटना के तुरंत बाद फोन कर एंबुलेंस की मदद मांगी गई, लेकिन नायब सूबेदार का हाथ कट कर अलग हो चुका था और खून तेजी से बह रहा था। जिसके चलते सैन्यकर्मी बेहोश हो गया। ऐसे में एंबुलेंस का इंतजार करने के बजाय स्टेशन में तैनात आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों ने बिना समय गंवाए घायल को ऑटो से अस्पताल पहुंचाया। जबकि दूसरे ऑटो से उसका कटा हाथ लेकर कर्मी अस्पताल पहुंचे।

# छेड़छाड़ के आरोपी पूर्व अधिकारी को जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**प्रकरण**
- मुखानी थाना क्षेत्र में दुकान में बुलाकर किया था कृत्य
- पुलिस ने विशेष मजिस्ट्रेट की अनुमति से की कार्रवाई

**अमृत विचार :** स्कूल से लौट रही आठ वर्ष की छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोपी पूर्व खाद्य पूर्ति अधिकारी को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी के खिलाफ मुखानी थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार देर रात विशेष मजिस्ट्रेट की अनुमति से कार्रवाई की।

शनिवार की दोपहर करीब पौने दो बजे स्कूल की छुट्टी से घर लौट रही आठ वर्ष की छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में मुखानी थाना क्षेत्र के बिठौरिया नंबर एक स्थित जलवायु कॉलोनी निवासी पूर्व अधिकारी गोपाल सिंह के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले में देर रात विशेष मजिस्ट्रेट की अनुमति से हल्द्वानी उप कारागार भेज दिया गया। गिरफ्तारी से पहले महिला पुलिस कर्मी ने बच्ची और उसकी मां के बयान दर्ज किए थे। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि सोमवार को पॉक्सो कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने एक बार फिर 364 के बयान दर्ज कराए जाएंगे।

## बैंक्वेट हॉल के पास खड़ी बाइक चोरी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बैंक्वेट हॉल के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को इसकी जानकारी दी है। जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी सूरज कुमार ने बताया कि वह बीती 27 जुलाई को अपनी बाइक संख्या यूके 04यू 6747 से लगन मंडप हॉल के पास गया था। वहां वाइन शॉप वाली गली में उसने बाइक खड़ी कर दी। शाम सात बजे वापस आकर देखा तो बाइक वहां नहीं थी। बाद में पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो पता चला कि एक चोर बाइक को चोरी करके ले जा रहा है। पीड़ित ने मामले की जानकारी हीरानगर पुलिस चौकी के अलावा कोतवाली पुलिस को भी दी है। पुलिस वाहन को तलाश करने की बात कही रही है। हालांकि मामले में मुकदमा भी दर्ज नहीं हुआ है।

**निरीक्षण** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने लोनिवि अधिकारियों को दिए निर्देश

# दो सप्ताह के भीतर पूरा करें वैली ब्रिज का निर्माण

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने रविवार को हल्द्वानी-रामनगर हाईवे पर निर्माणाधीन वैली ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के अधिकारियों को दो सप्ताह के भती वैली ब्रिज का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने तथा बरसात के मौसम तक 24 घंटे जेसीबी खड़ी करने को कहा।

बीते दिन भारी बारिश से निहाल नाला उफान पर आ गया था। जिससे हल्द्वानी-रामनगर राजमार्ग पर चकलुवा के पास नाले में बनी पुलिया पूरी तरह बह गई थी। जिस वजह से काश्तकारों और स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। इसको देखते हुए विधायक बंशीधर भगत ने लोनिवि अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया। निहाल नाले के पानी से हल्द्वानी-कालाढूंगी मुख्यमार्ग का करीब चार मीटर हिस्सा बह जाने से यातायात बाधित हो गया है। वर्तमान में लोनिवि ने नाले में भारी वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया है। वहीं छोटे वाहनों को विदरामपुर-प्रतापपुर ग्रामीण मार्ग से भेजा जा रहा है। विधायक भगत ने अधिकारियों को शीघ्र वैली ब्रिज का निर्माण पूरा कर क्षेत्रवासियों को राहत देने के निर्देश दिये। इस दौरान लोनिवि के जेई गणेश सिंह रौतेला, अपर अभियंता ललित तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री विनोद बुडलाकोटी, गोपाल बुढलाकोटी, कैप्टन लक्ष्मण सिंह देउपा, क्षेत्र पंचायत सदस्य विरेन्द्र कुमार, दीवान बिष्ट, भुवन मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ वैली ब्रिज का निरीक्षण करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

# पार्टी में पीटे दूल्हा-दुल्हन न्यायालय ने दी थी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घरवालों से जान का खतरा था तो लड़की ने न्यायालय से सुरक्षा की मांग की और शादी कर ली। न्यायालय से सुरक्षा मिलने के बावजूद लड़की वाले रिसेप्शन पार्टी में पहुंच गए और मंच पर चढ़कर दूल्हा-दुल्हन से मारपीट की। पीड़ित ने मुखानी पुलिस को तहरीर भी सौंपी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

कृष्णा विहार फेज वन कुसुमखेड़ा निवासी चंदन सिंह नेगी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 28 अप्रैल 2024 को कुसुमखेड़ा स्थित बैंक्वेट हॉल में उनकी पुत्रबधू सिमरन के शादी समारोह का रिसेप्शन चल रहा था। इसी बीच नसीराबाद अजमेर राजस्थान निवासी हेम पुष्पा पत्नी राज मेहरा उर्फ बाबू, देवेश मेहरा पुत्र राज मेहरा, हेमंत सिंह रौतेला और उनकी पत्नी माही रौतेला रिसेप्शन में पहुंच गए। उन्होंने मंच पर चढ़कर दूल्हा-दुल्हन से मारपीट की और तोड़फोड़ कर दी। चंदन के मुताबिक शादी के लिए सिमरन ने राजस्थान हाईकोर्ट से सुरक्षा मांगी थी। सुरक्षा दिए जाने के कोर्ट के आदेश की कॉपी 15 अप्रैल को ही मुखानी थाने में दे दी थी। बावजूद इसके रिसेप्शन पार्टी में मुखानी पुलिस ने सुरक्षा नहीं दी।

विवाद के बाद तहरीर दी गई तब भी कार्रवाई नहीं की। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाई जाएगी मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की जयंती

**रामनगर :** अंबेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक में कुमाऊं केसरी राय बहादुर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। संयोजक रेवी राम खेरिया की अध्यक्षता व शिवराम टम्टा के संचालन में संपन्न बैठक में 26 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों को लेकर लोगों ने सुझाव दिये। साथ ही वर्तमान सामाजिक परिवेश में व्याप्त समस्याओं को लेकर संघर्ष करने पर विचार किया गया। तय हुआ कि जनहित में सभी सामाजिक आंदोलनों को समिति अपना समर्थन देगी। बैठक में प्रभा देवी, जगजीवन राम आर्य, मदन राम आर्य, सुरेश चंद टम्टा, विनोद अनजान एडवोकेट, फकीर राम आर्य, नंदराम आर्य, महेंद्र कुमार आर्य, राजा राम, नवाब अहमद आदि मौजूद थे।

### मीडिया सेंटर बनाने की घोषणा का स्वागत किया

**रामनगर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीएनजी डिग्री कॉलेज में मीडिया सेंटर बनाने की घोषणा की है। इस घोषणा का प्रोग्रेसिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने स्वागत किया है। गोविंद पाटनी, खुशाल रावत और दानिश खान ने कहा कि रामनगर में मीडिया सेंटर की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस मीडिया सेंटर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए, ताकि मीडिया कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें इधर-उधर न भटकना पड़े। एसोसिएशन ने कहा कि वे इस संबंध में पूरी मदद को तैयार हैं। सुझाव दिया कि भूमि चयन में सभी पत्रकार संगठनों को विश्वास में लिया जाए। एसोसिएशन की इस पहल से मीडिया कर्मियों में उत्साह का माहौल है। उम्मीद है कि मीडिया सेंटर उनके कार्य को सुगम और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



प्रतियोगिता के दौरान शतरंज खेलते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### नैनीताल में शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नैनीताल :** शारदा संघ एवं पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्व. एमएन बाजपेई स्मृति शतरंज प्रतियोगिता रविवार से शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व क्रीड़ाधिकारी जीएल साह ने किया। आयोजक सचिव ईश्वर दत्त तिवाड़ी ने बताया कि प्रतियोगिता में 68 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। पहले दिन संपन्न तीन चक्रों में दर्शील सुतेरी, श्रेयांस साहू तथा अतीक्ष सिंह जीना, धैर्य बोरा, इसिका बांगा, सक्षम, दर्शन, तक्षम साह तीन मैचों में सभी मैच जीत कर तीन अंक के साथ शीर्ष स्थान पर तथा आरव बंसल और शुभम पुरोहित ढाई अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा तेजस तिवारी, लवीस कुमार, भार्गव सती, रूचिर बिष्ट, ध्रुवांश भट्ट सहित कुल 22 खिलाड़ी दो अंकों के साथ तृतीय स्थान पर हैं। इस दौरान प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट, चन्द्र लाल साह, श्रीष चंद्र साह जगाती, सुरेन्द्र बिष्ट, श्रुति जोशी, हितेश साह, अनिल कुमार, मोहम्मद वसीम, ललित लमकोटी, धीरज बिष्ट, शेर सिंह बिष्ट, अनिल कुमार, राजेन्द्र उपाध्याय मौजूद रहे। प्रतियोगिता में नीरज साह, दिव्यांशु तेवाड़ी, तोषित तेवाड़ी आर्बिटर की भूमिका निभा रहे हैं।

# आरओबी निर्माण में मानकों की अनदेखी से फैला आक्रोश

## किसानों व व्यवसायियों ने विधायक डॉ. बिष्ट को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से तीनपानी के पास रेलवे क्रॉसिंग पर रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें संबंधित ठेकेदार की ओर से मानकों की अनदेखी की जा रही है। इससे क्षेत्रीय किसानों और व्यवसायियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेलवे क्रासिंग के पास बनाए जा रहे आरओबी निर्माण में ठेकेदार ने जानबूझकर अपने निजी फायदे के लिए पूर्व निर्धारित मानकों से कहीं ज्यादा निर्माण किया है। जिसके चलते स्थानीय किसानों और व्यवसायियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के चलते किसानों के खेत बर्बाद हो रहे हैं। वहीं राजमार्ग से सटे छोटे-छोटे कारोबारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने विधायक से पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान सचिन कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलबीर सिंह रावत, मनोज रावत, डॉ. सुष्मिता पंत, बीआर पंत, चंद्र बल्लभ खोलिया आदि शामिल थे।



विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट को ज्ञापन देते किसान व व्यवसायी। ● अमृत विचार

### जर्जर हुई विद्यालय की छत, खतरा बढ़ा

**गरमपानी :** सुनियाकोट गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत नौनिहालों की जिंदगी पर खतरा बढ़ता जा रहा है। दरकती छत बड़ी घटना की ओर इशारा कर रही है, बावजूद सुध नहीं ली जा रही। पंचायत प्रतिनिधियों व अभिभावकों ने खतरे के बाद भी अनदेखी करने पर नाराजगी जताई है।

पूर्व में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने विद्यालय का जायजा लिया था। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने भी विद्यालय का निरीक्षण किया, लेकिन मामले को पांच माह बीतने के बाद भी खतरा टालने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। बारिश में खतरा और बढ़ गया है। जिससे अभिभावक भी चिंतित हैं। पूर्व ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह परिहार, उप प्रधान शांति देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष आशा देवी, देव सिंह, हीरा सिंह, चंदन सिंह, लीला देवी, मुन्नी देवी समेत अभिभावकों ने प्रशासन ने विद्यालय की छत ठीक करने की मांग उठाई है।

### पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी

**भीमताल :** भागीरथी फाउंडेशन ने एक बार फिर निर्धन की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। फाउंडेशन ने चाफी भीमताल निवासी निशांत बेलवाल को पढ़ाई के लिए 2500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज भट्ट. सचिव भास्कर भगवाल, कोषाध्यक्ष आशीष पाठक, शिप्रा जोशी, भुवन भट्ट, रवि कुमार मौजूद थे।

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**लालकुआं, अमृत विचार :** नगर के वार्ड नंबर 4 में बीती रात अज्ञात चोर ने घर के बाहर से बाइक चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है। रमेश सक्सेना निवासी आजाद नगर वार्ड 4 ने पुलिस को बताया कि बीती रात उनके घर के बाहर बाइक खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। उन्होंने आसपास के कई इलाकों में खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। आसपास दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल की तो उसमें एक युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डीएस फर्त्याल ने कहा कि जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्वर्ण पदक विजेता अमन नंदन, जितेंद्र हुए सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मॉडर्न पेंटाथलन बायथल और ट्रायथल की द्वितीय स्टेट चैंपियनशिप एक और दो अगस्त को रुद्रपुर में संपन्न हुई। जिसमें रामनगर के तीन खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। तीनों खिलाड़ियों को विभिन्न संगठनों ने सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय रामनगर के छात्र अमन कुमार ने जूनियर बी 19 से 21 ट्राइथलॉन में स्वर्ण पदक जीता। वहीं अमन ने दो स्वर्ण पदक जीते। रामनगर छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष नंदन सिंह नेगी ने मास्टर बी वर्ग (उम्र 50 से 60 बर्ष) के ट्रायथल में स्वर्ण पदक जीता। नंदन नेगी इससे पूर्व लेजर रन मॉडर्न पेंटाथलन वर्ल्ड चैंपियनशिप जो झंगझाऊ चाइना में सम्पन्न हुई में मास्टर बी में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए खेल चुके हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्हें चौथा स्थान हुआ था। फुटबॉल कोच जितेंद्र बिष्ट को भी सम्मानित किया गया। बिष्ट ने मास्टर बी वर्ग (उम्र 50 से 60 बर्ष) के ट्रायथल में रजत पदक जीता है। यह कार्यक्रम कल्पतरु वृक्षमित्र समिति, नेकी की दीवार और रचनात्मक शिक्षक मंडल ने संयुक्त रूप से कोसी बायो डायबरसिटी पार्क टेड़ा में किया। बॉक्सिंग के राष्ट्रीय कोच रहे देवेंद्र भट्ट को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने पौधे भी लगाए। इस मौके पर अतुल मेहरोत्रा, तारा घिल्डियाल, नवेंदु मठपाल, केएस अधिकारी, भूपेंद्र मेहरा, कैलाश सत्यवली, सुमित कुमार, नंदराम आर्य, बालकृष्ण चंद, बीएस डंगवाल, जयपाल रावत, नवीन तिवारी, अनुपम शुक्ला, कैलाश सत्यवली, भारत सिंह रावत, मोहन बलोदी, अंकिता तिवारी, तनय पंचोली, प्रभात ध्यानी, विक्रम मावड़ी मौजूद रहे।



खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार



जंगलियागांव का निरीक्षण करतीं उप राजस्व निरीक्षक चंद्रा गोस्वामी। ● अमृत विचार

# गांव में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** विकासखंड भीमताल के ग्राम पंचायत जंगलियागांव का उप राजस्व निरीक्षक चंद्रा गोस्वामी ने निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी ली। साथ ही विपिन चंद्र पुत्र स्व. हरी राम के मकान की स्थिति देखी। कहा कि शीघ्र ही रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

इस दौरान शिमला गांव निवासी सुरेश चंद्र ने उप राजस्व निरीक्षक को बताया कि एकवे से भांकर तक बन रही रोड का मलबा किसानों की जमीन में आ रहा है। जिससे भविष्य में कभी भी बहुत बड़ी त्रासदी हो सकती है। हरीश चंद्र ने सुरक्षा दीवार गिरने से फसल दबने की जानकारी दी।

उप राजस्व निरीक्षक ने चनर राम के पुराने आवासीय भवन का भी निरीक्षण किया जो जीर्ण-शीर्ण हो रहा है। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से विपिन चंद्र से परिवार और मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील क। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने पिटौला नाले से शिमाला की ओ आ रहे मलबे को रोकने की मांग की। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम सिंह कुल्याल, ग्राम पंचायत सदस्य ललित मोहन आर्य, बिपिन चंद्र, सुरेश चंद्र, हरीश चंद्र, शंकर लाल, पीतांबर आर्य मौजूद रहे।

# पेंशनर्स मेधावी छात्रों को वितरित करेंगे छात्रवृत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राजकीय सेवानिवृत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसियेशन की बैठक रविवार को प्राथमिक विद्यालय के सभागार में अध्यक्ष मंजू बिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी।

तय हुआ कि जल्द ही एसोसिएशन नैनीताल के विभिन्न स्कूलों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करेगा। कार्यक्रम से पूर्व पौधरोपण, वृहद स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी एसोसिएशन से जुड़े पेंशनर्स को किसी भी समस्या के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है, वह प्राथमिकता से अपनी समस्या को एसोसिएशन की बैठक में रखें।

बैठक में गिरीश चंद्र उप्रेती, खुशहाल सिंह कार्की, केदार सिंह राठौर, त्रिलोक सिंह रौतेला, पान सिंह रौतेला, गंगा राम, चंद्रकला खोलिया, यतीन्द्र साह, उमेश चंद्र जोशी, एलके ठुस्सू, रेखा त्रिवेदी, लक्ष्मण सिंह नेगी, एचएस भैसोड़ा, एचएस मेहरा, हेमलता जोशी, ललित मोहन पांडे आदि थे। संचालन महासचिव बहादुर सिंह बिष्ट ने किया।

अंत में कार्यकारिणी का विस्तार कर गिरीश चंद्र उप्रेती को संरक्षक, आनंद राम को सलाहकार, मुन्नी थापा को संयुक्त मंत्री, ललित मोहन पांडे, केदार सिंह राठौर को संगठन मंत्री, लक्ष्मण सिंह नेगी कार्यालय मंत्री, सुनील साह प्रचार मंत्री, दीपक साह सह कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए।

# कैंची धाम में श्रद्धालुओं के लिए खुली डिस्पेंसरी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** कैंची धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा। स्वास्थ्य विभाग ने मंदिर परिसर में डिस्पेंसरी स्थापित कर दी है। इसके लिए स्थानीय लोगों व मंदिर प्रबंधन ने विभाग का आभार जताया है।

कैंची धाम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाबा नीब करौरी महाराज के दर पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत भी महसूस होती है। ऐसे में गरमपानी, भवाली, नैनीताल व हल्द्वानी को रुख करना पड़ता है। श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मंदिर परिसर में डिस्पेंसरी स्थापित कर दी है। बकायदा सीएचसी गरमपानी से एक फार्मासिस्ट व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की भी तैनाती की गई है। आवश्यक पड़ने पर सीएचसी से एंबुलेंस व चिकित्सकों की टीम भी उपलब्ध कराई जाएगी। डिस्पेंसरी में मरीजों के ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच के साथ ही आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश पंत ने बताया कि प्रत्येक शनिवार व रविवार को फार्मासिस्ट व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कैंची धाम स्थित डिस्पेंसरी में तैनात रहेंगे। जरुरत पड़ने पर चिकित्सकों की टीम व एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई जाएगी। डिस्पेंसरी स्थापित होने पर मंदिर प्रबंधन के प्रदीप साह भय्यू व क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान ग्राम प्रधान पंकज निगल्टिया, शकील अहमद, मनीष चौधरी मौजूद रहे।

# भाविप का प्रांतीय स्थापना दिवस मनाया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद उत्तराखंड (पूर्व) प्रांत का प्रांतीय स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रामनगर व अन्य स्थानों से आये शाखा सदस्यों ने देशभक्ति और महिला सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

गैस गोदाम रोड पर स्थित हुंडिवाल गार्डन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन और वन्दे मातरम् गायन के साथ हुई। इस दौरान मेधावी व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा वैवाहिक रजत जयंती वाले युगलों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आए 18 शाखाओं के 244 दायित्वधारियों एवं रामनगर शाखा के 100 से अधिक सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर सुनील खेड़ा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), डॉ. तरुण शर्मा (क्षेत्रीय अध्यक्ष एन सीआर-1), साध्वी ऋतु भारती, साध्वी उमा भारती, स्वामी उमेशानंद, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान, भगवान सहाय अग्रवाल (क्षेत्रीय संरक्षक), नरेन्द्र अरोरा (क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव), राजेन्द्र कुमार गुप्ता (क्षेत्रीय सचिव), पाला मेहता (क्षेत्रीय सचिव), प्रमोद (क्षेत्रीय सचिव), नरेश कंसल (प्रांतीय अध्यक्ष), दीपक अरोरा (प्रांतीय वित्त सचिव), गीतू केसरवानी (प्रांतीय महिला संयोजिका), अमन अग्रवाल (शाखा अध्यक्ष), अनुज हुण्डीवाल के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में रामनगर, हल्द्वानी, काठगोदाम, विवेकानंद, वीर सावरकर और लालकुआं शाखा की महिला सदस्यों ने सांस्कृतिक तथा देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। मंच का संचालन सुलभ बंसल (शाखा सचिव), पारुल गुप्ता (प्रांतीय संयोजिका), हरीश शर्मा (प्रांतीय महासचिव) ने किया। प्रांतीय ग्राम विकास संयोजक कमल किशोर सिंघल, रामनगर शाखा के सचिव सुलभ बंसल, कोषाध्यक्ष अंशुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष (सम्पर्क) विकास अग्रवाल, नेत्रदान संकल्प प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, उपसचिव नितिन अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल ने अतिथियों का अभिनंदन किया।




कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

प्रवेश सूचना
ITDA CALC
* I.I.T. Roorkee Validated Course
* IT Department उत्तराखण्ड सरकार
Formerly
HILTRON CALC
Certificate, Diploma, Advance Diploma & PGDCA
• Software • Hardware & Networking • Accounting & Finance
Special Batches for Polytechnic, B.Tech, MCA, BCA Students
TIKONIA CENTRE
Sakhawat Ganj, Behind Mandir, Tikonia, Haldwani. Ph. 220950, 9359490696

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# अतिक्रमण की वजह से बरसाती नाले बने नाली

## देवखड़ी और देवलढूंगा नाले पर जगह-जगह अतिक्रमणकारियों का कब्जा, प्रशासन का जरा भी डर नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देवखड़ी और देवलढूंगा के बरसाती नालों पर जगह-जगह लोगों ने अतिक्रमण किया है। जिससे दोनों नालों का दायरा बेहद कम हो गया है। इन अतिक्रमणकारियों को प्रशासन, वन विभाग और सिंचाई विभाग का जरा भी डर नहीं है। अतिक्रमणकारियों ने कई स्थानों में नाले के अंदर तक निर्माण कर दिए हैं।

वार्ड संख्या 35 के देवखड़ी क्षेत्र से एक नाला निकलता है, जिसे देवखड़ी नाला कहा जाता है। यह नाला पहाड़ों से निकलकर आता है। स्थानीय लोगों की माने तो करीब 20 से 25 वर्ष पूर्व नाले का बहाव क्षेत्र काफी चौड़ा था। बाद नाले की शुरुआत से ही अतिक्रमण होना शुरू हो गया। वर्तमान में लोगों ने भवन बनाकर नाले की चौड़ाई को कई जगह कम कर दिया है। नहर कवरिंग रोड पर जहां नाला मिलता है, वहां भी नाले पर भवन का निर्माण नाले के अंदर से किया गया है। नहर कवरिंग रोड के पास एक जगह इस तरह से अवैध निर्माण किया गया है कि नाला एक नाली की तरह दिखता है। अब नाले का बहाव सड़क पर बह रहा है। बीते जुलाई माह में एक बाइक सवार नाले के तेज बहाल में बह गया था। बारिश के दौरान वाहन सवार नाले की चपेट में आते रहते हैं। लोगों ने बताया कि पहले अतिक्रमण न के बराबर था, साथ ही नहर भी खुली थी। इस वजह से नाले का पानी पहले सड़क पर नहीं बहता था।

इधर, देवलढूंगा में बरसाती नाला भी अतिक्रमण की जद में है।


देवलढूंगा में बरसाती नाले पर कब्जा कर बनाया गया स्कूल। ● अमृत विचार


अतिक्रमण के चलते देवखड़ी नाले की चौड़ाई इस तरह हो गई कम। ● अमृत विचार

### राज्य बनने के बाद दबंगों ने किया नालों पर कब्जा

**हल्द्वानी :** देवखड़ी नाले पर किए गए अवैध कब्जे को लेकर लोगों का कहना है कि राज्य बनने से पहले नाले के आसपास बसावट कम थी, लेकिन बाद में दबंगों ने नालों पर कब्जा कर लिया। नालों को पाटा और फिर इसे बेच दिया। इन दबंगों का संबंध राजनीतिक दलों से भी था, इसलिए शुरू में ही नालों पर जब अतिक्रमण हो रहा था तो प्रशासन शांत रहा।

बारिश के दिनों में नाले का पानी और मलबा लोगों के घरों में घुस जाता है। बारिश के दौरान लोग रातभर जागते रहते हैं। इस नाले में दो वर्ष से बहाव बढ़ रहा है। इससे पहले बहाव इतना नहीं होता था। काठगोदाम से भदयूनी गांव के लिए सड़क बनने के बाद से नाले का बहाव तेज हो गया है। देवलढूंगा में एक स्कूल के भवन का निर्माण ठीक नाले के ऊपर किया गया है। जिस वजह से नाले की चौड़ाई कम हो गई है। स्कूल को इस तरह से बनाया गया है कि उसके पीछे का हिस्सा पूरी तरह से नाले की जद में है और पक्का निर्माण करके नाले पर अतिक्रमण किया गया है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि नालों के ऊपर किए गए अतिक्रमण पर प्रशासन का सख्त रुख है। देवखड़ी नाले पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित किया जा रहा है। अन्य नालों पर भी किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बेस अस्पताल की दीवार से लगा टिन शेड हटाया

- मंडलायुक्त के निर्देश पर नगर निगम ने की कार्रवाई
- पटेल चौक में दोमंजिले पर बना टिन शेड भी तोड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने बेस अस्पताल के सामने कार्रवाई करते हुए एक अवैध दुकान को हटा दिया। साथ ही पटेल चौक में दो मंजिल पर अवैध तरीके से बनाई जा रही दुकान को भी ध्वस्त कर दिया। टीम ने लोहे के एंगल काटकर जब्त कर लिए। साथ ही दुकान स्वामी को दोबारा निर्माण न करने की चेतावनी दी।

मंडलायुक्त दीपक रावत ने बीते शनिवार को बेस अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की दीवार से सटे एक टिन शेड को तत्काल हटाने के निर्देश दिये थे। रविवार को नगर आयुक्त विशाल मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध तरीके से बनी दुकान को हटा दिया। इस दुकान का निर्माण बिना किसी अनुमति के किया गया था। इसी बीच सूचना मिली कि पटेल चौक में दो मंजिल पर एक दुकान स्वामी अवैध तरीके से टिन शेड डालकर अतिक्रमण कर रहा है। इस पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची तो शिकायत सही मिली। टीम ने लगाए जा रहे लोहे के एंगल काटकर जब्त कर लिया।

नगर आयुक्त मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी अतिक्रमण करता पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, एई नवल नौटियाल, सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, कृपाशंकर रहे।


बेस अस्पताल के पास कार्रवाई के दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा व अन्य।

### अतिक्रमण से लगता है जाम

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल के सामने अतिक्रमण की वजह से दिन के समय जाम लगा रहता है। यहां कई ठेले और फड़ वाले अवैध तरीके से खड़े रहते हैं। जिस वजह से रोड वाहन जाम में फंस जाते हैं। इससे राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। कई लोग अपने वाहनों को अस्पताल के मुख्य गेट के सामने खड़े कर देते हैं। जिससे मरीजों का आना-जाना भी मुश्किल हो जाती है।

## सार-संक्षेप


पीएचडी की उपाधि के साथ राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की रुचि जलाल।

### महिला डिग्री कॉलेज की रुचि को मिली पीएचडी

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की वनस्पति विज्ञान की शोध छात्रा रुचि जलाल को पीएचडी की उपाधि मिली है। रुचि ने एक्वेटिक हाइफोमाइसीट्स ऑफ डिफरेंट वाटर बॉडीज अलांग विद एल्टीट्यूडिनल ग्रेडिएंट्स इन कुमाऊं हिमालया विषय पर शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सरस्वती बिष्ट के निर्देशन में रुचि ने अपना शोध कार्य पूरा किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी कैंपस के वनस्पति विज्ञान विभाग में डॉ. डीके उप्रेती, वरिष्ठ वैज्ञानिक एनबीआरआई लखनऊ के विशेषज्ञ प्रो. एसएस बर्गली की अध्यक्षता में उनकी मौखिक परीक्षा हुई। कॉलेज की प्राचार्य शशि पुरोहित समेत सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने रुचि को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।


छोटी मुखानी में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

### सुंदरकांड और रुद्राभिषेक के बाद हुआ भंडारा

**हल्द्वानी :** छोटी मुखानी जोशी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर सुंदरकांड और रुद्राभिषेक हुआ। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक बीसी जोशी ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रावण में मंदिर का वार्षिकोत्सव धार्मिक रीति-रिवाज से मनाया जाता है। इस दौरान नवीन चंद, पीयूष पंत, यजुवेंद्र सिंह, नवीन पांडे, अतुल कांडपाल, निष्कर्ष रघुवंशी, संजय सक्सेना, खिलानंद पांडे मौजूद रहे।


वन अनुसंधान संस्थान का भ्रमण करते बीएससी वानिकी के शिक्षार्थी। ● अमृत विचार

### रामायण, पुलवामा शहीद वाटिका का भ्रमण किया

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) के विज्ञान भवन में चल रही बीएससी वानिकी विषय की कार्यशाला के दौरान रविवार को शिक्षार्थियों को एफटीआई स्थित वन विभाग के अनुसंधान संस्थान का भ्रमण कराया गया। यूओयू के पर्यावरण विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा ने बताया कि शिक्षार्थियों को संस्थान के रामायण वाटिका, पुलवामा शहीद वाटिका, आर्बोरेटम, औषधीय पौधशाला और इंटरप्रिटेशन सेंटर का भ्रमण किया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी मदन सिंह बिष्ट ने शिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों, वृक्षों की पौधशाला, संग्रहालय, कैक्टस गार्डन, रामायण वाटिका, शहीद वाटिका और उनके संरक्षण की जानकारी दी। भौमिकी व पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो. पीडी पंत ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण अंग हैं। भ्रमण के अंत में डॉ. बीना तिवारी फुलारा ने विश्वविद्यालय की ओर से सभी को धन्यवाद दिया। इस दौरान यूओयू की सहायक प्राध्यापक डॉ. नेहा तिवारी, डॉ. प्रीति पंत मौजूद रहे।

### किसानों की फसल बर्बाद कर रहे मोर

**गरमपानी :** कोसी घाटी के किसानों की खेती मौसम के मिजाज से चौपट होने के कगार पर पहुंच चुकी है। बची-खुची उपज को मोर बर्बाद कर रहे हैं। बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में खेतीबाड़ी पर संकट बढ़ गया है। जंगली सूअर, खरगोश, बंदर परेशानी का सबब बन चुके हैं। वहीं अब मोर के झुंड भी खेतों में उपज को बर्बाद कर रहे हैं। हल्सों, थापली, खैरनी समेत कई गांवों में मोर फूलगोभी, हरी मिर्च, शिमला मिर्च व टमाटर की उपज को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रगतिशील किसान बचे सिंह हाल्सी, राजेंद्र सिंह, खुशाल सिंह ने बताया कि नुकसान के कारण अब खेतीबाड़ी से मोहभंग होता जा रहा है। बर्बाद हो रही खेती से बीज का दाम तक वसूल नहीं हो रहा है। किसानों ने नुकसान का उचित मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई है।

# निकाय चुनाव में प्रदेश की सभी सीटों पर लड़ेगी सपा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने आगामी नगर निकाय चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। प्रदेश में पार्टी के प्रदेश प्रभारी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसको लेकर रविवार को एक बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष शम्भू प्रसाद पोखरियाल ने कुमाऊं भर से आये पदाधिकारियों को पार्टी का विस्तार करने और चुनाव में भागीदारी की जिम्मेदारी दी।

आईटीआई स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शम्भू प्रसाद पोखरियाल ने की। बैठक में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी, उपाध्यक्ष सुरेश परिहार, कोषाध्यक्ष एसके राय व प्रदेश महासचिव संजय सिंह उपस्थित रहे। बैठक में निकाय चुनाव तथा संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने बताया कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए पार्टी ने उन्हें अहम जिम्मेदारी दी है। नैनीताल में चुनाव की जिम्मेदारी सुरेश परिहार, संजय सिंह, जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, ओशियन यादव, मो. नदीम अख्तर, ललित भट्ट, भगवती प्रसाद त्रिकोटी, सुरेंद्र गुरुंग, राजू यादव, बीना किशोर, जया ठाकुर, दीपा बुटोला, हीना यादव को सौंपी गई है। मंच संचालन संजय सिंह ने किया।


बैठक को संबोधित करते सपा प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी।

## तीन वार्डों को जमीन का मालिकाना हक मिले

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डॉ. आंबेडकर मिशन एंड फाउंडेशन उत्तराखंड इकाई ने अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

संगठन ने हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में एससी-एसटी वर्ग के बीपीएल व अंत्योदय परिवारों के लिए 100 छात्रों, 100 छात्राओं की क्षमता का छात्रावास समाज कल्याण विभाग के माध्यम से बनाने की मांग की। साथ ही हल्द्वानी के वार्ड नंबर 35, 36 व वार्ड 37 के रहने वाले लोगों को भूमि का मालिकाना हक दिए जाने की भी मांग उठाई। संगठन के उपाध्यक्ष राजेंद्र कुटियाल ने कहा कि इन वार्डों में रहने वाली आबादी में ज्यादातर हिस्सा अनुसूचित जाति वर्ग का है। ज्ञापन भेजने वालों में अध्यक्ष जीआर टम्टा, कोषाध्यक्ष सुंदर लाल बौद्ध आदि शामिल थे।


आभार कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया।

### दमुवाढूंगा के लोगों ने बल्यूटिया का जताया आभार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया के कार्यालय में रविवार को दमुवाढूंगा के लोग पहुंचे और उन्होंने बल्यूटिया का आभार जताया। बल्यूटिया ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उच्च न्यायालय में दमुवाढूंगा के लोगों की जीत होगी। आभार कार्यक्रम के दौरान बल्यूटिया ने कहा कि दमुवाढूंगा को राजस्व ग्राम बनाने के लिए कांग्रेस ने काफी काम किया था, लेकिन बाद में भाजपा सरकार ने जीओ जारी कर सर्वेक्षण पर रोक लगा दी। जिस वजह से दमुवाढूंगा के लोगों को उनका मालिकाना हक नहीं मिल पाया। इसलिए उन्होंने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाई। कहा कि इसमें नगर निगम को भी पार्टी बनाया गया है। अगर भाजपा सरकार पूर्व में दमुवाढूंगा में सर्वेक्षण प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाती तो आज दमुवाढूंगा के लोगों को मालिकाना हक मिल जाता। साथ ही करीब 596 हेक्टेयर भूमि राजस्व भूमि घोषित हो जाती। दीपक चन्याल ने कहा कि दमुवाढूंगा के सभी लोग बल्यूटिया का आभार जताते हैं। इस दौरान महेशानंद, आरपी गंगोला, फकीर राम कोहली, आरआर आर्या, मोहन चंद्र, तेज राम, हरीश चंद्र वैद्य मौजूद थे।

# उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और महामंत्री ऋषभ पाठक की संस्तुति पर महानगर इकाई का विस्तार किया गया है। संगठन के प्रदेश प्रभारी विरेंद्र गुप्ता ने बताया कि नई कार्यकारिणी में महानगर उपाध्यक्ष तारा अधिकारी, संजय वर्मा, नुसरत सिद्दीकी, सुनील गुप्ता, नितेश थुवाल, गोविंद मंगल हितेश कांडपाल और मुकेश खंडेलवाल चुने गए। सचिव के लिए असमित गुजराल, भारत भूषण, अजय राठौर, नीरज शर्मा, कुंदन रावत, भुवन थूवाल और पीयूष अग्रवाल को नामित किया गया।

संगठन मंत्री विशाल जुनेजा, देवेंद्र मेहरा, अंकुर मोंगा, अमरजीत सिंह, संजय सक्सेना, नितिन दुआ और रजनीश पांडे और संरक्षक मंडल में धर्मेंद्र गुप्ता, अंगपाल चड्ढा, विजय चौहान, शकील अहमद सिद्दकी और सुशील मोंगिया हैं। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में राजीव शर्मा, मुनेश अग्रवाल, आसिफ सिद्दीकी, विनोद सडाना, जितेंद्र रोतेला, राजकुमार गुप्ता, अशोक वार्ष्णेय, मदन मोहन जोशी, महबूब अली शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, महामंत्री राजेंद्र फर्सवान, संयोजक डॉ. धर्म यादव, जिलाध्यक्ष राजेश पुरी, जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज, देवेश अग्रवाल, विनोद आनंद, विजय शर्मा, शंकर भूटियानी, प्रमोद गोल्डी, राजेंद्र मुन्ना दीपक माहेश्वरी आदि ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## प्राथमिक विद्यालय में ताला तोड़ने का प्रयास

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बांसखेड़ा में अराजक तत्व घुस गए। उन्होंने स्कूल को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की। मामले की जानकारी शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई है।

रविवार को स्थानीय लोगों ने देखा कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय की दीवार पर किसी ने मिट्टी पोत दी है। इसकी जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश को दी गई। वह भी मौके पहुंचे। उन्होंने पूरे स्कूल का निरीक्षण किया तो पता चला कि शनिवार को किसी ने कमरे का ताला तोड़ने की भी कोशिश की है। इस कमरे में काफी सामान रखा हुआ है। हालांकि ताला तोड़ने में सफलता नहीं मिली। स्कूल में इस तरह की घटना से लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# 55 हजार की भारतीय करेंसी के साथ दो पकड़े

- नेपाल ले जाई जा रही थी उक्त भारतीय मुद्रा, पुलिस ने कस्टम को सौंपी

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** शारदा बैराज पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में भारत से नेपाल ले जाई जा रही 55 हजार रुपये की भारतीय करेंसी के साथ 2 व्यक्तियों को पकड़ा।

रविवार को अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में पुलिस ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान भारत से नेपाल जा रहे शाहिद अफरीदी पुत्र मो. अशरफ, निवासी पूरनपुर जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश के पास से 28 हजार रुपये और जितेंद्र आर्य पुत्र रमेश चन्द्र, निवासी काठगोदाम जिला नैनीताल के पास से 27500 रुपये की भारतीय करेंसी बरामद हुई। उक्त धनराशि के संदर्भ में दोनों लोगों ने कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए और ना ही कोई वैध प्रपत्र प्रस्तुत किए गए। इस पर पुलिस ने उक्त बरामद धनराशि को जब्त कर नियमानुसार भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर स्थित कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया। नियमानुसार भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर प्रति व्यक्ति कुल 25 हजार रुपये की धनराशि लाने और ले जाने की अनुमति है। टीम में शारदा बैराज चौकी इंचार्ज अरविंद गुप्ता, हेड कांस्टेबल रघुनाथ गोस्वामी, पूरन आर्य, परमजीत सिंह शामिल रहे।

## गौरलचौड़ सड़क का चौड़ीकरण कार्य शुरू

**चम्पावत, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की 2 वर्ष पूर्व घोषणा के तहत चम्पावत मुख्यालय में गोरल चौड़ रोड के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत गोरल चौड़ रोड के चौड़ीकरण के लिए 103.46 लाख की लागत से 400 मीटर खुली नाली को बन्द करने के लिए ह्यूम पाइप डालने का कार्य होना है। रविवार को विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने सड़क चौड़ीकरण के कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा आदर्श चम्पावत के लिए जो भी घोषणाएं की गई हैं उन पर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान सुनील पुनेठा, शंकर पांडे, गोविंद सामंत, मुकेश महाराना आदि रहे।

# आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** संविधान सम्मान संयुक्त मंच ने भाजपा की ओर से आपातकाल के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाए जाने का विरोध करते हुए कड़ी निंदा की है। तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में रविवार को मंच के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि 75 वर्षों के संसदीय इतिहास में पहली बार अधिकतर सांसदों ने संविधान की शपथ ग्रहण करते समय भारत के संविधान को लहराया था। संविधान को लहराने से भाजपा बैकफुट पर आती नजर आई। कहा कि 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए आपातकाल लगाया था, उस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के पीछे भाजपा की मानसिकता साफ दिखाई देती है। जिसमें लोकसभा में 400 सीटें पार आने पर संविधान को बदलने की बात कही गई थी। कहा कि प्रदेश सरकार ने भी केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है, जिससे साबित होता है कि पूरी भाजपा संविधान विरोधी है। इस मौके पर अंबेडकर मिशन फाउंडेशन के अध्यक्ष जीआर टम्टा, जिलाध्यक्ष भीम आर्मी भारत एकता मिशन के नफीस अहमद खान, जिला प्रभारी सुंदरलाल बौद्ध, सिराज अहमद मौजूद थे।



बुद्धपार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंचासीन पदाधिकारी।

## महिला ने युवक को चप्पल से पीटा

**गरमपानी, अमृत विचार :** खैरना चौराहे पर नेपाली मूल की एक महिला का युवक से विवाद हो गया। तीखी बहस से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। महिला ने युवक को चप्पल से पीट दिया।

महिला और युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। एकाएक हुए हंगामे से व्यापारी और स्थानीय लोग सख्ते में आ गए। हाईवे के बीचों-बीच हंगामे से यात्री वाहन भी रुक गए। महिला ने युवक को थप्पड़ जड़ दिया और चप्पल से पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। यातायात ड्यूटी में तैनात होमगार्ड के जवानों, टैक्सी यूनियन के सदस्यों व व्यापारियों ने बमुश्किल हंगामा शांत करवाया। लोगों ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है।

# वन सुरक्षा दल पर हुए जानलेवा हमले से रोष

- वन क्षेत्राधिकारी संघ उत्तराखंड ने की बैठक, शासन प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वन क्षेत्राधिकारी संघ उत्तराखंड की बैठक तिकोनिया स्थित वन विश्राम गृह में हुई। जिसमें बाजपुर क्षेत्र में वन सुरक्षा दलों पर हुए हमले की निंदा की गई। साथ ही मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदेश महामंत्री नवीन सिंह पवार ने कहा कि दो अगस्त को बाजपुर के बरहैनी में वन माफियाओं ने वन सुरक्षा दल के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमले के बाद किसी तरह वन कर्मियों की जान बची। उन्होंने कहा कि आरोपियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे वन माफिया इस तरह का अपराध दोबारा करने की नहीं सोच पाएं। संरक्षक महेंद्र सिंह रैकुनी ने कहा कि सभी वन क्षेत्राधिकारी एक सुर में घटना की कड़ी निंदा करते हैं। यदि शीघ्र ही अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। कहा कि इससे पूर्व में भी वन माफियाओं ने वन कर्मचारियों पर जानलेवा हमले किए हैं। अपनी ड्यूटी को निभाने के लिए हमेशा वन कर्मियों ने पूरे हौंसले के साथ काम किया है। बैठक में विधि सलाहकार महेश जोशी, प्रदेश संयुक्त मंत्री नवीन रौतेला, कोषाध्यक्ष चंद्र सिंह अधिकारी, प्रदीप पंत, घनानंद चनियाल मौजूद रहे।

# छह करोड़ रुपये की ठगी कर फरार हो गया युवक

## तीन साल में रकम दोगुनी करने के नाम पर कंपनी में जमा कराए रुपये

संवाददाता, काशीपुर



**अमृत विचार:** काशीपुर के खड़कपुर में फर्जी बैंकिंग कंपनी के नाम पर एक युवक के छह करोड़ रुपये की ठगी कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी बीते कई सालों से लोगों को तीन साल में रकम को दोगुनी करने व अधिक ब्याज देने का झांसा देकर जाल में फंसाने का काम कर रहा था। जिसको लेकर पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी को पकड़ने व रकम वापस दिलाने की मांग की है। वहीं मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रविवार को काशीपुर के लाहोरियान निवासी गौरव मेहरोत्रा व अन्य पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को संयुक्त रूप से तहरीर दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि काशीपुर के खड़कपुर देवीपुरा निवासी एक युवक ने लोगों को बताया कि वह एक बैंकिंग कंपनी से जुड़ा हुआ है, और उसका खुद का बैंक है। बताया कि बैंक भारतीय रिजर्व बैंक से मान्यता प्राप्त है। बताया कि केन्द्र सरकार से उसके बैंक को विशेष छूट प्राप्त है। आरोप लगाया कि आरोपी ने जमा रकम को तीन वर्ष में दोगुना करने का वादा किया था। साथ ही चक्रवर्ती ब्याज दिलाने का भी वादा किया था। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी के झांसे में आकर लोगों ने रुपये जमा करने शुरू कर दिए। बताया कि कई सालों से लोग आरोपी के कहने पर रुपये जमा करते आ रहे हैं। आरोप लगाया कि बीते दिन शक होने के बाद पीड़ितों ने जब आरोपी से रकम वापस करने को बोला तो आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया। कहा कि आरोपी घर से भी फरार हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी अब तक 15 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी कर चुका है। एसएसआई सतीश शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लायंस क्लब खटीमा ने तीज महोत्सव का आयोजन किया, महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों से बांधा समां

# पिंकी बनी तीज क्वीन, प्रीति रही तीज एवरग्रीन

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में लायंस क्लब द्वारा आयोजित तीज महोत्सव में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लायंस क्लब खटीमा द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें क्लब की महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समां बांध दिया। महोत्सव में पिंकी आर्य को तीज क्वीन और प्रीति अग्रवाल को तीज एवरग्रीन के खिताब से नवाजा गया।

महिला विंग की ममता जोशी के संयोजन में आयोजित तीज महोत्सव में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम्स, रैम्प वाक कॉम्पिटिशन, सामान्य ज्ञान कॉम्पिटिशन, सौन्दर्य कॉम्पटिशन जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें पिंकी आर्या ने बाजी मारकर तीज क्वीन का ताज अपने नाम किया। वहीं तीज क्वीन एवरग्रीन का ताज प्रीति अग्रवाल ने जीता। क्लब अध्यक्ष लॉयन जीडी जोशी ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा विभिन्न स्कूलों, ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर साप्ताहिक आंखों की जांच सहित विभिन्न प्रजाति के पौधारोपण और संरक्षण का कार्यक्रम चलाया जाएगा।

इस अवसर पर शिल्पा पांडे, नीरू भट्ट, नीरू अग्रवाल, ममता अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, रमा अग्रवाल, उमा वर्मा, अल्का जोशी, क्लब सचिव अजय त्रिवेदी, अजय अग्रवाल, अंकित पाण्डेय, सुनील रैदानी, बाबू राम अरोड़ा, अजय अग्रवाल, सुदर्शन वर्मा, जितिन ग्रोवर, रमेश अग्रवाल आदि रहे।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त पोस्टमैन भगवान सिंह का निधन

**खटीमा :** ग्रामसभा बरी अंजनियां के टेढ़ाघाट निवासी सेवानिवृत्त पोस्टमैन भगवान सिंह राणा का निधन हो गया है। वह 58 वर्ष के थे। भगवान सिंह राणा पोस्ट ऑफिस खटीमा में सेवाएं दे चुके हैं। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्ति धाम में किया गया। उनके पुत्र सिकंदर सिंह राणा और अतेंद्र सिंह राणा ने चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान कौशल कुमार कुशवाहा, सुरेंद्र प्रसाद यादव, श्रीकांत ठाकुर, संजय राना, वीरेंद्र सिंह राणा, किरण सिंह राणा, राकेश सिंह राणा रहे।

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सुनेंगे समस्याएं

**शांतिपुरी :** मंगलवार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अपने कर्मचारियों सहित शांतिपुरी नंबर-दो में सुबह नौ बजे पहुंचेंगे और पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुनेंगे। शांतिपुरी के पूर्व सैनिक संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि यदि किसी पूर्व सैनिक का कोई व्यक्तिगत सुझाव या समस्या हो उनसे साझा कर सकता है। उन्होंने सभी गौरव सैनिकों और वीरांगनाओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में तय समय और स्थान पर पहुंचें।

### सात दिवसीय राम कथा का हुआ समापन

**काशीपुर :** युवराज अंगद को प्रभु श्री राम द्वारा दी गई विदाई के वृतांत के साथ श्री राम कथा गंगा प्रवाह का समापन हो गया। श्री रामलीला मैदान में छह दिनों तक चले इस आयोजन में हजारों भक्तों ने श्री राम चरित्र मानस पाठ का श्रवण किया। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने व्यासपीठ का पूजन किया और कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालन मनोज अग्रवाल ने किया।

# आईआरबी की बस खड्ड में पलटी, जवान सुरक्षित

संवाददाता, जसपुर



जसपुर के पास हाईवे पर खड्ड में गिरी आईआरबी की बस। ● अमृत विचार

### हादसा

- तीन-चार जवान मामूली चोटिल बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा
- लगभग दो दर्जन जवान मुख्यमंत्री आवास ड्यूटी करके लौट रहे थे वापस

**अमृत विचार:** बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आईआरबी की बस खाई में पलट गई। हादसे में तीन-चार जवान मामूली रूप से घायल हो गए। बस में सवार सभी जवान मुख्यमंत्री आवास ड्यूटी करके देहरादून से वापस बैलपड़ाव स्थित बटालियन को लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार रविवार को जसपुर कोतवाली अंतर्गत मंडुवाखेड़ा के पास हाइवे पर इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की बस गहरी खाई में पलट गई। जिससे बस में सवार आरबीआई के जवानों में चीख-पुकार मच गई। बस पलटते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने ही पुलिस चौकी सूत मिल प्रभारी धीरज टम्टा मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस जवानों ने बस में फंसे जवानों को बाहर निकाला। घटना में आरबीआई के तीन-चार जवान मामूली रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। खाई में गिरी बस को क्रेन के माध्यम से बाहर निकाला गया। दुर्घटना में बस क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल पर मौजूद आईआरबी के फर्स्ट इंचार्ज पीसी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि रविवार को उनकी कंपनी के लगभग दो दर्जन जवान मुख्यमंत्री आवास ड्यूटी करके देहरादून से आईआरबी बैलपड़ाव के लिए बस संख्या यूके 04 जीए- 0067 से आ रहे थे। मडुवाखेड़ा हाइवे के पास सामने से रॉंग साइड से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस ड्राइवर कांस्टेबल जय चंद्र ने बस को कच्चे में उतार दिया। इससे बस अनियंत्रित होकर करीब 10 मीटर गहरी खाई में पलट गई। उक्त घटना में 3-4 जवानों को चोट आई हैं। जिनको इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया, जो प्राथमिक उपचार के बाद वापस आ गए हैं। आईआरबी के सभी जवानों को दूसरी बस से आईआरबी के लिए रवाना कर दिया गया है।

# कोचिंग संस्थान के 200 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया

**खटीमा:** लॉयन्स क्लब खटीमा के तत्वावधान में अभ्यास कोचिंग संस्थान में करीब 200 बच्चों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। जिसमें 70 प्रतिशत बच्चों की आंखों में कमी पाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जोन चेयरमैन बसंत जोशी ने विधिवत रूप से किया। कार्यक्रम चेयरमैन देवेंद्र भट्ट के नेतृत्व में क्लब के ही ऑप्थोलॉजिस्ट एवं सचिव अजय त्रिवेदी द्वारा सर्वप्रथम आंखों में होने वाली बीमारी एवं दृष्टिदोष के बारे में बच्चों को जानकारी दी एवं बच्चों की आंखों में होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। क्लब अध्यक्ष जीडी जोशी ने मुख्य अतिथि को उपहार के रूप में पौधा भेंट कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन से क्रॉसिंग तक मार्ग हुआ क्षतिग्रस्त



भूरारानी रोड पर सड़क किनारे भरा पानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन से लेकर भूरारानी रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क बदहाल होने और जलभराव होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। क्षेत्र में शराब का ठेका होने के कारण कई ढाबे संचालित हो रहे हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग उठाई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भूरारानी मार्ग मास्टर प्लान में 80 फीट सड़क दर्ज की गयी है। लेकिन इसे मास्टर प्लान के तहत नहीं बनाया गया है। इस मार्ग से छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। सड़क के किनारे नालों में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। इस कारण नाले का पानी और कूड़े का ढेर सड़क पर जमा हो जाता है। साथ ही लोगों के घरों तक नाले का गंदा पानी पहुंच जाता है। लोगों का कहना है कि जगह-जगह सड़क क्षतिग्रस्त है और गड्ढे बने हुए हैं। बरसात में पानी भर जाता है। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं लोगों ने क्षेत्र में शराब के ठेके को लेकर भी नाराजगी जतायी। कहा कि ठेके के चलते वहां ढाबे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। यहां सायं ढलते ही लोगों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे वहां का माहौल भी खराब हो रहा है। स्थानीय लोगों ने मास्टर प्लान के तहत सड़क बनाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने करने की मांग की है।



भाजपा नेता विरेन्द्र सामंती को पुष्पांजलि देते पूर्व विधायक ठुकराल। ● अमृत विचार

## पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष सामंती को दी पुष्पांजलि

**रुद्रपुर :** मंडी समिति रुद्रपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता विरेन्द्र सामंती की जयंती पर बगवाड़ा में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान विरेन्द्र सिंह सामंती की याद में युवाओं को टी-शर्ट भी बांटी गयी। रविवार को कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि विरेन्द्र सामंती युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। जरूरतमंदों की मदद के लिए वह हमेशा तत्पर रहे। उनके पास मदद के लिए आने वाला कोई भी व्यक्ति कभी खाली नहीं लौटा। एक सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया। लेकिन लोगों के दिलों में वह आज भी जिंदा हैं। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद प्रमोद शर्मा, विपिन शर्मा बिट्टू, सीपी यादव, मोर सिंह यादव, गोविंद साहनी, सत्ता कोली, देवेंद्र प्रजापति, वीरेंद्र सिंह, शोभित चौधरी, नीरज खुग्गर, बंटी कोली, ललित बिष्ट, विशाल मेहरा, संदीप अवस्थी, जगदीश प्रजापति, विक्की, राघव, हैप्पी सिंह, अंकित शर्मा, टोनू मिश्रा, अविनाश गंगवार समेत कई लोग मौजूद थे।

# बच्चों को लेकर हुए विवाद में दो महिलाओं समेत चार पर मुकदमा

**बाजपुर:** आपसी बच्चों को लेकर 15 दिन पहले हुए विवाद के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से नामजद चार महिला-पुरुषों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अलग-अलग मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुड़िया पिस्तौर देहात निवासी राकेश सिंह सैनी एडवोकेट पुत्र शिवचरन सिंह ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की सायं करीब 6:55 बजे उसका आठ वर्षीय पुत्र युवराज सैनी घर के पास रास्ते पर साइकिल चला रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाले मनोज कुमार पुत्र दान सिंह ने पुत्र के दो-तीन थप्पड़ मार दिए। इस बाबत आरोपी मनोज व इसकी पत्नी से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष के मनोज कुमार पुत्र दान सिंह ने तहरीर में कहा है कि उसकी तीन वर्षीय पुत्री अनन्या घर के सामने बैठी थी। तभी राकेश सैनी ने पुत्र ने साइकिल उसकी पुत्री के पैरों पर चढ़ा दी। आरोप है कि इसके उपरांत राकेश सैनी व उसकी पत्नी ने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से दो महिलाओं समेत 4 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED
Corporate Office: No. 167-169, 2nd Floor, Anna Salai, Saidapet, Chennai-600015, E-mail : auction@hindujahousingfinance.com
Aswani Complex Near Golden Furniture Bareilly Road Haldwani-263132
RRM - Pankaj Singh Choudhary - 7081828333, RLM- Arun Kumar Singh - 9506011777, CRM- Janeshwar Prasad-9917778324, CLM - Mr. Ravi Dixit 9794347032

SYMBOLIC POSSESSION NOTICE

Whereas the undersigned being the Authorized Officer of the **HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED** under Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (No. 3 of 2002) and in exercise of powers conferred under section 13(12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued a demand notice was issued on the dates mentioned against each account and stated hereinafter calling upon the borrower (hereinafter the borrower and guarantors are collectively referred to as the "the Borrowers") to repay the amount within 60 days from the date of receipt of said notice.
The borrowers having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrowers and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under sub- section 4 of section 13 of Act read with rule 8 of the Security Interest Enforcement Rules, 2002 on this the dates mentioned against each account.
The borrower/guarantor in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the **HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED** for an amount and future interest at the contractual rate on the aforesaid amount together with incidental expenses, costs, charges, etc. thereon.
The borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

| Sr. No. | Name of Borrowers/ Guarantors | Demand Notice Date / Date of Possession | Amount Outstanding | Details of Immovable Property |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Application No. UP/HDW/RDRP/AOOOOOO79 R UP/HDW/RDRP/A000OOO152 **Mr. Dinesh Kumar Goyal & Mrs Reena Gupta, both at:** H.No. 29, Ward No. 4, Main Market Maswasii Rampur, Rudrapur Uttar Pradesh India - 244924 | 28-03-2024 / 30-07-2024 SYMBOLIC | ₹ 13,07,419/- as on 10-03-2024 plus interest thereon | **69/102, Ward no. 6, Main Market Maswasi, Tehsil-Swar, District-Rampur, Uttar Pradesh-244924, Maswasi, Near Shiv Mandir, Rampur, Uttar Pradesh-244924 Area admeasuring - 139.45 SqMtr.,** Bounded as: North - House of Bhagwati, South- 14 ft wide road, East - House of Dr. shiv Kumar West- House of Ranvir Singh S/o Raghuveer Singh. |
| 2 | Application No. UP/HDW/KSHP/AOOOOOO117 & CO/CPC/CPCO/A000OOO115 **Mr. Mohd Farhan & Mrs. Farjana Bedam, both at:** Ward No. 8 Mohalla Laxmipur Patti Kashipur, Kashipur, Semiurban, Kaahipur, Uttarakhand, India - 244713 | 28-03-2024 / 30-07-2024 SYMBOLIC | ₹ 10,37,940/- as on 10-03-2024 plus interest thereon | **Khasra No. 99 Min, Mauja Laxmipur Patti, Near Milan Marriage Hall, Kashipur, Police Station - Kashipur, U.S.Nagar, Uttarakhand 244713, Area admeasuring – 111.48 SqMtr., Bounded as:** East: Property of Naved, West: Property of Khaleel, North: 14 ft wide road, South: Property of Afroz Jahan |
| 3 | Application No. UP/HDW/KSHP/A000000053 UP/HDW/HDWN/A000000501 **Mr. Dayal Ram, Mrs. Khimuli Dew & Mr. Dani Ram, All at:** Durga Colony Kashipur, Semiurban, Kashipur, Uttarakhand, India - 244713 | 25-03-2024 / 30-07-2024 SYMBOLIC | ₹ 18,22,661/- as on 21-03-2024 plus interest thereon | **Khasra no 184min, situated in village Jaspurkhurd Tehsil Kashipur Distt U.S. Nagar admeasuring area total area 3000sqft. i.e. 278.81 sqmtr., Bounded as:** East: Land of Seller, West: Land of Sharma Ji, North: Kachcha Chak Rasta, South: Kachcha Chak Rasta |
| 4 | Application No. UP/ HDW/ HDWN/AOOOOOO312 **Mr. Adil Husain & Mrs. Nighar Begam, both at:** Majra Shila Gadarpur, U.S. Nagar, Gadarpur, Semiurban, Rudrapur, Uttarakhand, India - 263152 | 25-03-2024 / 31-07-2024 SYMBOLIC | ₹ 7,08,429/- as on 21-03-2024 plus interest thereon | **Village/Mauja -Gadarpur Tehsil/PS- Gadarpur, District - U S Nagar, Khata No.00361, Khasra No. 103 Min, PVT Plot/House no Sub Registrar-Bazpur, District - U S Nagar, Area Admeasuring 1313.88 Sq.ft or 122.10 Sq.Mtr,** Bounded as: North- House of Umar ali South- Nahar 11Mtr Wide Way, East- House of Dalip, West- 8Ft Wide Way |

Dated : 03-08-2024, Place : Haldwani — Authorised Officer, HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED

# बैंक खाते को शीघ्र आधार से लिंक करा लें पेंशनर्स

संवाददाता, रुद्रपुर

### अपील

- अब आधार सीडेड खाते में डीबीटी के माध्यम से जाएगी हर माह पेंशन
- समाज कल्याण विभाग में 142683 पेंशन धारक हैं पंजीकृत

**अमृत विचार:** जिला समाज कल्याण विभाग ने विभाग अब पंजीकृत पेंशन धारकों को पैसे का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ भुगतान (डीबीटी) के माध्यम से सीधे आधार सीडेड खाते में भेजेगा। इसके लिए विभाग ने सभी पेंशनधारकों से अपने खाते को आधार सीडिंग कराने की अपील की है। ताकि पात्र लाभार्थी तक धनराशि पहुंच सके। अगर कोई पेंशन धारक अपना नया खाता खुलवाना चाहता है तो वह अपने पास के पोस्ट ऑफिस या इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में संपर्क कर सकते हैं।

यहां बता दें कि ऊधमसिंह नगर जनपद में कुल 142683 पेंशनधारक हैं। इसमें वृद्धावस्था के 91832 पेंशन धारक हैं, जबकि विधवा के 35407 और विकलांग के 11719 पेंशन धारक हैं। इनमें सभी को राज्य सरकार की ओर से पेंशन दी जाती है। इसमें कई लोगों को केंद्र से भी पेंशन मिलती है। पात्र लोगों के खातों में पेंशन की धनराशि पहुंचे इसके लिए जिला समाज कल्याण विभाग ने सभी पेंशन धारकों से अपने खाते को आधार सीडिंग कराने की अपील की है।

इसके अलावा पेंशन धारकों को अपना आधार सीडेड खाता, आधार नंबर और अपना मोबाइल नंबर संबंधित सहायक समाज कल्याण अधिकारी को देने को कहा है। ताकि समय पर उनके खातों में पैसा डाला जा सके। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध ने बताया कि सभी पेंशनधारकों को अपने खाते को आधार सीडिंग कराना जरूरी है। सभी पेंशनधारकों को राज्य से मिलने वाली धनराशि ट्रेजरी से उनके खातों में डाल दी गयी है। अभी केंद्र सरकार से मिली धनराशि जिन पात्रों को मिलनी है उन्हें खाते को आधार से सीडिंग कराने को कहा गया है। बाद में अन्य के भी खाते आधार से सीडिंग कराए जाएंगे।

### क्या है आधार सीडिंग

आधार सीडिंग से तात्पर्य आधार नंबर को आवश्यक सेवाओं जैसे बैंक खाते, मोबाइल नंबर और पैन कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया है। ताकि सरकारी सब्सिडी, पेंशन और अन्य लाभ सीधे बैंक खाते में जमा हो सकें। इससे समय भी कम लगता है और पात्र लाभार्थी तक धन पहुंच जाता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### ग्राम रामजीवनपुर में युवक पर झपटा तेंदुआ

**बाजपुर :** इन दिनों बाजपुर विकासखंड क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी देखने को मिल रही है। रोजाना किसी न किसी कालोनी, गांव अथवा शहरी क्षेत्र में तेंदुआ की दस्तक हो रही है। शनिवार देर रात ग्राम रामजीवनपुर में कोसी बंधा रोड पर एक स्टोन क्रशर के नजदीक युवक पर तेंदुआ झपट पड़ा। जिसमें युवक बाल-बाल बच गया। दहशत में आए युवक ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई है। वहीं इस घटना की जानकारी के बाद से ग्रामीणों में दहशत है और लोग डर के साये में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से घटना स्थल का मौका मुआयना करके तेंदुआ को पकड़ने के लिए उचित कदम उठाते हुए पिंजरा इत्यादि लगाने की मांग की है। बताते चलें कि क्षेत्र में हर रोज तेंदुआ देखने को मिल रहे हैं, जोकि कुत्तों आदि को अपना शिकार बना ले रहे हैं।

### बाइक रपटने से युवक गंभीर रूप से घायल

**बाजपुर :** तेज रफ्तार बाइक फिसलने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रामीणों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम बरहैनी निवासी अमन पुत्र पवन शनिवार देर रात करीब 9 बजे बाइक पर कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच ग्राम खंबारी के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे वह बाइक समेत काफी दूर तक घिसटता हुआ चला गया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों ने आनन-फानन में उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत काफी है।

### महिला के साथ रिक्शा चालक ने की मारपीट

**बाजपुर :** अपने बेटे के साथ बाजार आई महिला के साथ एक ई-रिक्शा चालक ने गाली-गलौज व मारपीट कर दी जिसमें महिला के चोटें आई हैं। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मौखिक शिकायत की है। रविवार को नया गांव निवासी मुन्नी पत्नी काशीराम अपने बेटे राजन के साथ बाजार आई थी। आरोप है कि इसी बीच बेरिया तिराहे पर एक ई-रिक्शा चालक बेवजह गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो वह महिला के बेटे से भिड़ गया। इससे महिला के चोटें आ गईं। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव करवाया। बाद में कोतवाली पहुंची पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### एसटीएच में चल रहा घायल वन दरोगा का इलाज, आरोपियों की धरपकड़ को लगातार दबिश दे रही पुलिस

# हमला करने के 48 घंटे बाद भी पकड़ से दूर हैं तस्कर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** तस्करों की घेराबंदी कर वन संपदा बरामद करने गई वन टीम पर तस्करों द्वारा किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल वन दरोगा हरीश चंद्र नयाल का अभी भी हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं नामजद आरोपितों की धरपकड़ के लिए बेरिया दौलत चौकी पुलिस उनके घरों पर दबिश दे रही है। लेकिन घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी सभी आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर के सुरक्षा दल में शामिल वन दरोगा हरीश चंद्र नयाल ने कहा कि लगभग 15 मिनट तक पिटाई होती रही लेकिन किसी भी वन कर्मी द्वारा सहयोग नहीं करने से बरहैनी वन रेंज की टीम संदेह के दायरे में आ गई है। उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है। ऐसे में मामले की जांच का दायरा अब टीम के आसपास भी आ सकता है। बताते चलें कि बरहैनी वन रेंज में बड़े पैमाने पर अवैध कटान होता है। इतना ही नही बोर नदी से अवैध खनन भी वन चौकी से होकर ही निकलता है। लगातार वन संपदा का दोहन कहीं न कहीं विभागीय कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाती है। इस संबंध में प्रभारी उप वन क्षेत्राधिकारी कैलाश चंद्र तिवारी ने बताया कि बरहैनी वन रेंज टीम की कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई है। वहीं बेरिया दौलत पुलिस चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि नामजद आरोपितों की धरपकड़ को पुलिस टीम ने आरोपितों के घरों व उनके छिपे होने के संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। घटना के बाद से सभी आरोपित फरार हो गए हैं। इधर घटना में गंभीर रूप से घायल वन दारोगा हरीश चंद्र नयाल का अभी भी सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में उपचार चल रहा है। बताया गया है कि उनके कान का परदा फट गया तथा अभी हालत सामान्य नहीं हो पाई है। पुलिस व वन विभाग द्वारा आरोपित तस्करों का अपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

#### यह है घटनाक्रम

**बाजपुर :** दो अगस्त को दिन में टीम द्वारा लगभग 40 गिलटे खैर पकडे जाने के बाद मुखविर की दूसरी सूचना पर देर रात करीब नो बजे ग्राम थापकनगला स्थित शमशान घाट के पास पहुंची ही थी कि पीले से घात लगाए बैठे लकडी तस्करो द्वारा वन टीम लाडी डंडो से हमला कर दिया जिसमें वन दारोगा हरीश चंद्र सिंह नयाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर में नामजद ग्राम महोली जंगल निवासी जयपाल पुत्र रेशम सिंह, ग्राम थापकनगला निवासी अमनदीप पुत्र पम्मी, ग्राम हरिपुरा हरसान निवासी गुरमेज सिंह उर्फ गेजी पुत्र टहल सिंह, संगत सिंह उर्फ छग्गी व गुरदास सिंह उर्फ टीटू पुत्रगण जरनैल सिंह तथा जसविंदर सिंह उर्फ बिंदू पुत्र जग्गा के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

#### क्षेत्र में काफी समय से सक्रिय हैं तस्कर

**बाजपुर :** तराई वन प्रभाग में खैर की तस्करी कोई नई बात नहीं है। चार दशक से लगातार बरहैनी पीपलपड़ाव वन रेंज से खैर व बन्नाखेड़ा वन रेंज से अन्य कीमती वन संपदा की तस्करी व खनन सपंदा का दोहन हो रहा है। समय- समय पर अभियान भी चलाए गए लेकिन तस्करी कुछ समय के लिए रुकी। मामला ठंडा पड़ते ही तस्कर फिर सक्रिय हो गए। आज भी क्षेत्र में जहां वन तस्करों का बोलबाला है तो वहीं खनन भी वन क्षेत्र से हो रहा है। ऐसे में तस्करों को किसका संरक्षण है यह जांच का विषय है। इसी बरहैनी वन रेंज क्षेत्र में 21 जून 2019 को खैर की तस्करी को रोकने गए वनवीट वाचर बहादुर सिंह की तस्करों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। 20 जनवरी 2019 को तस्करों ने जंगलात टीम पर हमला किया तो 20 मार्च व जुलाई 2020 को दबिश के दौरान जंगलात की टीम पर तस्करों ने फायरिंग कर दी। तस्कर जंगलात टीम से खैर के गिल्टों से भरे वाहन को भी छुडा ले गए थे। 20 सिंतबर 2021 को मझरा गदरपुर क्षेत्र में जंगलात टीम पर हमला किया । 22 अप्रैल 2018 को वन विभाग की टीम के वाहन को टक्कर मारकर शीशम के गिल्टे से लदी पिकअप लेकर तस्कर फरार हो गए थे। इसके अतिरिक्त भी बहुत सी घटनाएं पिछले वर्ष पीपल पड़ाव व अन्य रेंज में में घटी हैं।

# पाक नंबर से विहिप नेता को फिर आई धमकी भरी कॉल

संवाददाता, रुद्रपुर

#### चिंता की बात

- दूसरी बार मिली परिवार सहित हत्या की धमकी
- कॉलर की डीपी में लगी है पुलिस वर्दी की फोटो

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के पूर्व महानगर अध्यक्ष को एक बार फिर पाकिस्तान कोड नंबर से धमकी भरी कॉल आने का मामला सामने आया है। विहिप नेता का कहना था कि व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से एक बार फिर परिवार सहित हत्या किए जाने की धमकी मिली है। जिसकी सूचना दूसरी बार कोतवाली पुलिस को दी गई है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-21 रंपुरा बस्ती निवासी विहिप धर्म प्रचार के पूर्व महानगर अध्यक्ष विपिन शर्मा उर्फ बिट्टू ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन अगस्त 2024 की सुबह मोबाइल पर व्हाटसअप कॉल आयी। जिसका कोड पाकिस्तान है और व्हाट्सएप कॉलर की पुलिस वर्दी में डीपी लगी है। कॉलर ने अभद्रता करते हुए पहले धमकाया और फिर जल्द परिवार सहित हत्या करने की धमकी दी और कॉल काट दी। विहिप नेता बिट्टू शर्मा का कहना था कि 23 मई 2024 को भी पाक कोड नंबर से पहली कॉल आई थी, लेकिन इस बार व्हाट्सएप कॉल का नंबर अलग है। उन्होंने बताया कि वह हिंदू समाज को जागरूक करने के लिए आवाज उठाते रहते हैं। यही कारण हो सकता है कि उन्हें धमकियां मिल रही होंगी। शिकायतकर्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि तहरीर आने के बाद नंबर की जांच की जा रही है। जल्द ही जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फौजी के घर से लाखों के जेवर व नगदी उड़ा ले गए चोर

### कुछ दिन पूर्व ही बहू के डिलीवरी के चलते बेटे के पास पश्चिम बंगाल गई थी मां, रविवार सुबह बहन पहुंची तो सामान बिखरा देख उड़े होश

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी में बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोर वहां से 15 हजार की नगदी समेत लाखों के जेवरात उड़ा ले गए। गृह स्वामी की बहन ने चोरी की घटना की प्राथमिकी पुलिस में दर्ज करा दी है।

शांतिपुरी नंबर दो से लगे बिंदुखता गांधीनगर प्रथम में भारतीय सेना में सेवारत महेश सिंह टाकुली का दो मंजिला मकान है। घर पर उसकी मां रामुली देवी रहती थी। बहू की डिलीवरी होने के कारण बीते 20 जुलाई को वह घर की चाबियां गांधीनगर प्रथम निवासी अपनी विवाहित बड़ी बेटी पुष्पा देवी को सौंपकर पश्चिम बंगाल बेटे के पास चली गई। 23 जुलाई को बहू की डिलीवरी हो गई और 25 जुलाई को उनकी बड़ी बेटी पुष्पा देवी ने घर की साफ सफाई की।

करीब एक सप्ताह बाद रविवार 4 अगस्त की प्रातः11 बजे पुष्पा जब पुनः साफ सफाई के लिए भाई के घर पहुंची तो घर में सारा सामान बिखरा हुआ देख उसके होश उड़ गए। उसने देखा कि मकान के पीछे साइड से खिड़की की ग्रिल व अंदर के तीन दरवाजों के लॉक तोड़कर चोर घर का सारा सामान उड़ा ले गए थे।

उन्होंने तुरंत घटना की तहरीर लालकुआं कोतवाली को दे दी है। दूरभाष से पश्चिम बंगाल स्थित महेश टाकुली की मां रमुली देवी ने बताया कि घर की तिजोरी में 15 हजार की नगदी, एक तोला सोने का मंगलसूत्र, बहू के कान के डेढ़ तोले के दो जोड़ी झुमके, एक तोले की नथ, आधा तोले का मांग टीका तथा डेढ़ तोले की दो अंगूठियां एवं आठ तोला चांदी के पायल व बिच्छू रखे थे। जो चोरी हो गए हैं। इधर लालकुआं पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना से लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा रात्रि गश्त नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की है। फिलहाल लालकुआं पुलिस मकान से फिंगर प्रिंट व अन्य जानकारियां जुटाने में जुटी हुई थी।



बिंदुखत्ता गांधीनगर प्रथम में चोरी के बाद घर का सारा सामान बिखरा हुआ।



बिंदुखत्ता गांधीनगर प्रथम में मकान से फिंगर प्रिंट उठाती पुलिस टीम।



जीवनपुर में चोरों द्वारा अस्त-व्यस्त किया गया सामान। ● अमृत विचार

#### चोरों ने बंद घर से उड़ाए नगदी और जेवर

**सुल्तानपुर पट्टी :** शनिवार देर रात ग्राम राम जीवनपुर में चोरों ने चार घरों में घुसकर कीमती सामान के साथ नगदी पर हाथ साफ किया। पीड़ितों ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। ग्राम रामजीवनपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार अपने परिवार के साथ बैलपड़ाव में काम करता है। रामजीवनपुर में उसके घर में ताला लगा हुआ था। रविवार सुबह पड़ोसियों ने धर्मेंद्र कुमार के घर की खिड़की पर लगी जाली टूटी हुई देखी और धर्मेंद्र को सूचना दी। मौके पर आकर धर्मेंद्र ने देखा कि घर में अलमारी और संदूक का ताला टूटा था और घर में रखी लगभग 70 हजार की नगदी और जेवर गायब थे। धर्मेंद्र ने नगदी व जेवर की कीमत 2.50 लाख बताई है। रामचंद्र ने बताया कि चोर गुल्लक में जमा रुपये व पेंट की जेब में रखे 8200 रुपये ले गए। एक अन्य घटना में केवल सिंह और धर्म सिंह ने बताया कि वह घर की छत पर सो रहे थे। तभी चोर घर में से पांच-पांच हजार रुपये और सोने- चांदी के चुरा ले गए।

### घर में घुसकर दो सगी बहनों पर किया हमला

**बाजपुरः** अज्ञात युवकों ने घर में घुसकर दो सगी नाबालिग बहनों के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की। उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर दे दी है।

ग्राम मुड़िया पिस्तौर देहात निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि अनजान व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर फोन करके परेशान किया जा रहा था। जिससे 15 व 10 वर्षीय दो सगी बहनों की उससे बहसबाजी हो गई। आरोप है कि कुछ देर बाद तीन-चार युवक उनके घर पर आ धमके और दोनों बहनों पर हमला कर दिया जिसमें दोनों बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपित फरार हो गए। घायल बहनों को पुलिस के माध्यम से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। गांव में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# युवक को लाठी-डंडों से पीटने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

#### कार्रवाई

- वीडियो वायरल होने के बाद एसएसआई ने दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शनिवार शाम एक युवक को लाठी से पीटने के प्रकरण में कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने आरोपी दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया कि बेरहमी से पिटाई की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया था।

बताते चलें कि शनिवार की शाम पांच बजे के करीब सिंह कॉलोनी स्थित एक मार्ट के सामने दो युवक एक युवक को लाठी और लात-घूसों से बेरहमी से पीट रहे थे। आरोप था कि युवक पर चोरी करने का संदेह था, जबकि खून से लथपथ युवक बार-बार छोड़ देने की गुहार लगा रहा था। इसी दौरान जब पिटाई का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस में हड़कंप मच गया। प्रकरण की भनक लगते ही कोतवाली में तैनात एसएसआई अशोक कुमार ने शीघ्र मौका मुआयना किया और मौके से दो युवकों को हिरासत में ले लिया था।

एसएसआई ने दर्ज मुकदमे में भी यही जिक्र किया है कि सार्वजनिक स्थान पर युवक की पिटाई के बाद कई भागों से खून निकल रहा था और गंभीर चोटें भी आई है। जो कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 117(2) की हद को पार करता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# नजूल भूमि पर स्टांप ड्यूटी माफ करने की मांग

#### ज्ञापन सौंपा

- निवर्तमान मेयर ने सीएम को सौंपा ज्ञापन
- कहा-स्टांप ड्यूटी माफ होने से गरीबों को मिलेगी सुविधा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम रुद्रपुर के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने विगत देर रात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से हल्द्वानी में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही भूमि पर स्टांप ड्यूटी माफ करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

निवर्तमान मेयर ने बताया कि लम्बे संघर्ष के बाद रुद्रपुर के लोगों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक की सौगात मिली है। सरकार ने गरीबों को निःशुल्क मालिकाना हक देकर ऐतिहासिक काम किया है। यह सब मुख्यमंत्री धामी की गरीब के कल्याण की सोच की बदौलत ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के ध्येय पर काम कर रही है। नजूल भूमि पर मालिकाना हक इसका प्रमाण है। उन्होंने बताया कि 50 वर्ग मीटर भूमि पर निशुल्क मालिकाना हक देने की रजिस्ट्री प्रक्रिया करवाने में गरीब लोगों को स्टांप ड्यूटी के रूप में अत्यधिक खर्च आ रहा है। अगर मुख्यमंत्री धामी इसे माफ कर देते हैं तो इससे गरीब जनता को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।



सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपते निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह। ● अमृत विचार

# विवाहिता को प्रताड़ित करने वाले ससुरालियों पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके की रहने वाली विवाहिता ने पति पर धोखे से शादी करने और ससुराल पक्ष पर बीमार होने का ताना देकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुरालियों ने पति के कई महिलाओं से अवैध संबंध होने की बात छिपाई और दहेज नहीं देने पर मानसिक यातनाएं दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास निवासी प्रभा शर्मा ने बताया कि उसकी दूसरी शादी पानीपत हरियाणा निवासी अंकित गर्ग से हुई थी। जो कि वर्तमान में सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत है। बताया कि 23 नवंबर 2023 को आर्य समाज मंदिर में उनका विवाह हुआ और शादी के बाद वह धर्मपुर स्थित एक कॉलोनी में ससुराल आकर रहने लगी। कुछ सप्ताह बाद पति, ससुर, सास उसे बेवजह बीमार होने का ताना मारने लगे और यातनाएं देने लगे। कुछ दिनों बाद पता चला कि उसके पति के कई महिलाओं से अवैध संबंध हैं। नवंबर 2023 में जब एक महिला से उसके अफेयर का पता चला तो उसने विरोध किया। जिससे बौखलाकर पति ने 2 मई को उसके खानदान को खत्म करने की धमकी दी और हाथापाई की। विवाहिता का आरोप था कि ससुरालियों ने धोखा देकर बेटे से शादी करवाई और बार-बार दहेज नहीं देने पर शारीरिक व मानसिक यातनाएं देने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### लापरवाही

### घटना के कारण 40 मिनट तक बंद रहा फाटक, फाटक के दोनों ओर लगा लंबा जाम

# पिकअप चालक ने रेलवे फाटक का गेट तोड़ा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चीमा चौराहे स्थित रेलवे फाटक के गेट पर एक पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद पिकअप चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। वहीं टक्कर के चलते गेट क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मियों ने गेट को ठीक किया। इस दौरान 40 मिनट तक फाटक को बंद करना पड़ा। जिसके चलते फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

रविवार सुबह 11 बजे ट्रेन आने पर चीमा रेलवे फाटक रोज की तरह की बंद किया गया था। रेल के जाने के बाद फाटक को खोला गया। इस बीच कुंडेश्वरी रोड से चीमा चौराहे को आने वाले एक पिकअप चालक ने फाटक के गेट पर जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद पिकअप चालक पिकअप को मौके से लेकर फरार हो गया। वहीं टक्कर से फाटक का गेट क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद कई घंटे की मशक्कत के बाद गेट को ठीक किया गया। उधर गेट के ठीक होने के बाद गेट को वापस लगाने के दौरान लोगों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा। करीब 40 मिनट तक फाटक बंद रहने से फाटक के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। इधर आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि मैमो मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



काशीपुर में गेट क्षतिग्रस्त होने से लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

### मगरमच्छ के आबादी में आने से मचा हड़कंप

**खटीमाः** मझोला गांव की मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र में शनिवार देर रात मगरमच्छ आ जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर बड़ी मुश्किल से मगरमच्छ को भगाया। इसके बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। मझोला गांव के पानी निकासी वाले नाले में पिछले एक एक साल से मगरमच्छ रह रहा है और कई बार ग्रामीणों को दिखाई देता है। पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को मगरमच्छ होने की सूचना दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। देर रात मगरमच्छ नाले से निकलकर आबादी के बीच पहुंच गया और लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे मगरमच्छ को नाले की ओर भगा दिया।

# अगस्त क्रांति दिवस मनाने पर मंथन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने 9 अगस्त को मनायी जाने वाली अगस्त क्रांति दिवस की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

रविवार को नारायणपुर में आयोजित एक बैठक के दौरान पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगस्त क्रांति दिवस देश की स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है और इसे मनाने का उद्देश्य आज की पीढ़ी को देशभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के योगदान से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा के तहत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शहीदों को श्रद्धांजलि और विभिन्न वक्ताओं के विचार शामिल होंगे। सभी सेनानी परिवार एवं स्थानीय नागरिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, मनमोहन सक्सेना, अनिल यादव, महामंत्री शशिकांत मिश्रा, सुशील यादव, ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, किसान नेता नारायण पाठक, अखिलेश यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते पूर्व विधायक राजेश शुक्ला। ● अमृत विचार

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥

सिर्फ इच्छा करने से उसके काम पूरे नहीं होते, बल्कि व्यक्ति के मेहनत करने से ही उसके काम पूरे होते हैं। जैसे सोए हुए शेर के मुंह में हिरण स्वयं नहीं आता, उसके लिए शेर को परिश्रम करना पड़ता है।

## संपादकीय

# पड़ोस में अशांति

पड़ोसी देश बांग्लादेश में आरक्षण विवाद के चलते एक बार फिर से हिंसा ने तेजी पकड़ ली है। रविवार को हुई हिंसक झड़प में 32 से अधिक लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेश में छात्र सरकारी नौकरियों के लिए कोटा प्रणाली को खत्म करने की मांग को लेकर एक महीने से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे है। जबकि बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों के लिए जिम्मेदार विवादास्पद कोटा को काफी कम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग में हिंसा में फंसे पुलिस अधिकारियों के लिए सजा और गृहमंत्री का इस्तीफा भी शामिल है। एक ओर प्रदर्शनकारियों और दूसरी ओर सुरक्षा बलों और सत्तारूढ़ अवामी लीग की छात्र शाखा के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों में अब तक देश भर में 200 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने कहा कि विरोध के नाम पर बांग्लादेश में तोड़फोड़ करने वाले लोग छात्र, नहीं बल्कि आतंकवादी हैं। उधर प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री हसीना के वार्ता के निमंत्रण को खारिज कर दिया।

गौरतलब है कि आरक्षण के तहत 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। सरकार का आरोप है कि घातक विरोध प्रदर्शन के पीछे जमात-ए-इस्लामी है और सरकार ने जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की है। जमात, जो पहले से ही चुनाव नहीं लड़ सकती है, नए प्रतिबंध के तहत सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने में भी सक्षम नहीं होगी। सरकार ने दावा किया कि इस कदम का उद्देश्य हाल के हफ्तों में बांग्लादेश में हुई हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करना है। दरअसल हाल के विरोध प्रदर्शनों में जमात की कथित भूमिका की बारीकी से जांच की जानी चाहिए। हालांकि प्रधानमंत्री पहले ही हिंसा की न्यायिक जांच का वादा कर चुकी हैं। महत्वपूर्ण है कि जांच तेजी से, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाए ताकि आम बांग्लादेशियों और भारत सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की नजर में इसकी वैधता बनी रहे, जो देश में हाल की घटनाओं से चिंतित है। देश में हिंसा का जो भयावह दौर चल रहा है, उस पर रोक लगाने के लिए बांग्लादेश सरकार को देश के लिए महत्वपूर्ण क्षण में अपने दृष्टिकोण पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। इसकी शुरुआत विशेषकर युवा प्रदर्शनकारियों की बात सुनकर हो सकती है।

# चुनौतीपूर्ण है सर्प विष प्रोटीन्स से बेहतर दवा का विकास


**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> सर्पदंश से सर्वाधिक प्रभावित इलाकों की भारत में की गई मैपिंग से मालूम होता है कि नाग या कोबरा के अलावा वाइपर और करैत के दंश से अत्यंत तेज विष के प्रभाव से भारत में हर साल करीब 12 लाख जन पीड़ित होते हैं, जिनमें से 62 हजार की मौत होती हैं। अप्रैल से सितंबर के महीनों में सर्पदंश की वारदात अधिक रहती है।

इस वर्ष अभी तक देश में करीब 12 हजार जनों को सर्पदंश होने के बाद से इनमें से 250 से अधिक मर चुके हैं। बेसिक और एप्लाइड रिसर्च के अनुसार विभिन्न प्रकार के जहरीले सांपों के विष या टॉक्सिक प्रोटीन्स की आणविक संरचना निराली होती है। सर्पदंश से सर्वाधिक पीड़ित और संभावना वाले भारत के भौगोलिक क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य और डाटा-पूलिंग किया गया है। सर्प विष में मौजूद टॉक्सिक प्रोटीन्स से डायग्नोस्टिक और थेराप्युटिक टूल्स का विकास हुआ है।

स्नेक टॉक्सिन्स पर बहुविध रिसर्च से अब भरपूर मात्रात्मक और गुणात्मक जानकारी मौजूद है। जैसा कि एनिमल्स जर्नल के 12 अगस्त सन 2022 में प्रकाशित और स्कोपस डाटाबेस से 2999 रिसर्च पेपर्स का संदर्भ लेकर किए गए अध्ययन बिब्लियोमीट्रिक एनालिसिस ऑफ लिटरेचर इन स्नेक वेनम-रिलेटेड रिसर्च वर्ल्डवाइड (1933-2022) से मालूम होता है। इन अध्ययनों से स्थापित निष्कर्षों की सटीकता या वेलिडेशन के लिए इन स्टडीज की डिजाइनिंग इस प्रकार से की गई थी, जिससे स्टेटिस्टिकल एनालिसिस करते समय डाटा संबंधी अक्षमता से न जूझना पड़े। सितंबर 1964 में नेचर जर्नल में इफेक्ट ऑफ स्नेक वेनोम एंड एंडॉटॉक्सिन ऑन कॉर्टिकल इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी पेपर का प्रकाशन किया था, जिससे मालूम हुआ कि मानव मस्तिष्क की रचना में बाह्य परत-सेरिब्रल कॉर्टेक्स, पर सर्प विष प्रभाव डालकर एन्द्रिक संचेतना, शरीर की मांसपेशियों में हलचल, अंग संचालन और विचार प्रक्रिया को नष्ट करता है।

29 जुलाई 2024 के बीएमसी बायोलॉजी के अंक में प्रकाशित एक रोचक अध्ययन फ्रॉम बर्थ बाईटः द एल्व्युश्नरी इकोलॉजी ऑफ इंडियाज मेडिकली मोस्ट इम्पोर्टेन्ट स्नेक वेनम्स यह मालूम करने के लिए किया गया कि मल्टीवेलेंट एंटीवेनिन दवा की विषहारी क्षमता नाग और रसेल वाइपर (दबोया रसल्ली) के विषों की बनावट के कारण मनुष्य के शरीर पर असर डालने की प्रक्रिया को रोकने में किस स्तर तक प्रभावी है। उक्त दोनों किस्म के सर्प विषों के अलावा वाइपर की अन्य किस्मों के जहर का प्रभाव भी मनुष्य शरीर में अलग तरह से होता है। शोधकर्ताओं ने संकेत किया है कि एंटी वेनिन्ज को असरदार बनाने के लिए टीका निर्माण में मौलिक स्तर पर टेक्नोलॉजिकल संशोधन करने की जरूरत है। भारत में पुरानी और नई दोनों ही तकनीक से सर्प विष रोधी वैक्सीन बनाई जा रही हैं। पेप्टाइड थेराप्यूटिक्स असल में विषैली प्रोटीन्स को दवा के रूप में इस्तेमाल करने हेतु ज्ञान सृजन की एक प्रक्रिया है। सर्प विषों की टॉक्सिनोलॉजी और फार्माकोलॉजी में उन्नत शोधकार्य ने सन 1999 के बाद गति पकड़ी है। इतिहास देखें तो इसकी नींव उन्नीसवीं सदी के अंत में ही पड़ चुकी थी। भारत में जहरीले सांपों की नेचुरल हिस्ट्री के प्रलेखन और घातक टॉक्सिन्स की पहचान को लेकर अंग्रेज अधिकारियों ने जैसा काम किया था उससे संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध हैं।

> बायो-एक्टिव मैटेरियल्स जर्नल में अमेरिका में कार्यरत चीन मूल के नौ वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से रिकॉम्बिनेंट डीएनए तकनीक से नैनो-टॉक्साइड बनाया था, जो कॉमन करैत सांप के जहर की चार प्रोटीन्स को निष्क्रिय करने की क्षमता रखता है।

कलकत्ता में रहने वाले प्रकृति अध्येता और जीव विज्ञानी जोसेफ फ्रेयर ने नेचर के सन 1883 के अंक में प्रकाशित एक नोट में बताया था कि उपलब्ध सूचना के आधार पर सन 1880 में ही भारत में सर्पदंश से 19060 लोगों ने प्राण गंवाए। भारत के 278 किस्म के सांपों की जानकारी यूरोपियन तरीके से सन 1793 से अंग्रेजों ने इकट्ठा करना शुरू कर दी थी। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय से सांपों के स्पेसिमेन और लोकल जानकारी को लंदन में कंपनी के हेडक्वार्टर, इंडिया हाउस में भेजा जाता था। लंदन में बैठे हुए डॉ. पैट्रिक रसेल, व्यवस्थित करके इसका प्रकाशन करते रहे। एनल्स ऑफ मेडिसिन (लंदन) के सन 1797 के अंक में कोरोमंडल तटीय प्रदेश के सांपों पर डॉ. रसेल का प्रकाशन है। इसे एक दस्तावेज के रूप में रंगीन चित्रों सहित सन 1801 में प्रकाशित किया गया। भारत में अंग्रेज डॉक्टर साधारण और प्रारंभिक तरीकों से अमोनिया, ब्रांडी और शोरे से सर्पदंश की चिकित्सा करते रहे थे। भारत अब सपेरों या स्नेक चार्मर्स के अपेक्षा स्नेक टॉक्सिन्स पर रिसर्च में कार्य करने में अव्वल देशों की श्रेणी में और और सर्प विष डायग्नोस्टिक सीरम-एंटीबाडीज और एंटी-वेनिन के निर्माण में अग्रणी भी है। देश में कसौली, बॉम्बे, गिंडी (चेन्नई), कोलकाता, पुणे और हैदराबाद में प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र की आठ कंपनियां एंटीवेनिन वैक्सीन की 10 एमएल मात्रा के करीब 70 लाख टीकों का उत्पादन हर साल करती हैं।

सर्पदंश से सर्वाधिक प्रभावित इलाकों की भारत में की गई मैपिंग से मालूम होता है कि नाग या कोबरा के अलावा वाइपर और करैत के दंश से अत्यंत तेज विष के प्रभाव से भारत में हर साल करीब 12 लाख जन पीड़ित होते हैं, जिनमें से 62 हजार की मौत होती हैं। अप्रैल से सितंबर के महीनों में सर्पदंश की वारदात अधिक रहती है। सर्प विष से नष्ट हुए ऊतकों के पुनर्निर्माण की रचना प्रक्रिया शुरू करने के लिए आयुर्वेद में वर्णित जड़ी-बूटियों से उपचार की संभावना की ओर ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड इंफेक्शस डिजीजेस के जून 2022 के अंक में प्रकाशित अध्ययन ए कंटेम्परी एक्सप्लोरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडियन स्नेक एन्वीनोमेशन थेरापीज से उम्मीद जागृत होती है। पीड़ित व्यक्ति में टिश्यू डैमेज जैसी विकृतियों के समाधान के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धितयों में वर्णित थेरेपीज की वेलिडेशन स्टडीज की जरूरत अब महसूस होती है। कॉमन बैंडेड करैत प्रजाति के विष बुन्गारोटॉक्सिन की पांच प्रकार की विशिष्ट न्यूरोटॉक्सिक प्रोटीन्स शरीर में अलग स्थलों पर पहुंचकर घातक असर डालती हैं। सन 1963 में ताइवान नेशनल यूनिवर्सिटी में हुआन शियुंग चांग और शेन-हु-आन ली ने एलेक्ट्रोफोरेसिस तकनीक से इन पांच प्रोटीन्स में से चार टॉक्सिन्स और इनके एक्टिंग मैकेनिज्म के अलावा शरीर की कोशिकाओं पर मौजूद उन ग्राह्य-संवेदियों या रिसेप्टर्स की पहचान की थी, जो इस टॉक्सिन के अणु के साथ चिपक कर कोशिका के भीतर पहुंचने में मददगार है।

बायो-एक्टिव मैटेरियल्स जर्नल में अमेरिका में कार्यरत चीन मूल के नौ वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से रिकॉम्बिनेंट डीएनए तकनीक से नैनो-टॉक्साइड बनाया था, जो कॉमन करैत सांप के जहर की चार प्रोटीन्स को निष्क्रिय करने की क्षमता रखता है। सर्पदंश के बाद यथाशीघ्र इसे प्रोफाइलेक्टिक या बचाव टीके के रूप में व्यक्ति के शरीर में इंजेक्ट किए जाने से प्राणरक्षा होने का परीक्षण किया गया था। मालूम हुआ कि ये नैनो-टॉक्साइड्स जरूरी स्तर तक शरीर में एंटीबाडीज का निर्माण करने में सक्षम हैं और करैत विष प्रोटीन्स के अणुओं को जकड़ कर निष्क्रिय करती हैं। भारत में बनी हुई एंटीवेनिन वैक्सीन की पोटेन्सी कम है, ऐसा संकेत कुछेक रिपोर्ट्स में दर्ज हुआ है जैसेकि नेचर जर्नल के 15 दिसंबर 2019 के अंक में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु में काम करने वाले एक युवा वैज्ञानिक कार्तिक सुनगर और साथियों द्वारा किया गया अध्ययन। पीजीआई, रोहतक (हरियाणा) के इंटरनल एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. ध्रुव चौधरी का कहना है कि सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति में कोशिकाओं की मृत्यु की प्रक्रिया शुरू होने से सांस लेना दूभर होने लगता है, तब जीवित बचने के अवसर न्यूनतम हो जाते हैं।

वल्नरेबिलिटी टू स्नेकबाइट एनवीनोमिंग ए ग्लोबल मैपिंग ऑफ हॉटस्पॉट्स मैपिंग रिपोर्ट के लांसेट जर्नल में सन 2018 में प्रकाशन के बाद सर्पदंश से प्रभावित (हॉट स्पॉट्स) क्षेत्रों में एंटी-वेनिन वैक्सीन की समुचित मात्रा भारत में कम्युनिटी या प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स के स्तर तक रखने की हिदायत की गई थी। साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन जर्नल के 21 फरवरी सन 2024 के अंक में संयुक्त रूप से 25 वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित शोधपत्र सिंथेटिक डेवलपमेंट ऑफ ए ब्रॉडली न्यूट्रलायजिंग एंटीबाडी अगेंस्ट स्नेक वीनोम लॉन्ग चेन एल्फा न्यूरो-टॉक्ससिंस बायो-इंजीनियर्ड सर्प विष रोधी वैक्सीन के विकास की दिशा में बड़ा कदम इसलिए है कि यह अनेक प्रकार की प्रोटीन संरचना वाले सर्प विष के विरुद्ध उपलब्ध वैक्सीन्ज़ के मुकाबले में अधिक क्रॉस-रिएक्टिव या कारगर पाई गई। सर्प विष में एंटीजेनिक वैरिएबिलिटी होने के बावजूद उक्त रिसर्च के नतीजे से ड्रग इंडस्ट्री विशिष्ट किस्म की कारगर दवा का इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन कर सकती हैं। इससे पहले एकत्रित की गईं विभिन्न मॉलिक्यूलर संरचना वाली सर्पविष-प्रोटीन्स को प्युरिफाई करने के बाद इन्हें एनिमल मॉडल में टेस्ट करना, एंटी-जेनिक वैरिएबिलिटी को ध्यान में रखते हुए विषहरण एंटीबाडीज को डिजाइन करना और इनके असर को सटीक बनाना चुनौतीपूर्ण है।

## प्रसंगवश

# लाखों के स्वर थे जनेश्वर मिश्र


**मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'**
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

जनेश्वर मिश्र के विषय में राजनीति की समझ रखने वाले लोग बखूबी जानते हैं, लेकिन उनके व्यक्तित्व के कई पहलू अब भी आम जन मानस से अछूते ही रह गए। इलाहाबाद में छात्र आंदोलन से निकलकर जीवन पर्यंत लोहिया के समाजवाद को चिंतन चरित्र में आत्मसात करने वाला व्यक्तित्व आजादी के बाद देश के राजनैतिक इतिहास में दूसरा मिलना दुर्लभ ही है। जनता के साथ संवेदना से जुड़कर उनके जीवन को बेहतर बनाने में प्रतिबद्धतापूर्ण रवैये ने उन्हें समकालीन नेताओं से मीलों आगे कर दिया।

इलाहाबाद में दिलखुशा आवास कई दशकों तक हाशिए के लोगों के लिए उम्मीद का केंद्र हुआ करता था। शोषितों, पीड़ितों, गरीबों, मजलूमों सहित महिला और अल्पसंख्यकों के प्रति उनका खुला समर्थन था। संघर्ष के बल पर अपनी पहचान बनाने के लिए वो लगातार प्रेरित और प्रशिक्षित करते रहते थे। राजनैतिक कार्यकर्ताओं के टूटे मनोबल को जोड़ने और उन्हें हर हाल में डटे रहने का संबल प्रदान करने में उनका कोई जोड़ नहीं था। अपने संपर्क में रहने वाले पूंजीपतियों के धन संग्रहण की प्रवृत्ति को जानते हुए उनके द्वारा आमजन को सहयोग करने के लिए कड़ा स्टैंड लेने से कतई गुरेज नहीं करते थे। उनका स्वभाव खुले हाथ और खुले मन से जरूरतमंदों की मदद करने का था। साथ ही अपने संपर्क में रहने वाले लोगों में भी यह मानवीय गुण विकसित करने में प्रयासरत रहते थे। जनेश्वर जीवनभर अपने नाम के अनुरूप लाखों भारतीय के जन-स्वर थे। ताउम्र संसाधनों के अभाव में जिए, लेकिन जीवटता और जिजीविषा का व्यक्तित्व पर ऐसा आवरण बना रहा कि संसाधन भी उनके सम्मुख लाचार दिखाई दिए। यूं तो वे लोहिया की परंपरा के प्रतिबद्ध अनुगामी के तौर पर छोटे लोहिया के नाम से मशहूर हुए, लेकिन अंतिम सांस तक देश के अग्रिम पंक्ति के नेता होने के बाद भी सामान्य जीवन व्यतीत करते हुए सरकारी ऐशो आराम को ठुकराकर वास्तविक अर्थों में लोहिया की सोच से काफी आगे चले गए।

# संविधान पीठ का समतामूलक निर्णय


**डॉ. हेमंत कुमार जोशी**
नैनीताल

> वास्तविकता ये है कि जातिगत आरक्षण का सारा लाभ ऐसे वर्ग को मिल रहा है, जिनके पास सब कुछ है और जिन्हें आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है।

गत 1 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चन्द्र चूड़ सहित सात सदस्यीय न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित सभी विधि विशेषज्ञों की समतामूलक समाज भावना को आगे बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय दिया।

यह निर्विवाद सत्य है कि भारतीय संविधान की निर्मिति से पूर्व भारत में दलितों, महिलाओं, पिछड़े वर्ग के लोगों का शोषण किया गया। यहां तक कि भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी इतना शिक्षित कानूनविद् होने के पश्चात भी भारतीय समाज में अपमान/शोषण का अनुभव किया। इसी को देखते हुए आंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय तथा प्रतिष्ठा अवसर प्राप्ति प्रतिनिधित्व के लिए समाज की मुख्यधारा से दूर सामाजिक-शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए संविधान के प्रथम संशोधन 1951 के तहत अनुच्छेद 15 (घ) तथा अनुच्छेद 16 (घ) के द्वारा सार्वजनिक सरकारी संस्थाओं में नियुक्ति हेतु आरक्षण का प्रावधान किया गया तथा आवेदन शुल्कादि में भी छूट प्रदान की गई, जो तत्कालीन भारत में समतामूलक समाज के लिए अनिवार्य भी था।

आंबेडकर ने कहा था कि आरक्षण का मतलब बैसाखी नहीं, सहारा है, उन्होंने स्वयं संविधान बनाते वक्त उसमें आरक्षण की स्थाई व्यवस्था नहीं की थी। उन्होंने कहा था '10 साल में यह समीक्षा हो कि जिन्हें आरक्षण दिया गया, क्या उनकी स्थिति में कोई सुधार हुआ या नहीं'? इसके पीछे उन्होंने कारण बताया था कि आरक्षण का मतलब बैसाखी नहीं है, जिसके सहारे पूरी जिंदगी काट दी जाए। यह विकसित होने का एक मात्र अधिकार है। इसी कारण संविधान में आरक्षण की स्थाई व्यवस्था नहीं की थी, उन्होंने अगले 10 वर्षों के बाद तत्कालीन विधायिका एवं सरकार के प्रति यह कार्य छोड़ दिया था, लेकिन फिर आरक्षण व्यवस्था वर्ग हित नहीं अपितु धीरे-धीरे राजनैतिक रूप लेती रही और प्रति दस वर्ष में इसमें जातिगत संविधान संशोधन होते रहे और 75 वर्ष व्यतीत होने पर परिणाम यह रहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति के लाखों गरीबों को एक बार भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाया और इतने वर्ष व्यतीत होने पर भी वे आज तक समाज की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए। दूसरी तरफ इसी वर्ग के लाखों लोग पुनः-पुनः आरक्षण का लाभ लेकर करोड़ों संपत्तियों के स्वामी हैं और उच्च पदों में आसीन हैं, जो डॉ. भीमराव आंबेडकर के निर्मित संविधान की मूल भावना के प्रतिकूल ही लगता है।

आरक्षण की अवधारणा के विपरीत वास्तविकता ये है कि जातिगत आरक्षण का सारा लाभ ऐसे वर्ग को मिल रहा है, जिनके पास सब कुछ है और जिन्हें आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है। आरक्षित वर्ग के बहुत से लोग उच्च पदों पर पहुंच चुके हैं। इनमें कुछ करोड़पति तो कुछ अरबपति भी हैं। बावजूद आरक्षित जाति का होने की वजह से उनके बच्चे भी आरक्षण सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। बुद्धजीवी अक्सर सवाल उठाते रहे हैं कि ऐसे लोगों के लिए आरक्षण क्यों? इसी तरह आरक्षित वर्ग के बहुत से लोग जो मुस्लिम या ईसाई धर्म अपनाकर सामान्य वर्ग में आ चुके हैं, वह भी गैरकानूनी तरीके से आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं, जो स्वयं ही आत्मानुशीलन का विषय है।

इसी के साथ देश में समरूपता/ समानता लाने के लिए लोकसभा-विधानसभाओं में भी एससी-एसटी आरक्षित सीटों पर क्रीमीलेयर सिद्धांत का क्रियान्वयन करना वर्तमान की आवश्यकता है और महिला आरक्षण में भी क्रीमीलेयर महिला की पहचान किया जाना आवश्यक है तथा ईडब्ल्यूएस में भी पारिवारिक वार्षिक आय कम किया जाना सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए वास्तविक कल्याण परक होगा। यह सुखद है कि भारत की सर्वोच्च सात सदस्यीय संविधान पीठ के द्वारा दिया हुआ निर्णय का विभिन्न क्षेत्रीय राज्यों के राजनैतिक दल समर्थन कर रहे हैं और देश के बुद्धिजीवी एवं समतामूलक समाज भी इसके समर्थन में खड़ा है। देश में आर्थिक समानता लाने और 1950 से अभी तक ऐसे एससी-एसटी वर्ग, जिसको एक बार भी संविधान के तहत दिए आरक्षण के अधिकार को वंचित किए जाने से मुख्यधारा से नहीं जोड़ा जा चुका है। ऐसे एससी-एसटी समाज के गरीबों के लिए यह निर्णय भविष्य में लाभप्रद होगा। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचार सार्थक होंगे और उसी समाज में जो उच्च-नीच की खाई बन चुकी है, वह निश्चित ही दूर होगी और इसमें क्रीमीलेयर एससी-एसटी वर्ग को भी राष्ट्र प्रथम की भावना से इस निर्णय का स्वागत किया करना चाहिए।

## सोशल फोरम

# चुप्पी साध लेने वालों से सवाल

> आश्चर्य इस बात का भी है कोई रेप केस भारत के बाहर दुनिया के तमाम अखबारों में चर्चित हो जाता है और कोई गुमनामी में डूब जाता है या डूबा दिया जाता है।


**कर्मेंदु शिशिर**
वरिष्ठ लेखक

एक बारह साल की बच्ची से गैंग रेप ने अनेक राजनीतिक दलों और राजनेताओं को पूरी तरह निर्वस्त्र कर दिया। जिस देश और समाज में रेपिस्ट की जाति होती हो, धर्म होता हो और जिसका रेप हुआ है उसकी भी जाति और धर्म होता हो। इसी आधार पर यह तय होता हो कि कौन किसका पक्ष लेगा। किसको चुप्पी साध लेनी है और किसको मुखर होना है?

इस तरह सारे दल कभी यह तो कभी वह निर्वस्त्र हो जाते हैं। इसी लोकतंत्र को बचाना है, इसी लोकतंत्र की रक्षा करनी है? राजनेताओं के अलावा बुद्धिजीवियों, प्रबुद्ध नागरिकों, पत्रकारों और लेखकों को भी चुनाव लड़ना है क्या? वे सारे क्यों चुप हैं? वह पीड़िता बारह साल की है वह न भाजपाई है, न कांग्रेसी, न अंबेडकरवादी और न समाजवादी। फिर भी चुप्पी? हाय रे लोकतंत्र! इस लोकतंत्र पर तो बलि-बलि जाऊं की इच्छा हो रही है। ये सब किस सोच में हैं कि इस जघन्य कांड में मुंह खोलना सांप्रदायिक हो जाना होगा या धर्मनिरपेक्ष? शर्म और बेहायेपन का भेद ही मिट गया है। ठेंगे पर राजनीति और विचार, सांप्रदायिकता और धर्मनिरपेक्षता। बतौर एक लेखक हर उस रेप पीड़िता के साथ हूं। हर सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष रेपिस्ट के विरुद्ध हूं। मैं निहिलिस्ट कहा जा रहा हूं, क्योंकि मैं इस या उस दल के साथ नहीं हूं। सोल्जेनित्सिन ने कहा था एक लेखक युद्ध में हमेशा अकेला होता है और दूसरी तरफ सारी दुनिया। आश्चर्य इस बात का भी है कोई रेप केस भारत के बाहर दुनिया के तमाम अखबारों में चर्चित हो जाता है और कोई गुमनामी में डूब जाता है या डूबा दिया जाता है। आगे कवियों से सवाल पूछा जाएगा तुमने जिस रेप पीड़िता पर कविता लिखी थी, वह किस जाति और किस धर्म की थी? इसके अलावा यह भी बताना रेपिस्ट किस जाति और किस धर्म का था? अंत में यह सवाल हर चुप्पी साध लेने वाले से भी किया जाना चाहिए कि तुम्हारी जाति और तुम्हारा धर्म क्या है?

-फेसबुक वॉल से

# असमान जीनोटाइप की भिड़ंत का मुद्दा


**डॉ. अरविंद मिश्र**
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मुक्केबाजी की पेरिस ओलंपिक प्रतियोगिता में दो असमान जीनोटाइप की भिड़ंत का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। एक्सवाई जीनोटाइप जो प्रायः पुरूष का ही जेनेटिक लैंगिक सेटअप है, में आमतौर पर मांसपेशियों की ताकत और गति जैसी शारीरिक विशेषताएं होती हैं, जो खेलों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान कर सकती हैं। इसलिए यह मुद्दा निष्पक्षता और खेलों में शामिल होने की खिलाड़ियों की समानता को लेकर एक विश्वव्यापी बहस की शुरुआत कर चुका है। कुछ लोगों का तर्क है कि एक्सवाई जीनोटाइप वाले एथलीटों को महिलाओं की श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देना महिलाओं के खेल के समान स्तर को कमजोर करता है, जबकि अन्य जैसे राष्ट्रीय ओलंपिक समिति अभी भी समावेशिता और मानवीय आधारों पर ऐसी प्रतिस्पर्द्धाओं की स्वीकृति की वकालत करते हैं।

हालांकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन जैसे अधिकांश खेल संगठनों ने ट्रांसजेंडर एथलीटों के लिए अलग नियमों को लागू कर दिया है, जिनमें हार्मोन स्तर की विभिन्नताएं शामिल हैं। फिर भी ये नियम सार्वभौमिक रूप से स्वीकार नहीं किए गए हैं और इसी पर बहस मुबाहिसें चल रही हैं। एक सुझाव है कि एथलेटिक प्रदर्शन पर एक्सवाई जीनोटाइप के प्रभाव और इस मुद्दे को हल करने के लिए निष्पक्ष दिशा-निर्देशों के विकास पर एक वैज्ञानिक सहमति आवश्यक है और कतिपय संभावित समाधान सुझाए गए हैं। जैसे ट्रांसजेंडर एथलीटों के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई जाएं। हार्मोन स्तर की सीमाओं पर संकेतक निर्धारित हों। अलग-अलग लिंग पहचान वाले एथलीटों के लिए स्पष्ट श्रेणियों का वर्गीकरण करना। सभी एथलीटों के लिए निष्पक्षता, समावेश और सम्मान के बीच संतुलन खोजना महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि संबंधित क्षेत्र के आनुवंशिकीविद् और वरिष्ठ डॉक्टरों से जुड़ी एक समिति का गठन किया जाए और उनकी सिफारिशों को दुनियाभर में विभिन्न प्रतिस्पर्धी खेलों से संबंधित सभी संघों द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए। आनुवंशिकीविदों, वरिष्ठ डॉक्टरों और खेल विशेषज्ञों की एक समिति इस जटिल मुद्दे पर सिफारिशें प्रदान करने के लिए गठित की जाएं। उनकी विशेषज्ञता लिंग पहचान और एथलेटिक प्रदर्शन के जैविक और चिकित्सा पहलुओं को संबोधित करने में और मानक निर्धारित करने में मदद करेगी।

ऐसी समिति निम्न प्रावधान सुझा सकती है। प्रतिस्पर्धी खेलों में ट्रांसजेंडर एथलीटों की भागीदारी के लिए साक्ष्य आधारित दिशानिर्देश संस्तुत करना। आनुवंशिक, हार्मोनल और शारीरिक कारकों पर विचार करते हुए लिंग पात्रता के लिए स्पष्ट मानदंड स्थापित करना। विभिन्न खेलों में निष्पक्ष और समावेशी नीतियों को लागू करने के लिए सिफारिशें तथा विभिन्न लिंग पहचान के मुद्दों वाले एथलीटों के लिए मार्गदर्शन। यदि ऐसी समिति की सिफारिशों को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है और अंतर्राष्ट्रीय खेल संघों द्वारा अपनाया जाता है तो यह विभिन्न प्रतिस्पर्धी खेलों और क्षेत्रों में निरंतरता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में मदद करेगा। यह दृष्टिकोण समावेशिता और निष्पक्षता को संतुलित करेगा, जिससे ट्रांसजेंडर एथलीटों के लिए भी वैश्विक प्रतिस्पर्धी खेलों में भाग लेने की अनुमति मिलेगी।

# स्वाभाविक है स्वामी करपात्री का स्मरण


**डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

साधु संत पंच सितारा आश्रमों में रह रहे हैं। उनके प्रवचनों, आसनों और सत्संगों ने आज उद्योग का रूप धारण कर लिया है। वे अरबाधीश हो चुके हैं, किन्तु उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति कितना न्याय किया है? कितने धर्मशास्त्र पढ़े हैं, क्या वे शास्त्रों की व्याख्या कर सकते हैं? उनके आडंबर और आचरण की कथा कहने-सुनने लायक ही नहीं है। ऐसी परिस्थिति में आज इस प्रसंग में स्वामी करपात्री जी का स्मरण आना स्वाभाविक ही है।

इस युग में भारत के धर्मशास्त्र को लेकर जिनका अध्ययन ऋषि-कोटि का था, उनमें एक मनीषी थे स्वामी करपात्री जी। वेदार्थ पारिजात, रामायण मीमांसा जैसे मानक ग्रंथ लिखे थे। वेद-उपनिषद तंत्रशास्त्र भागवत आदि पुराण उन्हें उपस्थित थे। बहुत दिनों तक व्रत निभाया था कि जितना हाथों की अंजलि (करपात्र) में समा जाए उतना ही भोजन ग्रहण करना। दिल्ली में होने वाले महायज्ञ के अवसर पर बिड़ला जी ने कहा आप आज्ञा दें, आपके यज्ञ का पूरा खर्च मैं करूंगा तो करपात्री जी ने कहा कि ठीक है, तुम एक रुपये की सेवा करो। बाकी तो प्रभु ही करने वाले हैं। वर्णाश्रम के प्रति उनके आग्रह की एक सीमा थी। हम उससे असहमत हो सकते हैं, किंतु वे छूआछूत नहीं मानते थे। मैंने और मेरे पिताजी ने देखा कि रामयादी जाटव उन्हें नहला रहा था। उनकी पीठ को रगड़ रहा था। यह तो निर्विवाद है कि भारत की चिंतन परंपरा को उन्होंने आत्मसात किया था। तपस्वी थे और निःस्पृह भी, थे तो संन्यासी किंतु युग के प्रति चैतन्य थे। जब उन्होंने जेल में रहते हुए मार्क्सवाद के उभरते हुए चिंतन को देखा तो उसका अध्ययन किया। ग्रंथ लिखा-रामराज्य और मार्क्सवाद। करपात्री जी की पुस्तक पढ़ी तो महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने उसका उत्तर लिखा-मार्क्सवाद और रामराज्य। इसका पुनः उत्तर करपात्रीजी ने लिखा -राहुल की भ्रांति।

आचार्य रजनीश की पुस्तक उन दिनों बहुत चर्चित थी- संभोग से समाधि। करपात्री जी ने उसे पढ़कर ग्रंथ लिखा-क्या संभोग से समाधि? गुरु गोलवलकरजी ने एक ग्रंथ लिखा था- विचार नवनीत। उसके उत्तर में स्वामीजी ने ग्रंथ लिखा-विचारपीयूष। विचार नवनीत ने जब यह कहा कि समाजवाद परकीय विचार है तो विचार पीयूष ने पूछा था-मोटर, हवाईजहाज और दूसरे आविष्कार को स्वीकार कैसे कर लिया? करपात्री जी ने कहा कि मार्क्स भले ही अपने को आध्यात्मिक न माने, किंतु उसका आत्मसंयम, व्यक्ति और समाज के सामंजस्य का प्रयत्न किसी आध्यात्मिक से कम कहां है? ये बहस भारत को समझने में सहायक हो सकती है, यदि पूर्वाग्रह को त्याग कर पढ़े।

# बढ़ते काम के घंटे


**संजीव मेहरोत्रा**
बरेली

कुछ माह पहले इंफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति ने काम के घंटे बढ़ाने की जो बहस शुरू की थी, लगता है सरकारों ने इस पर अमल शुरू कर दिया है। अभी कुछ दिन पहले कर्नाटक सरकार ने आईटी सेक्टर में काम करने वालों के लिए काम के घंटे बढ़ाने का निर्णय लिया था, जिसका चौतरफा विरोध हुआ था। अब उत्तर प्रदेश में बीते दिनों विधानसभा में कारखाना अधिनियम संशोधन कानून और बोनस संदाय संशोधन कानून को पारित कर दिया गया। यह अधिनियम मालिकों को मजदूरों और श्रमिकों से दिन में 12 घंटे तक काम लेना का अधिकार देता है।

इन दोनों ही कानूनों कारखाना अधिनियम संशोधन कानून और बोनस संदाय संशोधन कानून के पारित होने के बाद प्रदेश भर के मज़दूर संगठन और यूनियनें इसका कड़ा विरोध कर रही हैं। मजदूर संगठनों का मानना है कि इंटरनेशनल लेबर कन्वेशन में पारित नियमों का यह सरासर उल्लंघन है। नए लेबर कोड, जिनका संगठन शुरू से विरोध कर रहे है, के लागू होने से कामगारों की दुश्वारियां बढ़ने लगी हैं। संगठनों का मानना है कि कारखानों और फैक्ट्रियों में जहां तीन पालियों में काम कराया जाता है। अब 12-12 घंटे की दो पालियों में काम लिया जा सकेगा। प्रदेश में इस नए अधिनियम का विरोध शुरू हो गया है। विभिन्न संगठनों द्वारा 9 अगस्त से विरोध की शुरुआत की जा रही है। मांग रखी गई है कि मजदूर विरोधी और बेरोजगारी बढ़ाने वाले अधिनियम को वापस किया जाए।

## एक नजर

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह लोगों पर मुकदमा

**काशीपुर :** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक विवाहिता की तहरीर पर पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। काशीपुर के ग्राम गिन्नी खेड़ा निवासी मोनिका ने पुलिस को तहरीर दी। इस दौरान पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह एक मई 2021 को मोहल्ला भूप सिंह, जसपुर निवासी विशाल सिंह के साथ हुआ था। आरोप लगाया कि विवाह के बा द से ही उसका पति विशाल सिंह, सास रेशम देवी, ससुर जगत सिंह, नन्दे प्रियंका और प्रीति एवं देवर शान्ति प्रकाश दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते हैं। बेटी के पैदा होने के बाद ससुरालियों ने जेवर व सामान छीनकर उसे घर से निकाल दिया। वहीं पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जनजाति गौरव कार्यक्रम का आयोजन 9 को

**खटीमा :** थारू संस्कृत महा संगठन की बैठक में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम थारू विकास भवन में मनाया जाएगा। जिसमें मंच के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में महा संगठन अध्यक्ष कोमल राणा, सचिव बंटी राणा, कोषाध्यक्ष रिंकू राणा, उपाध्यक्ष नरोत्तम सिंह, नीलू राणा, हरिश्चंद्र राणा, आदित्य राना, पपेंद्र सिंह राणा, त्रिनेत्र राणा रहे।

### चोरों ने कोतवाली गेट के बाहर से बाइक उड़ाई

**खटीमा :** डिग्री कालेज रोड निवासी राजू हलदार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह अपनी बाइक लेकर कोतवाली में सत्यापन फार्म जमा करने आया था। बाइक कोतवाली गेट पर खड़ी कर अंदर चला गया। जब 10 मिनट बाद बाहर आया तो बाइक गायब थी। तहरीर में राजू ने बताया है कि बाइक उसके पिता रमेन हलदार पुत्र अतुल हलदार निवासी डिग्री कॉलेज रोड के नाम दर्ज है।

### हैंडपंप सहित चोर दबोचा

**खटीमा :** पुलिस ने चार दिन पहले कंजाबाद से हैंडपंप चुराने वाले चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। एक अगस्त को कंजाबाग निवासी अमित कुमार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया था कि 31 जुलाई की रात्रि को चोर घर के बाहर लगे हैंडपंप चुरा ले गया है। पुलिस ने शनिवार को वार्ड एक नई बस्ती निवासी अकील इरफान उर्फ छोटे लल्ला को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने चोरी किया हैंड पंप भी बरामद कर लिया है।

# चुनाव अधिकारी ने पूर्व पदाधिकारियों की कोर कमेटी बनाने के निर्देश दिए

## देवभूमि पर्वतीय महासभा की कार्यकारिणी के गठन के लिए आयोजित की गई बैठक

**16** अगस्त तक चुनाव संचालन समिति के लिये सात सदस्यों की सूची देने को कहा

**786** सदस्यों की सूची चुनाव अधिकारी को सौंप दी गई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** देवभूमि पर्वतीय महासभा की कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक हुई। जिसमें महासभा के पूर्व पदाधिकारियों की कोर कमेटी बनाने तथा महासभा से ही चुनाव संचालन समिति के लिये 16 अगस्त तक सात सदस्यों की सूची देने के निर्देश दिये।

रविवार को कुमांचल कॉलोनी स्थित देवभूमि पर्वतीय महासभा भवन में चुनाव अधिकारी/नायब तहसीलदार भीम सिंह कुटियाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान महासभा से जुड़े लोगों ने अपने सुझाव दिये। अधिकांश वक्ताओं ने निर्विरोध चुनाव कराने को कहा। वहीं कहा कि महासभा के 768 सदस्यों की सूची चुनाव अधिकारी को सौंपी गई है। इसी सूची के आधार पर चुनाव हों। वहीं कुछ वक्ताओं ने कहा कि यदि निर्विरोध चुनाव होते हैं तो वह सौंपी गई सूची के अनुसार ही हों और यदि मतदान की नौबत आती है तो खुली सदस्यता कर सदस्यों को बढ़ाया जाये। इस दौरान एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप भी लगते रहे। चुनाव अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के लिये उन्हें कुछ सदस्यों की आवश्यकता है, जो उनका सहयोग कर सकें। उन्होंने महासभा के पूर्व पदाधिकारियों की कोर कमेटी बनाने तथा कोर कमेटी द्वारा 16 अगस्त तक महासभा के ही सात सदस्यों की सूची देने को कहा। कहा कि इसके बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहां सुरेंद्र सिंह जीना, डॉ. यशपाल रावत, बीडी कंडवाल, पुष्कर बिष्ट, प्रदीप जोशी, हरीश नेगी एडवोकेट, कैलाश बिष्ट, गबर सिंह रावत, मोहन बिष्ट, डॉ. गिरीश तिवारी, आरसी पांडे समेत 100 से अधिक सदस्य मौजूद रहे।


काशीपुर में महासभा की बैठक के दौरान जानकारी देते चुनाव अधिकारी। ● अमृत विचार

### देवभूमि उद्यमिता योजना का लाभ लेंगे विद्यार्थी

**काशीपुर:** राधेहरि डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी अब देवभूमि उद्यमिता योजना का लाभ लेंगे। उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना की शुरुआत हो गयी है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए उच्च शिक्षा विभाग को उत्तराखंड सरकार द्वारा चुना गया है। इस योजना को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (ईडीआईआई) के सहयोग से चलाया जा रहा है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के वाणिज्य विभाग के डॉ. कृष्ण कुमार एवं भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. महेंद्र जोशी ने देवभूमि उद्यमिता योजना, स्वरोजगार एवं उद्यमिता कौशल संवर्धन तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए देवभूमि उद्यमिता योजना के लिए 21 से 26 जुलाई तक ईडीआईआई अहमदाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि छात्रों में छिपे कौशल ही उनके विकास एवं इस क्षेत्र के विकास के माध्यम बनेंगे। डॉ. जोशी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य सरकार भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के साथ मिलकर प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। योजना के तहत काशीपुर महाविद्यालय में अवेरनेस प्रोग्राम, बूट कैंप, प्रशिक्षण कार्यक्रम, आदि का आयोजन किया जायेगा।

## सार-संक्षेप


काशीपुर में ज्ञानार्थी कॉलेज में छात्रों को जानकारी देते डॉ. रवि सहोता।

### बच्चों से साझा की स्वास्थ्य से संबंधी जानकारियां

**काशीपुर :** ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं डॉ. रवि सहोता ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इससे पूर्व कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा एवं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा ने डॉ. रवि सहोता का स्वागत किया। डॉ. रवि सहोता ने छात्र-छात्राओं के साथ स्वस्थ जीवन शैली के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों को सही खानपान की आदतें अपनाने की सलाह दी और बताया कि संतुलित आहार का हमारे स्वास्थ्य पर कितना महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। उन्होंने जंक फूड से बचने की सलाह देते हुए कहा कि यह हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा ने डॉ. रवि सहोता का आभार व्यक्त किया।



अमावस्या पर्व पर गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में गुरुवाणी का पाठ करता कविसरा जत्था।

### अमावस्या पर गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में टेका मत्था

**नानकमत्ता :** अमावस्या पर्व पर नानक नाम लेवा श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण कर गुरु की वाणी सुन निहाल हुए। रविवार को सावन की अमावस्या पर ऐतिहासिक श्री गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में दूरदराज से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान किया और दरबार साहिब में पहुंचकर मत्था टेका। श्रद्धालुओं ने सुख शांति के लिए अरदास कराई। तत्पश्चात पंजा साहिब, अजायब घर, बाऊली साहिब व गुरुद्वारा दूधवाले कुएं के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने धार्मिक दीवान हाल में कविसरी जत्थों द्वारा गुरुवाणी का गुणगान सुनकर पुण्य कमाया। इसके बाद गुरुद्वारा साहिब और डेरा कार सेवा के लंगर हाल में पहुंचकर लंगर का प्रसाद चखा। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान जोगिंद्र सिंह संधू, महासचिव अमरजीत सिंह, गुरदयाल सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, प्रभाग सिंह, सुखवंत सिह पन्नू, प्रबंधक रणजीत सिंह आदि शामिल रहे।

### बस में महिला यात्री का मोबाइल चोरी

**खटीमा :** टनकपुर से रुद्रपुर जा रही पिथौरागढ़ डिपो की रोडवेज बस में महिला यात्री का मोबाइल उस समय चोरी हो गया जब वह खटीमा बस स्टेशन पर कुछ समय के लिए बस से उतरी थी। चालक द्वारा बस को कोतवाली लाया गया और यात्रियों के सामानों की जांच के बाद भी मोबाइल नहीं मिला। पिथौरागढ़ डिपो की बस संख्या यूके07 पीए2936 जब खटीमा पहुंची तो बस में बैठी महिला यात्री सीट पर मोबाइल छोड़कर टायलेट के लिए नीचे उतरी और जब वापस बस में पहुंची तो मोबाइल गायब था। मोबाइल नंबर मिलाने पर स्विच ऑफ मिला। मोबाइल गायब होने से बस में हड़कंप मच गया चालक बस को कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने यात्रियों के सामान की चेकिंग की पर मोबाइल नहीं मिला।

### बॉक्सिंग और वेटलिफ्टिंग खेलों के लिए हुई कोचों की भर्ती

**काशीपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बॉक्सिंग और वेटलिफ्टिंग खेलों में कोचों की नियुक्ति हो गई। कोच की तैनाती होने से अब बॉक्सिंग के बच्चे कोच की निगरानी में प्रैक्टिस कर सकेंगे। बता दें कि स्पोर्ट्स स्टेडियम में पिछले अप्रैल माह से लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते खेल प्रशिक्षण शिविर के लिये संविदा कोचों की नियुक्ति नहीं हो पाई थी। पांच जुलाई को अन्य खेलों में कोचों को नियुक्ति दे दी थी, लेकिन बॉक्सिंग और वेटलिफ्टिंग खेलों में कोचों की तैनाती नहीं हो पाई थी। जिसके चलते खिलाड़ी खुद से ही प्रैक्टिस कर रहे थे। शनिवार को खेल विभाग ने यहां बॉक्सिंग कोच के लिये ऋचा शर्मा और वेटलिफ्टिंग के लिए मेघा चंद की तैनाती कर दी है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया।


बाजपुर से हरिद्वार डाक कांवड़ यात्रा पर रवाना होते शिवभक्त। ● अमृत विचार

### गंगाजल लेने डाक कांवड़िये हरिद्वार रवाना

**बाजपुर :** शनिवार को ग्राम दूधिया कालोनी नमूना से शिवभक्तों का जत्था डाक कांवड़ यात्रा पर पवित्र पावन गंगाजल लाने के लिए हरिद्वार रवाना हो गया है। फूलमाला पहनाकर शिव भक्तों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान हर-हर बम-बम के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया। बताया गया कि शिवभक्त पतित पावनी मां गंगाजी का जल लेकर हरिद्वार से आने वाले शिवक्त 24 घंटे में सोमवार को वापस लौटेंगे और कालाढूंगी रेंज नयगांव में स्थित बाबा मोटेश्वर महादेव जी को पावन पवित्र गंगाजल अर्पित करेंगे।

### तकनीशियन आने के बाद खुला नेत्र भवन का ताला

**काशीपुर:** एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में नेत्र तकनीशियन के आने के बाद नेत्र भवन खोल दिया गया है। हफ्ते में 3 दिन तकनीशियन लोगों के नेत्रों की जांच करेंगे।

एलडी भट्ट अस्पताल में नेत्र भवन का निर्माण किया गया था। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कैमाश राणा सेवाएं दे रहे थे। लेकिन जनवरी में वह अस्पताल छोड़कर चले गए। बाद में नेत्र भवन में ताला लगा दिया गया। तब से लेकर अब तक नेत्र भवन में ताला लगा रहा। इससे मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग ने अब बाजपुर सीएचसी में तैनात नेत्र तकनीशियन को तीन दिन अस्पताल में सेवा देने के निर्देश दिये हैं। सीएमएस डॉ. खेमपाल ने बताया कि नेत्र तकनीशियन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को मरीजों के नेत्रों की जांच करेंगे।

## एमके स्क्वायर एकेडमी ने हाईलेंडर एकेडमी को हराया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** जिला अंडर 14 क्रिकेट लीग मैच में एमके स्क्वायर शिवालिक क्रिकेट एकेडमी ने हाईलेंडर स्पोर्ट्स एकेडमी को आठ विकेट से हरा दिया।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर की ओर से आयोजित अंडर-14 क्रिकेट लीग का मैच छावनी स्पोर्ट्स ग्राउंड में एमके स्क्वायर शिवालिक क्रिकेट एकेडमी और हाईलेंडर स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एमके स्क्वायर शिवालिक क्रिकेट एकेडमी ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। हाईलेंडर स्पोर्ट्स एकेडमी मात्र 82 रन पर ढेर हो गई। हाईलेंडर स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से रक्षित सिंह ने 20 रन और दीपांशु ने 12 रनों का योगदान दिया। एमके स्क्वायर शिवालिक क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम सिंह ने 3 विकेट, तरज, अर्पित गौड़, क्रिश गुनियाल ने क्रमश 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमके स्क्वायर क्रिकेट एकेडमी ने दो विकेट खोकर यह लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। एमके स्क्वायर शिवालिक क्रिकेट एकेडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए नीलेय ने 20 रन तथा श्लोक ने नाबाद रहते हुए 28 रनों का योगदान दिया। हाईलेंडर स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से रक्षित सिंह और कार्तिक सनवाल ने 1-1 विकेट लिया। इस मैच की स्कोरिंग यशवीर विशिष्ट तथा अंपायरिंग गुरजीत सिंह और शैलेंद्र कश्यप द्वारा की गई।

## चिकित्सा समिति की बैठक में 14 प्रस्ताव पास

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित चिकित्सा प्रबंध समिति की बैठक में सोलह प्रस्तावों में से 14 पर सैद्धांतिक सहमति बनी। सीडीओ ने एसीएमओ को प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को डीडीओ पावर देने को कहा है।

स्वास्थ्य केंद्र में चार साल बाद सीडीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में चिकित्सा प्रबंध समिति की बैठक आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलोत ने अस्पताल की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। बैठक में 16 में से 14 प्रस्ताव पारित किए गए। ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, जच्चा बच्चा वार्ड में एसी और इन्वर्टर लगवाने, अस्पताल की गैस पाइप लाइन की मरम्मत कराने, दवा खरीदने, सीसी टीवी कैमरे लगवाने, अस्पताल में आउटसोर्स पर सुरक्षा गार्ड रखने, मशीनों की मरम्मत कराने आदि के प्रस्ताव पारित किए गए। विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने पूर्व चिकित्सा अधीक्षक के अस्पताल से रिलीव होने के बाद अस्पताल से ही वेतन निकालने, उनके कार्यकाल में हुए खर्चों की जांच कराने को कहा। सीडीओ ने एसीएमओ को जांच के आदेश दिए हैं। बैठक में विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, एसडीएम गौरव चटवाल,डिप्टी सीएमओ एस खंड विकास अधिकारी शमीम अहमद, प्रभारी, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक धीरेंद्र गहलोत, डॉ. टी पूजा, शंकर लाल कोहली, एबी भट्ट आदि मौजूद रहे।


जसपुर चिकित्सा प्रबंध समिति की बैठक में भाग लेते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

## पति समेत 9 लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, जसपुर

**दहेज उत्पीड़न**

- ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप
- दहेज में 15 लाख रुपये और ब्रेजा कार मांगने का आरोप

**अमृत विचार:** पुलिस ने नवविवाहिता की शिकायत पर उसके पति समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव अंगदपुर निवासी गीता पुत्री स्व. जीराज सिंह ने महिला हैल्पलाइन, काशीपुर में 15 अप्रैल 2024 को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसकी शादी 25 जनवरी 2023 को नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. गंगाराम, निवासी ग्राम शिवराजपुर थाना कुण्डा, जिला उधमसिंहनगर के साथ हुई थी। शादी में मेरे माता पिता व नाते-रिश्तेदारों ने काफी सामान उपहार स्वरूप दिया था। शादी में लगभग 20 लाख रुपये खर्च किये थे। मेरे पति नरेन्द्र कुमार, जेठ गिरेन्द्र सिंह, जेठानी ऊषा, सुरेन्द्र सिंह पुत्र गंगाराम, नीतू पत्नी सुरेन्द्र सिंह, ननद संगीता, मंजू, अंजू व नरेन्द्र कुमार का ममेरा भाई अमित कुमार पुत्र राजपाल सिंह इससे खुश नहीं हुए तथा कहा कि हमारा नरेन्द्र सरकारी टीचर है। कहीं और शादी करते तो हमें बहुत दहेज मिलता। आरोप लगाया कि ससुरालियों ने 15 लाख रुपये नगद तथा ब्रेजा कार लाने को कहा। साथ ही मारपीट की तथा भूखा रखा। मैंने यह बात मायके वालों को बतायी तो मेरे मायके वालों ने कई बार नगद पैसे भी दिए। लेकिन इनकी दहेज की मांग बढ़ती गयी। इन लोगों ने मुझे जान से मारने का प्रयास भी किया।

गीता का आरोप है कि उसके पति का एक लड़की से अवैध सम्बन्ध है और शादी के बाद भी अवैध संबंध जारी है। उसने पति पर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने तथा मना करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। कहा कि ससुरालियों की दहेज की मांग के चलते तनाव में मेरे पिता का भी देहान्त हो गया। पत्र में गीता ने कहा है कि 3 दिसंबर 2023 को ससुराल में पति के ममेरे भाई अमित कुमार ने उसके साथ छेड़छाड़ भी की। शिकायत करने पर ससुरालियों ने उल्टा उसे ही फटकारा । इसके बाद दहेज के लिए उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर उसके पति समेत ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।


खटीमा के बनकटिया में ग्रामीण महिलाओं को जानकारी देते यू-कास्ट के लोग।

### बनकटिया में महिलाओं को दी कृषि उद्यमिता की जानकारी

**खटीमा :** यू-कास्ट एवं उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बनकटिया में आयोजित बैठक में महिलाओं को कृषि उद्यमिता संबंधी विभिन्न जानकारियां दी गई। बैठक में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के डॉ भगवान सिंह, डॉ. गोपाल दत्त ने ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया कि वह कृषि में किस प्रकार से अपना योगदान देकर अपने परिवार की आय बढ़ा सकती हैं। बैठक में परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ. गगन सिंह ने परियोजना के उद्देश्यों से अवगत कराया। सह अन्वेषक डॉ. गोपाल दत्त ने कुमाऊं के इस पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र में कृषि कार्यों को बढ़ावा देने में महिलाओं की भूमिका की जानकारी दी। महिला प्रशिक्षिका रेनू जोशी ने भौगोलिक परिस्थितियों में कृषि एवं बागवानी की अधिक संभावनाएं बताते हुए अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महिला समूह अध्यक्ष घुमा देवी, कमल सैनी, शमशेर वती, प्रीती राना, मुकेशवती आदि थे।

**बैठक** देहरादून सचिवालय में शनिवार को कृषि सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

# कृषि विश्वविद्यालयों के योगदान और समस्याओं पर हुआ मंथन

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड शासन के कृषि सचिव डॉ. एसएन पांडेय ने विभिन्न मुद्दों और कृषि विश्वविद्यालयों के योगदान पर चर्चा करने के लिए शनिवार को देहरादून में सचिवालय के मुख्य सचिव समिति कक्ष में बैठक का आयोजन किया। जिसमें पंतनगर विवि और भरसार विवि के विभिन्न अधिकारियों सहित शासन के अपर सचिव आनंद स्वरूप और संयुक्त सचिव महिमा राकुली भी मौजूद रहे।

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चैहान ने पंत विवि के योगदान पर कहा कि वित्तीय संकट और मानव संसाधनों की कमी के बावजूद पंत विवि पूरे देश के राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि पंत विवि ने 354 से अधिक उच्च उपज देने वाली किस्मों और कई तकनीकों के माध्यम से देश की हरितक्रांति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। निदेशक शोध डॉ. अजीत सिंह नैन ने बताया कि विवि के वैज्ञानिक राज्य और राष्ट्र के किसानों की सेवा के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। किस्मों के अलावा पाइन नीडल से बायोगैस और जैव-तेल तैयार करने सहित जैव-तेल को राल और ग्रीस में बदलने, कृषकों को सटीक और समय पर सलाह प्रदान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग के उपयोग जैसी कुछ क्रांतिकारी तकनीकों को पंतनगर के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। उन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती के मॉडल विकास में पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों के सराहनीय योगदान को भी उजागर किया। नियंत्रक आभा गर्खाल ने विवि की वित्तीय स्थिति प्रस्तुत की, जबकि एसीपीओ डॉ. गौहर ताज ने एक्रिप, नार्प और केवीके संबंधी प्रशासनिक मुद्दों को उठाया। अपर निदेशक प्रशासन डॉ. विवेकानंद ने सहायक कर्मचारियों के विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों को उठाया। बैठक में पंतनगर विवि की कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, संयुक्त निदेशक शोध डॉ. सुभाष चंद्र व सहायक निदेशक डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव सहित भरसार विवि के कुलपति डॉ. परविंदर कौशल, कुलसचिव, नियंत्रक व अन्य अधिकारी भी मौजदू रहे।

कृषि सचिव डॉ. पांडेय ने पंतनगर विवि के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और विभागों को किसानों की सेवा के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार विवि की सभी नवोन्मेषी और न्यायसंगत परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराएगी। कहा पंतनगर और भरसार विवि को मैकांजी के साथ मिलकर राज्य में कृषि विकास का रोडमैप तैयार करना चाहिए। किसानों को वित्तीय तथ्य और आंकड़े दिखाकर गर्मियों में धान नहीं उगाने के लिए राजी करना चाहिए। विवि को कृषि विभाग के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण मॉड्यूल तैयार करने चाहिए।


कृषि सचिव डॉ. एसएन पांडेय के साथ पंत विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान।



काशीपुर में गिरीताल रोड पर बीच मार्ग पर खड़े पशु। ● अमृत विचार

### दुर्घटनाओं को दावत दे रहे आवारा पशु

**काशीपुर :** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क पर घूम रहे लावारिस पशु जाम का सबब तो बन ही रहें हैं। बल्कि दुर्घटनाओं का भी बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। दिन भर यह पशु धूप से बचने के लिए पेड़ व इमारतों की छांव में बैठने के लिए कभी मकान के आगे बैठ जाते हैं, तो कभी बीच मार्ग पर बैठकर यातायात प्रभावित करते हैं। ऐसे में इन पशुओं से अचानक टकराने या इनके खराब मिजाज के कारण हमला कर देने की संभावनाएं बनी रहती हैं। वहीं नगर निगम को यह पशु दिखाई नहीं देते हैं। हाल में ही सांड के हमले से एक बुजुर्ग की मौत भी हो चुकी है। वहीं अधिकतर पशु पालक भी दिनभर अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। बावजूद इसके निगम ऐसे पशुपालकों पर भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

# किच्छा के प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ शिकायती पत्र सोशल मीडिया पर वायरल

## पत्र वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में मचा हड़कंप, दिनभर चर्चाओं का बाजार रहा गर्म

राजेंद्र सहगल 'राजू', किच्छा

**आरोप**

- वायरल पत्र में कोतवाल सुंदरम शर्मा के खिलाफ लगाए गए तमाम गंभीर आरोप
- पत्र में शिकायतकर्ता के स्थान पर कोतवाली के समस्त पुलिसकर्मी लिखा है

**अमृत विचार :** किच्छा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पर तमाम गंभीर आरोप लगाए जाने तथा पुलिस महानिदेशक को पत्र प्रेषित किए जाने का एक पत्र सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। चार पेज के वायरल पत्र में किच्छा कोतवाल पर 20 बिंदुओं के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

वायरल पत्र में किसी भी पुलिस कर्मी का नाम अंकित ना होने के चलते पत्र की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पूरा मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। रविवार सुबह सोशल मीडिया पर चार पेज की पीडीएफ फाइल चर्चा का विषय बन गई। पत्र वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है। दरअसल रविवार को किच्छा कोतवाली के पुलिस कर्मियों के नाम से एक शिकायती पत्र जमकर वायरल हुआ। कुछ ही देर में पुलिस के तमाम छोटे बड़े अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता के मोबाइल पर भी चार पेज का यह शिकायती पत्र वायरल होने लगा। वायरल पत्र में शिकायतकर्ता के तौर पर किच्छा कोतवाली के समस्त पुलिसकर्मी लिखा गया है। जबकि एक भी पुलिसकर्मी का पत्र में नाम अंकित नहीं है।

चर्चाओं के अनुसार गुमनाम पत्र के माध्यम से किच्छा कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के खिलाफ पुलिस महानिदेशक को पत्र प्रेषित किए जाने का दावा किया जा रहा है। प्रेषित पत्र में कोतवाल सुंदरम शर्मा पर किच्छा कोतवाली में तैनात अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को छोटी-छोटी गलतियों पर गैर हाजिर अंकित करने, अधीनस्थों को सस्पेंड करने की धमकी देने व अपमानित करने, प्रेम प्रसंग, पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता करने आदि गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में पत्र का मामला आने के बाद जिला स्तरीय पुलिस के एक अधिकारी द्वारा किच्छा कोतवाली में पहुंचकर गोपनीय रूप से मामले की जांच भी की गई है। लेकिन किसी भी कर्मचारी ने पत्र के संबंध में जानकारी होने तथा कोतवाल के खिलाफ किसी प्रकार की शिकायत करने से साफ इनकार कर दिया। पत्र के वायरल होने के बाद आम जनता में पुलिस महकमे की किरकिरी हो रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस महकमा अब पत्र को वायरल कर पुलिस विभाग की बदनामी करने वाले विभागीय कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने की रूपरेखा तैयार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार वायरल पत्र कोतवाल सुंदरम शर्मा की छवि को धूमिल करने का प्रयास मात्र प्रतीत हो रहा है। फिलहाल 20 बिंदुओं का वायरल शिकायती पत्र चर्चा का विषय बना है। जांच होगी तो इस बात का भी खुलासा हो जाएगा कि पत्र वायरल करने में पुलिस कर्मियों की संलिप्तता है कि नहीं ?

### कोतवाल शर्मा ने आरोपों को बताया निराधार

**किच्छा :** किच्छा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा पर तमाम गंभीर आरोप लगाए जाने के वायरल हो रहे पत्र के संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर पत्र वायरल होने का मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने वायरल पत्र में लगाए गए आरोपों को निराधार एवं बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उनकी छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से गुमनाम पत्र वायरल किया गया है जबकि आरोपों का सत्यता से कोई वास्ता नहीं है।

# शंकर अध्यक्ष व सचिन निर्विरोध महामंत्री बने



दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में व्यापार मंडल की निर्विरोध नवनिर्वाचित कमेटी।

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** व्यापार मंडल चक्कीमोड़ के शंकर कुनियाल अध्यक्ष व सचिन राणा को निर्विरोध महामंत्री चुने गए। इसके साथ ही पांच पदाधिकारी व पांच संरक्षक एवं पंद्रह सदस्य निर्विरोध से चुने गए।

रविवार को दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में वरिष्ठ व्यापारी नेता शंकर सिंह नगरकोटी की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक हुई। सर्वप्रथम निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. जसपाल राजपूत ने अपने कार्यकाल में हुए आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पुरानी कमेटी भंगकर नई कमेटी के लिए संरक्षक कैलाश शर्मा, डॉ. जसपाल राजपूत, गोविंद सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह पवार, योगेश पानू, राजेंद्र उपाध्याय की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें एडवोकेट राजेंद्र सिंह जलाल उपाध्यक्ष, सुरजीत सिंह संधू सचिव व कमल खाती कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए।

कार्यक्रम का संचालन महेश बुधौरी ने किया। सदस्यों में हरीश देवराड़ी, कबीर राजपूत, दिनेश नयाल, दान सिंह बड़ती, तारा सिंह पानू, गोवर्धन आर्या, पप्पू राजपूत, वीरेंदर आर्या, दीपू बिष्ट, महेशानंद जोशी, हरीश खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, ललित खोलिया, मक्खन राजपूत, इस्तकार अली, गुलशन कुमार आदि सदस्य चुने गए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित व्यापार मंडल की नई कमेटी के गठन लिए सदस्यों को बधाई दी।

## सार-संक्षेप

### बाबा सावन सिंह महाराज का अवतार पर्व मनाया

**बाजपुर :** कृपाल आश्रम बाजपुर में हजूर बाबा सावन सिंह महाराज के अवतार पर्व समागम का आयोजन किया गया। समागम में नंही देवी प्रचारक ने कहा कि गुरुजी की बाणी का फरमान है ये तन दुलर्भ तुमने पाया, कोट जन्म भटका जव खाया, अव या को विरथा मत खोवो चेतो छिन्न छिन्न भगत कमाओं अर्थात है मानव यह दुलर्भ शरीर संत सतगुरु की कृपा से तुझे प्राप्त हुआ है सतगुरु संचखंड से आते हैं जो वाणी से जोड़ने का काम करते हैं। ऐसे में जो मानव ज्योनि कई जन्म भटकने के बाद मिली है उसे व्यर्थ मत जाने दो, सतनाम का जाप करो। कार्यक्रम में संगत को गुरु जी के जन्मदिन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सत्संग के बाद संगत को लंगर का प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम में करम सिंह पड्डा, कृष्ण कुमार शर्मा, रामकृष्ण शर्मा अजमेर सिंह, फूल सिंह, सतवंत सिंह, जसवीर सिंह, करमेन्द्र पाल बिश्नोई रहे।



अल्मोड़ा में रविवार को परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर लौटते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### 547 ने छोड़ी सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस की परीक्षा

**अल्मोड़ा :** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को आयोजित सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 737 अभ्यर्थियों में से 219 ने परीक्षा दी, जबकि 547 ने परीक्षा छोड़ी। जिला मुख्यालय के अटल उत्कृष्ट राइंका अल्मोड़ा, राजा आनंद सिंह राइंबाका अल्मोड़ा और रैमजे इंटर कॉजेज परीक्षा केंद्र में सुबह-शाम दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें पहली पाली की परीक्षा में पंजीकृत 737 में से 518 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में कुल 190 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षार्थियों की परीक्षा से पूर्व डीएफएमडी व एचएचएमडी चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी व नोडल अधिकारी अंबा दत्त बलोदी ने बताया कि सभी केंद्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# विहिप और बजरंग दल की बैठक में सौंपे गए नए दायित्व

संवाददाता, खटीमा



विहिप व बजरंग दल की बैठक के बाद नए दायित्वधारियों संग पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के अध्यक्ष, सचिव सहित विभिन्न पदों का दायित्व नए लोगों को सौंपा गया। वहीं नए दायित्वधारियों को स्वागत भी किया गया।

लोनिवि विश्रामग्रह में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल खटीमा की बैठक ने कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। जिसमें अनेक खड़ायत को चकरपुर मंडल, बलवंत कन्याल को झनकट खंड मंडल का अध्यक्ष, सह संयोजक बंजरग दल खटीमा प्रखंड धीरज पांडे, झनकट खंड संयोजक बंजरग दल आकाश वर्मा, उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल खटीमा प्रखंड क्षितिज अरोड़ा, उप खंड बन महोलिया अध्यक्ष अनिल कुमार, सचिन मंत्री, मनोज कुमार संयोजक बंजरग दल, उप खंड अलाविर्दी अध्यक्ष कुनाल चंद, उपखंड ग्रीन पार्क सोसायटी खटीमा अध्यक्ष भोपाल सिंह, महेश जोशी मंत्री, उप खंड चारुबेटा अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, कमल आले मंत्री, राजवीर सिंह संयोजक बंजरग दल एवं सुरक्षा प्रमुख सोनू देवल को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सोनू दत्ता, प्रदीप ठाकुर, मुकुल मेहता, सागर टम्टा, संजीव विश्वास, सूरज धामी, गोलू यादव, पीयूष, पूरन जोशी आदि मौजूद रहे।




महिलाओं को सिलाई मशीन देतीं महिला कांग्रेस की प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही मकसद: मीना

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** महिला कांग्रेस की प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए ही इस मुहिम की शुरुआत की थी। जिसके बाद तमाम महिलाएं खुद अपना रोजगार कर बेहतर जीविका चला रही हैं। रविवार को शर्मा ने सिलाई, कढ़ाई सहित अन्य कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सिलाई मशीन वितरित की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 से 2013 पालिकाध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की मुहिम चलाई थी। पिछले दो सालों में 200 से अधिक महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया। जिसकी देखरेख सामाजिक संस्था दृष्टिकोण करती है। जिसमें निर्धन महिलाओं को सिलाई मशीन प्रशिक्षण के साथ-साथ ब्यूटी पार्लर, हैंडलूम, मेहंदी आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस मौके पर सरोज रानी, मंजू जैन, नेहा राय, पूनम गुप्ता आदि मौजूद रही।

# डोली से बुजुर्ग को पहुंचाया अस्पताल

संवाददाता, गरमपानी

- लाखों रुपये का बजट खर्च होने के बावजूद अस्तित्व में नहीं आ सकी सड़क

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे सुनियाकोट गांव के ग्रामीणों को सड़क सुविधा न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने से ग्रामीणों ने मजबूरी में डोली से सड़क मार्ग तक पहुंचाया। मध्य रात्रि हाईवे से बुजुर्ग को लेकर परिजन अस्पताल को रवाना हो सके। ताड़ीखेत ब्लॉक के सुनियाकोट निवासी 88 वर्षीय बुजुर्ग नंदन का स्वास्थ मध्य रात्रि बिगड़ गया। सड़क सुविधा न होने के कारण डोली की व्यवस्था की गई। पांच-पांच सौ रुपये में चार श्रमिकों बुलाये गये। आधी रात श्रमिक व परिजन बुजुर्ग को लेकर डोली के सहारे काकड़ीघाट मोटर मार्ग पर पहुंचे। जहां से वाहन के जरिए बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पूर्व ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि लाखों रुपये का बजट खर्च हो जाने के बावजूद आज तक गांव में सड़क नहीं पहुंच पाई है। कई बार आवाज उठाने के बावजूद सुध नहीं ली जा रही। स्थानीय जीवन सिंह, सागर परिहार, देव सिंह, संतोष परिहार, नवीन नेगी, राम सिंह, श्याम सिंह ने सड़क न होने पर रोष जताया है।

## वर्ग पहेली-152

**बाएं से दाएं**

1. 1. अपच के चलते होने वाला एक उदर-रोग जिससे ऐंठन और मरोड़ होती है और सफ़ेद लसलसा पदार्थ मल के साथ निकलता है 2. लसलसा मल।
5. चांदी के रंग का, चांदी-सा।
7. (पुराण) सात लोकों में से एक।
9. लंकेश, लंकापति, लंका का राजा, रावण।

**ऊपर से नीचे**

2. वन्य पशु, जंगली जानवर।
3. धुंधला या अस्पष्ट होने का भाव।
4. निर्धारित नियमों की सूचना देने वाला।
6. 1. धीवर नामक समाज की संतति 2. धीवर स्त्री की संतान, दाशेय।
8. 1. लालची; लोभी, 2. किसी चीज़ को पाने के लिए बहुत उत्सुक या अधीर 3. चटोरा।

### वर्ग पहेली-151 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 अ | ति | 2 प | ति | त |
| ■ | नु | ■ | ड़ | ■ | ■ |
| ■ | दे | ■ | 3 प | ल | थी |
| ■ | श | ■ | ड़ा | ■ | ■ |
| 4 तं | क | ■ | ना | ■ | 5 नौ |
| ड | ■ | 6 भैं | ■ | ■ | घा |
| 7 क | र | स | पां | डें | ट |

### सुडोकू-65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 4 | 5 |
| | 9 | | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 3 | |
| | | 8 | 3 | | | 9 | | |
| | | 2 | | | | 7 | | |
| | | 4 | | | 5 | 3 | | |
| | 8 | | 4 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | | | 6 | |
| 3 | | | | 2 | | | 8 | |

### सुडोकू-64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 |

## 16 ग्राम स्मैक संग आरोपी गिरफ्तार

**सितारगंज, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत एक युवक को 16 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही गैर जमानती अधिपत्रों की तामीली करते हुए एक वारंटी को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार रविवार को उनि. प्रकाश चन्द्र भट्ट पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे। एमबीआर गेट से पहले कैलाश नदी को जाने वाले रास्ते पर सिडकुल में अभिषेक मसीह उर्फ खन्ना पुत्र स्व. गुड्डू मसीह निवासी सुभाषनगर आर्मी कैंट गेट के पास तिकोनिया, हल्द्वानी को संदेह होने पर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 16 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इस पर पुलिस ने अरोपी का धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में चालान कर दिया।

# ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन करा लें चालक

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर कोतवाली में ई-रिक्शा चालकों को हिदायत देते कोतवाल नरेश चौहान।

**अमृत विचार:** पुलिस ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने व सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 40-45 ई-रिक्शा चालकों को कोतवाली ले जाया गया। जहां ई-रिक्शों में दाहिने साइड में जाली लगवाने के साथ ही रजिस्ट्रेशन करवाने की कड़ी हिदायत दी गई। चेतावनी दी गई कि अगली बार नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जाएगा व वाहन को सीज कर दिया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा रहा।

नगरीय क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद यातायात व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। नगर के मध्य भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित भगत सिंह चौक से नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग के दोनों तरफ व रामराज रोड पर लगभग 200 मीटर के दायरे को प्रशासन ने नो पार्किंग जोन घोषित किया हुआ है, लेकिन सबसे ज्यादा वाहन इसी जगह पर पार्क हो रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी समस्या सड़क किनारे खड़े होने वाले चार पहिया वाहन वह ई रिक्शा चालक बने हुए हैं। ई-रिक्शा चालक तो हर समय रामराज रोड व मुख्य मार्ग पर आदर्श कन्या इंटर कालेज के सामने तक खड़े रहते हैं। इनसे अक्सर यातायात व्यवस्था बेपटरी हो जाती है। अधिकारियों से मिले निर्देशों पर रविवार को पुलिस नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सड़क पर उतर आई और यातायात व्यवस्था बिगड़ने व नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई के लिए प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों के विरुद्ध चलने वाले अवैध ई-रिक्शाओं को रोक कर कोतवाली ले जाया गया, जहां सभी को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही समस्त ई-रिक्शा चालकों को अवगत कराया कि वह अपने ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही दाहिने तरफ जाली लगवा लें। नियम विरुद्ध चलने वाले ई-रिक्शा को सीज करने व जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह धामी, दोराहा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी, देवेंद्र सिंह मनराल, कुसुम रावत रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अगस्त सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 18.03 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्लेषा 15.21 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष:** आज अव्यवहारिक निर्णय लेने से नुकसान होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में कुछ विलंब हो सकता है। आपको धन उधार देने से बचना चाहिए। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**वृष:** आज का दिन काफी शुभ रहने वाला है। नौकरी में परिवर्तन कर सकते हैं। व्यापारियों योजनाओं में सफलता मिलेगी। बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिलेगी। सेहत को लेकर समस्या दूर होगी। धार्मिक कर्मों के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे, किंतु आप मेहनत से पीछे न हटें और अपना काम करते रहें। आपको कई नए लोगों से मिलना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से मतभिन्नता हो सकती है।

**कर्क:** आज यदि आप ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं तो उसमें आपको भारी छूट मिल सकती है। मित्र व संबंधी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। आपके सभी काम सफल होंगे। जीवनसाथी आपको अच्छा उपहार दे सकते हैं।

**सिंह:** आज क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। नजदीकी संबंधों में संवादहीनता उत्पन्न हो सकती है। शाम के समय आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। यात्रा के असुविधाजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या:** आज आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। किसी शुभ कार्य को लेकर मन में शंका उत्पन्न हो सकती है। दोपहर के बाद सभी काम बिना बाधा के पूर्ण होंगे। जमापूंजी को किसी पॉलिसी में निवेश की योजना बनाएंगे।

**वृश्चिक:** आज परिजनों के साथ किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। विदेशों में व्यापार करने के अवसर मिलेंगे। व्यापारियों को बड़े व्यापारिक अनुबंध मिल सकते हैं।

**धनु:** आज मन में अनिष्ट का भाव रहेगा। किसी तरह की बहसबाजी से आपको बचना चाहिए। गलत लोगों की सलाह के कारण व्यवसाय में नुकसान हो सकता है। अपनी पुरानी गलतियों को स्वीकारें व उसे दूर करने का प्रयास करें।

**मकर:** आज घर में हास्य व मनोरंजन का माहौल रहेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन पर जाने के लिए दिन उत्तम है। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है।

**कुंभ:** आज परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं। जहां आवश्यक न हो वहां बोलने से बचें। व्यर्थ के खर्चों के कारण बजट गड़बड़ा सकता है। आवश्यक न हो तो दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मीन:** आज व्यवसाय की किसी तकनीक त्रुटि के दूर होने से राहत मिलेगी। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। धार्मिक क्रियाओं में मन लगेगा। मतभेदों को दूर करने में सफलता मिलेगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- दरार — सुबह : 10.45
- कोहराम — रात : 07.00

&pictures
- ब्रूस ली-द फाइटर — सुबह : 11.01
- वांटेड — रात : 07.30

Sony Pix
- घोस्ट राइडर — सुबह : 10.15
- अनचार्टेड — रात : 09.00

Zee Cinema
- नाग भूमि — सुबह : 11.14
- डी ब्लॉक — रात : 08.00

Colors Cineplex
- कुछ कुछ होता है — दोपहर : 12.32
- सैंधव — रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

# सावन मेला: टीमों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जमाया रंग

## अल्मोड़ा में सावन मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक तिवारी ने किया मेले का शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर में रविवार को एक दिवसीय सावन मेले का भव्य आयोजन हुआ। मेले में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से मौजूद लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं, मेले में सेली सजाओ, दुल्हन सजाओ, पहाड़ी व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

महिला कल्याण संस्था की ओर से नंदा देवी मंदिर परिसर में आयोजित सावन मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, रेखा रौतेला व संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विधायक तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इन कार्यक्रमों का आयोजन बार-बार होने चाहिए। जिससे कि आने वाली पीढ़ी हमारे संस्कृति को पहचान सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से संस्कृति के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। मेले की शुरुआत समिति की महिलाओं ने शगुन आखर मंगल गीत से की। इसके बाद विभिन्न टीमों की महिलाओं ने कुमाऊंनी-गढ़वाली गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर मेले में चार-चांद लगा दिये। वहीं, विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल महिलाओं को समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान महिला कल्याण संस्था अध्यक्ष रीता दुर्गापाल, उपाध्यक्ष मीता उपाध्याय, चंद्रा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सचिव पुष्पा सती, संरक्षक आशा पंत, कोषाध्यक्ष सुनैना मेहरा, मीडिया प्रभारी मंजू जोशी, प्रचार प्रसार मंत्री ममता चौहान, अनुराधा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, अनीता रावत, गीता शाह, शांति साह, रमा जोशी, दीपा जोशी, दीपा सतीश जोशी, राधिका जोशी, रेखा चौहान, रीता जोशी, रेखा चौहान, मंजू रावत, सरला बिष्ट, आशा कर्नाटक, इंद्रा लोहनी आदि मौजूद रहे।



नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित सावन मेले में सेली सजाओ प्रतियोगिता में शामिल महिलाएं।

### इन टीमों ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

सुनराकोट, मां दुर्गा शक्ति न्यू इंदा कॉलोनी, सर्वोदय नगर खोल्टा, घुश्मेश्वर महादेवा, जाखनदेवी समिति, आंचल दल सरसों, सरकार की आली, जौहार सांस्कृतिक समिति, जन शिक्षण समिति, मां कालिका महिला सांस्कृतिक दल, महिला समिति खत्याड़ी, भुनेश्वर महिला समिति की टीमों ने हिस्सा लिया।



जागेश्वर धाम में रविवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

### जागेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अल्मोड़ा :** जागेश्वर धाम में श्रावणी मेला जारी है। रविवार को जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में प्रवेश के लिए लोगों को कतार लगानी पड़ी और काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। कई लोगों ने पार्थिव पूजन भी किया। रविवार को अवकाश पर जागेश्वर धाम में काफी लोग पूजा-अर्चना को पहुंचे। श्रद्धालुओं को जागनाथ, महामृत्युंजय, पुष्टिमाता, हनुमान, केदारनाथ, भैरव, कुबेर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े होकर काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। जागेश्वर-आरतोला सड़क पर दिन भर वाहनों की कतार लगी रही। मार्ग में कई बार जाम भी लगा। पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को यातायात व्यवस्थित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर प्रबंधक ज्योत्सना पंत ने बताया कि पूजा-अर्चना को मंदिर में सभी जरूरी सुविधाएं की गई हैं।

# रंगारंग कार्यक्रमों के बीच हर्षोल्लास से मनाया तीज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** महिला समिति अल्मोड़ा ने रविवार को हर्षोल्लास से तीज का आयोजन किया। नगर के बद्रेश्वर मंदिर परिसर में हुए आयोजन में महिलाओं ने मंगल गीत गाए और नृत्य आदि की प्रस्तुत दी। इस मौके पर एक दूसरे के तीज की बधाई देते हुए घेवर वितरित किया गया।

इस मौके पर समिति की अध्यक्ष तारा पंत ने कहा कि यह त्योहार शिव पार्वती से जुड़ा है। शिवजी को पाने के लिए माता पार्वती ने 108 बार जन्म लिया। यही नहीं भगवान शिव को पाने के लिए 100 साल तक कठिन तप किया। इसके बाद मां पार्वती शिव की अर्धांगिनी बनीं। इसके बाद आए पहले श्रावण मास में कैलाश में तीज मनाई गई, तब से यह परम्परा चली आई है। वहीं, महिलाओं को सुहाग की चूड़ी मेहंदी प्रदान की गई। इसके अलावा समिति की ओर से बीते दिनों दुर्घटना में चोटिल हुई सदस्या अनीता बजाज को आर्थिक सहायता भी दी गई। यहां भावना जोशी, जया जोशी, सुनैना मेहरा, मंजू पंत, जानकी कांडपाल, मुन्नी जोशी, तारा भंडारी, बसंती बिष्ट, कंचन वर्मा, लक्ष्मी बिष्ट, निर्मला जोशी, निर्मला पांडे, कमला जोशी, भगवती कांडपाल, लीला बोरा रहे।



अल्मोड़ा में तीज पर्व पर गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बेस अस्पताल में बने पेयजल टैंक निर्माण की करें जांच



**अल्मोड़ा :** पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल परिसर में बने पेयजल टैंक निर्माण की जांच की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में जो हजारों लीटर क्षमता का पानी का टैंक बना हुआ है। उसके कालम एवं नीचे की दीवारों के पास दरारें पड़ चुकी है। जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। चेतावनी दी कि यदि जल्द टैंक व उसके आसपास के समस्त निर्माणाधीन कार्य स्थल का तत्काल सुधारीकरण नहीं हुआ तो जनहित में उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।



अल्मोड़ा इंद्रा कॉलोनी में दुर्गा महोत्सव को लेकर हुई बैठक में मौजूद सदस्य।

### दुर्गा महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा

**अल्मोड़ा :** न्यू इंद्रा कॉलोनी में रविवार को दुर्गा समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी दुर्गा महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। वहीं, महोत्सव को भव्य बनाने के लिए सदस्यों से कार्यक्रमों के विषय पर सुझाव लिए गए। सिमकनी खेल मैदान में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि दुर्गा महोत्सव को लेकर आगामी 18 अगस्त को खुली बैठक की जाएगी। जिसमें महोत्सव को भव्य रूप देने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों समेत आयोजन को सफल बनाने को लेकर लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। यहां बैठक में समिति के संरक्षक देवी दत्त लखचौरा, आरसी पंत, दिनेश जोशी, मोहन सिंह, आनंद सिंह बिष्ट, गंगा सिंह, दीवान सिंह भाकुनी, केपी जोशी, राजेश सिंह, प्रकाश लोहनी, एमसी भट्ट आदि मौजूद रहे।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मी को पुत्रशोक

**अल्मोड़ा :** चतुर्थ श्रेणी संगठन अल्मोड़ा की ओर से एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें सीईओ कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत त्रिलोक सिंह लटवाल के छोटे पुत्र सूरज सिंह की बीते दिनों हल्द्वानी में एक दुर्घटना में मौत पर गहरा शोक जताया। वहीं, मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख भगवान से प्रार्थना की गई।

### पूर्व सैनिकों की बैठक कल

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग जनपद अल्मोड़ा की बैठक मंगलवार को लीग कार्यालय कचहरी बाजार में होगी। लीग के अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बैठक 11 बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारी भी पहुंचेंगे। जो साइबर क्राइम से बचाव और नए कानूनों की जानकारी देंगे।



पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया

**बनबसा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत बनबसा मंडल में पौधरोपण किया। रविवार को पचपकरिया शक्ति केन्द्र बूथ संख्या 106 में मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। साथ ही पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए सभी लोगों से वृक्षों को बचाने की अपील की। इस मौके पर महिला मौर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता मुरारी, गीता नेगी जी, दीपिका जोशी, डब्बू, हेमा जोशी, सरिता देवी, लवी, वन विभाग से नित्यानंद भट्ट, हेमन्त सिंह आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

### माल्टा, नींबू के पौधे रोपे

**अल्मोड़ा :** हवालबाग ब्लॉक के राजकीय इंटर कालेज कमलेश्वर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में माल्टा और नींबू के पौधे रोपे गए। सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने-अपने स्तर से हर संभव सहयोग का आह्वान किया। यहां सामाजिक कार्यकर्ता सुनील सिंह बिष्ट, प्रभारी प्रधानाचार्य खजान चंद्र कांडपाल, नरेंद्र सिंह बनकोटी, रेणुका जोशी, प्रीतिका भटनागर, डा. इंद्रा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### धारी में पानी की किल्लत

**बागेश्वर :** विकास खंड के धारी गांव में पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने पेयजल किल्लत दूर करने की मांग की है। ग्रामीण दान सिंह टंगणिया, शिवराज सिंह ने बताया कि गांव में पानी की हमेशा किल्लत बनी रहती है। गांव केलिए बनाई गई पेयजल लाइन इन दिनों बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे कई परिवार पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। कहा कि गर्मियों में पानी की स्रोत में कमी तो इन दिनों लाइन क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



अल्मोड़ा में रविवार को यूथ कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका।

### यूथ कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** बागेश्वर में एनएसयूआई पदाधिकारियों की गिरफ्तारी पर यूथ कांग्रेस ने रोष जताया। अल्मोड़ा में रविवार को नाराज यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि जल्द पदाधिकारियों की रिहाई नहीं हुई तो सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के दबाव में पुलिस ने बीडी पांडे कैंपस प्रकरण में एकतरफा कार्रवाई की है। कहा कि भाजपा के दबाव के चलते ही छात्रसंघ अध्यक्ष और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष समेत एनएसयूआइ से जुड़े अन्य छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। यूथ कांग्रेस ने एबीवीवी के कार्यकर्ताओं पर भी कार्रवाई की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष की रिहाई नहीं हुई तो शासन प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे। यहां पुतला फूंकने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, तारा चंद्र जोशी, विमल कुमार, धीरेंद्र गैलाकोटी, जगदीश तिवारी, अर्जुन बिष्ट, आशीष भारती, सूरज वाणी, कमल मेहता, भगवान भोजक, निखिल तिवारी, राहुल अधिकारी, अनुज जोशी, राहुल कुमार, दीपक आर्या, सौरभ उप्रेती, वैभव तिवारी, गीता मेहरा, गोविंद मेहरा रहे।

# गिरफ्तार छात्रों के परिजनों ने लगाई मां कोटगाड़ी से न्याय की गुहार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** बीते दिनों गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई व एबीवीपी छात्रों के बीच विवाद के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का मामले पर परिजन अब देव दरबार से उम्मीद लगाए हैं। गिरफ्तार छात्र नेताओं के परिजनों ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मां कोटगाड़ी का ध्वज स्थापित करके न्याय की गुहार लगाई। मामले को लेकर कांग्रेस का धरना भी जारी है।

बता दें कि बीते दिनों विवि परिसर में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का एनएसयूआई ने विरोध किया था जिस पर अभाविप के साथ उनकी बहस हो गई थी। अभाविप की प्राथमिकी के आधार पर छात्र संघ अध्यक्ष राहुल कुमार समेत छह छात्रों को लूटपाट आदि धाराओं में जेल भेज दिया था। जिसके बाद से एनएसयूआई व युवक कांग्रेस द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना दिया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि एनएसयूआई छात्रों के साथ हुई मारपीट की प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। इधर छात्र नेता कमलेश गड़िया की मां प्रेमा गड़िया, पंकज कुमार की मां अनीता देवी रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची तथा बच्चों को झूठा फंसाने का आरोप लगाते हुए न्याय की देवी मां कोटगाड़ी का ध्वज स्थापित किया तथा दोषियों को सजा दिलाने की गुहार की। इधर कांग्रेस के धरने में जिला महामंत्री कवि जोशी समेत जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला, भूपेंद्र कुमार, निर्मल रावत, पवन गैड़ा, भानु प्रताप सिंह, गीता रावल रहे।



एसपी कार्यालय में मां कोटगाड़ी का ध्वज स्थापित करते छात्रों के परिजन।

## युवकों ने टैंकर चालक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** अल्मोड़ा में तीन युवकों ने मुजफ्फरनगर निवासी एक टैंकर चालक पर मारपीट की। पीड़ित टैंकर चालक की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मुजफ्फरनगर, ग्राम कमेडा थाना ककरौली निवासी बबलू पाल ने तहरीर दी है। तहरीर में कहा कि वह बीते शनिवार को तेल का टैंकर लेकर हल्द्वानी से बेरीनाग के लिए निकला था। अल्मोड़ा राजपुरा के भ्यारखोला पहुंचा तो तंग सड़क में उसका वाहन फंस गया। तभी कार सवार पंकज, सोनू पवार व एक अज्ञात ने उससे गाली गलौच की विरोध करने पर उनसे मारपीट की गई। वहीं, वाहन को भी नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसएसबी ने देवीपुरा में लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

संवाददाता, टनकपुर/बनबसा

**अमृत विचार:** 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज द्वारा बनबसा के देवीपुरा गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। कमांडेंट 57 वीं बटालियन एसएसबी के मनोहर लाल के निर्देश पर ग्राम देवीपुरा में डॉ. बीबी सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा) द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 47 ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार किया गया।

इस दौरान चिकित्सा टीम द्वारा ग्रामीणों को वायरल फीवर रोग, दीर्घकालिक रोग व मौसमी रोगों का इलाज किया गया। ग्रामीणों को बरसात के मौसम में पानी से होने वाले बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया तथा उन्हें बरसाती बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही ग्रामीणों को संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई तथा नियमित योग के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में ग्राम प्रधान दीपक प्रकाश जोशी और ग्रामीणों ने एसएसबी के द्वारा आयोजित शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के चिकित्सा शिविर के आयोजन के लिए अनुरोध किया। एसएसबी चिकित्सा टीम के साथ प्रभारी उप निरीक्षक, विकास कुमार आरक्षी कमल सिंह सामंत रहे।



देवीपुरा गांव में एसएसबी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर। ● अमृत विचार

## जागेश्वर धाम में जमा मलबे को हटाया गया

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जागेश्वर धाम के आसपास मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्रह्मकुंड और जटा गंगा के आसपास सफाई की गई।

बीते दिनों जागेश्वर समेत आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद जटा गंगा ऊफान पर आ गई। जबकि ब्रह्मकुंड में भी भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही थी। वहीं, श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति प्रबंधक ज्योत्सना पंत की अगुआई में मंदिर समिति स्वच्छकों ने विशेष सफाई अभियान चलाया। ब्रह्म कुंड में जमा हुए मलबे और जटा गंगा समेत मंदिर के आसपास सफाई की गई। मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने बताया मदिर परिसर और आसपास सफाई अभियान चलाया गया।

# डेंगू का संदिग्ध मरीज भर्ती एलाइजा रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा जिला अस्पताल में डेंगू का एक संदिग्ध मरीज भर्ती किया गया है। युवक का रैपिड कार्ड टेस्ट पॉजिटिव आया है। डॉक्टर ने एलाइजा जांच के लिए सैंपल भेजा है। इसकी रिपोर्ट का इंतजार हो रहा है। डॉक्टर के मुताबिक मरीज की हालत ठीक है।

दरअसल, इन दिनों बारिश में डेंगू का खतरा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में संदिग्ध मरीज मिलना चिंता जनक है। नगर निवासी 18 वर्षीय एक युवक बीते दिनों हल्द्वानी गया था। कुछ दिन पूर्व वह अल्मोड़ा लौटा। लौटने के बाद युवक को बुखार की शिकायत हुई। जिस पर युवक ने डेंगू की जांच कराई। जहां कार्ड टेस्ट में युवक डेंगू पॉजिटिव निकला। जिसके बाद युवक जिला अस्पताल पहुंचा। जहां जांच रिपोर्ट देखने के बाद चिकित्सकों ने युवक को एहतियातन अस्पताल में भर्ती किया है।

### संक्रमण

- बीते दिनों हल्द्वानी से अल्मोड़ा लौटा था युवक
- निजी लैब में रैपिड कार्ड टेस्ट में पॉजिटिव आया था युवक

"जिला अस्पताल में एक संदिग्ध डेंगू पॉजिटिव युवक को भर्ती किया गया है। भर्ती मरीज ने एक निजी लैब में डेंगू की जांच कराई थी। एलाइजा टेस्ट के लिए सैंपल भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही संक्रमण की पुष्टि की जाएगी।"
-डॉ. कमलेश, जिला सर्विलांस अधिकारी अल्मोड़ा



अंगदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम में जानकारी देते विशेषज्ञ।

### आयुर्वेदिक संस्थान में दिलाई अंगदान की शपथ

**रानीखेत, अमृत विचार :** क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में भारतीय अंगदान दिवस - 2024 के अन्तर्गत अंगदान जन जागरूकता अभियान का आरंभ दीप प्रज्वलित कर भगवान धनवन्तरी वन्दना के साथ किया गया। तत्पश्चात डॉ. ओम प्रकाश, प्रभारी सहायक निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. एके दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, गोबिन्द सिंह माहरा राजकीय चिकित्सालय, रानीखेत का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। आयोजन कार्यक्रम में संस्थान प्रभारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अंगदान की शपथ दिलवाई गई। जिसके बाद डॉ. पंकज पाण्डेय, सलाहकार (आयु.) द्वारा अंगदान विषय पर संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। तथा मुख्य अतिथि, डॉ. एके दीक्षित द्वारा अंगदान के महत्व व भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। संचालन डॉ. तरुण कुमार, अनुसंधान अधिकारी (आयु.) द्वारा किया गया। प्रभारी सहायक निदेशक ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## वीडीओ को जान से मारने की धमकी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** चौखुटिया में बहुउद्देशीय शिविर में एक वीडीओ को जान से मारने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है। वीडियो की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीते दिनों ब्लॉक चौखुटिया में एक बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें कोत्युड़ा ताल निवासी हीरा सिंह ने वीडीओ के साथ अभद्रता की। जबरन नाजायज कार्य करने का दबाव बनाया गया। तहरीर में वीडियो ने कहा कि विरोध करने पर आरोप जान से मारने की धमकी देने लगा। वहीं, बताया कि आरोपी के डर से कई अधिकारियों ने यहां से तबादता करवा लिया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



टनकपुर के कालाझाला में महिलाओं ने किया पौधारोपण। ● अमृत विचार

### नारी शक्ति सेवा समिति ने किया पौधरोपण

**टनकपुर , अमृत विचार :** रविवार को अमावस्या और हरियाली तीज के अवसर पर नारी शक्ति सेवा समिति की महिला कमेटी कर्मचारी कालौनी वार्ड नंबर 6 की महिलाओं द्वारा काला झाला में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी पाण्डेय ने पौध रोपित कर इस अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर छायादार, फलदार और औषधि के पौधे रोपित किए गए। कमेटी की अध्यक्ष दीपा धानिक ने कहा कि कमेटी द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्य किये जा रहे है। कमेटी आगे भी समय-समय पर सामाजिक कार्य करते रहेगी। वृक्षारोपण कार्यक्रम में देवकी दपौटी, निर्मला भण्डारी, अंकिता जोशी, अनिता भट्ट, रेखा रौतेला, गोदावरी नेगी, रजनी जोशी,जानकी महर, जानकी बिष्ट, नेहा बेलवाल, गीता जोशी, विमला गोस्वामी, सीमा जोशी, चन्द्रा जोशी, यशोदा चौहान, हेमा देवी, शान्ति फुलेरा, नीता ओली, पार्वती कलौनी, जिया बेलवाल, केशरी गड़कोटी, जिये पहाड़ समिति के जिला समन्वयक अनिल चौधरी पिंकी आदि मौजूद रहे।

## तीन सौ लोगों का सत्यापन किया

**बनबसा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर पुलिस ने घरेलू किराएदारों और नौकरों के सत्यापन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा बेलबंदगोठ शारदा बैराज में 300 लोगों का सत्यापन किया गया और एक मकान मालिक का किरदार का सत्यापन न करने पर पुलिस एक्ट में चालान किया गया।

थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि बाहरी लोगों ओर अपराधियों को चिह्नित करने के लिए क्षेत्र में सत्यापन अभियान लगातार चलाया जाएगा। पुलिस टीम में शारदा बैराज चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता, एसआई रवि जोशी, एसआई विनोद कुमार चोहान, हेड कांस्टेबल पूरन आर्या, रघुनाथ गोस्वामी रहे।

## एक नजर

### दिल्ली में सुनवाई के बाद सलेम नासिक जेल में बंद

**नासिक।** मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मुख्य आरोपी अबू सलेम को महाराष्ट्र के मनमाड शहर से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक रोड सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सलेम को शनिवार को नयी दिल्ली-बैंगलोर-कर्नाटक एक्सप्रेस द्वारा नयी दिल्ली से मनमाड लाया गया और कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से नासिक रोड स्थित सेंट्रल जेल ले जाया गया।

### कार और ट्रक की भिडंत चार की मौत, छह घायल

**जयपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के सूरवाल थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह कार के ट्रक से टकरा जाने से उसमें सवार भाई-बहन सहित चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर त्रिलोकपुरा गांव के पास हुए इस भीषण हादसे में कार में सवार राजन (22), उसकी बहन मोनिका (24), रेखा (42) और धापू देवी (65) की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, कार में सवार सभी लोग मध्य प्रदेश के विक्रमगढ़ के रहने वाले थे।

### डॉक्टर दंपति पर 1.27 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**ठाणे।** नवी मुंबई के डॉक्टर दंपति डॉ. धवल खनयालाल देराश्री और उनकी पत्नी डॉ. लता देराश्री पर दवा विक्रेता से 1.27 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सीवुड्स क्षेत्र में डॉक्टर दंपति ने 2013 में अस्पताल में मेडिकल स्टोर खुलवाने के नाम पर उससे 49 लाख लिए थे। दंपति ने शिकायतकर्ता से 48 लाख की दवाएं भी खरीदी थीं और भुगतान नहीं किया।

# 2029 में फिर सरकार बनाएगा राजग : शाह

## स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी सरकार की पहलों से देश विनिर्माण का केंद्र बना

**चंडीगढ़, एजेंसी**


चंडीगढ़ की सभा में गृहमंत्री अमित शाह।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को लेकर सवाल उठाने पर रविवार को विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह गठबंधन न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा बल्कि 2029 में भी सरकार बनायेगा। शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24 घंटे जलापूर्ति वाली परियोजना का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक का कालखंड देश के विकास के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, अनुच्छेद 370 हटाने, राममंदिर के निर्माण, रोड नेटवर्क की स्थापना तथा ब्रिटिश कालीन रेलवे स्टेशनों के स्वरूप परिवर्तन की चर्चा की। शाह ने कहा कि हर क्षेत्र में देश के लोगों ने विकास का अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी मोदी सरकार की पहलों से देश विनिर्माण का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से लोगों ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता है कि (पिछले) तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीट मिलीं, भाजपा ने इस चुनाव (2024 लोकसभा चुनाव) में उससे ज्यादा सीट जीती हैं। भाजपा के पास उनके पूरे गठबंधन की सीट से अधिक सीट हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने जलापूर्ति परियोजना का किया उद्घाटन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ के मनी माजरा में जलापूर्ति वाली परियोजना का उद्घाटन किया। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी उपस्थित थे। कुल 75 करोड़ की लागत से स्थापित परियोजना से एक लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शुरू हुई परियोजना का उद्देश्य निरंतर उच्च दबाव आपूर्ति के माध्यम से इसके भंडारण को कम करके पानी की बर्बादी को रोकना है।

### कांग्रेस ने जलापूर्ति योजना के लिए कर्ज लेने पर उठाया सवाल

**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने मनी माजरा में जलापूर्ति का स्वागत करते हुए कहा कि परियोजना की फन्डिंग का स्रोत विदेशी कर्ज होने से लोगों पर बोझ बढ़ेगा। चंडीगढ़ प्रवक्ता राजीव शर्मा ने कहा कि बेहतर होता कि योजना की निधि नगर निगम से आती। जब भाजपा 2015 में निगम में सत्ता में आई थी, निगम के पास 500 करोड़ की निधि थी लेकिन आठ वर्षों में धन की कमी हो गई और परियोजना के लिए 500 करोड़ का कर्ज लिया है।

# युवाओं के भविष्य को राजस्व बढ़ाने की कवायद तक किया सीमित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा, दावा-एनटीए ने छह साल में 448 करोड़ कमाए

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य को महज राजस्व बढ़ाने की कवायद तक सीमित कर दिया है। पार्टी ने दावा किया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पिछले छह साल में 448 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राज्यसभा में एनटीए से संबंधित प्रश्न पर शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार के जवाब को एक्स पर साझा किया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि एनटीए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) घोटाले के केंद्र में है। यह शिक्षा मंत्रालय का निकाय है जिसका उद्देश्य निजी वेंडर्स को आउटसोर्सिंग के जरिये काम पर रखकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि न केवल इन वेंडर्स की साख अक्सर संदेह के घेरे में होती है, बल्कि खुद एनटीए की कमान एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है जो जब मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष थे तब वहां बड़े घोटाले सामने आए थे।

### योजनाओं को लेकर लापरवाही नहीं कर सकती मोदी सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 2019 में शुरू की पीएम-कुसुम पहल के क्रियान्वयन पर रविवार को केंद्र सरकार को घेरा। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार योजनाओं के क्रियान्वयन में इस तरह की लापरवाही को जारी नहीं रख सकती। जयराम रमेश ने कहा कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने देश भर में कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 2019 में बड़े धूमधाम से शुरू की गई पीएम-कुसुम योजना के बारे में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने रखे हैं।

# काजा में बादल फटने से नाले में आई बाढ़

**केलांग, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश के काजा के चिचम नाला में बादल फटने की घटना हुई है। एसडीएम काजा अमरिंदर सिंह ने बताया कि रविवार शाम 5.30 बजे चिचम गांव के नाले में अचानक बाढ़ आ गई। प्रारंभिक संकेत मिले कि घटना में एक या दो वाहन बह गए होंगे। राजस्व और पुलिस की टीमें घटनास्थल की और रवाना हो गई है जांच चल रही है। लोगों से पुष्टि की कि गांव के बीच नाले में बाढ़ आने से कार के बहने की आशंका है नाले के किनारे बने मकानों को खाली करने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्पीति में शिचिलिंग के पास माने डांग में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे सड़क अवरुद्ध हो गई।

### बारिश से 87 सड़कें बंद, पांच दिन के लिए येलो अलर्ट

**शिमला।** पांच दिनों में बादल फटने, बाढ़ आने और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश में 87 सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग ने आठ अगस्त तक भारी बारिश और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र के अनुसार, वाहनों के आवागमन के लिए बंद की गईं सड़कों में से कुल्लू में 30, मंडी में 25, लाहौल और स्पीति में 14, शिमला में नौ, कांगड़ा में सात और किन्नौर जिले में दो सड़कें शामिल हैं। हिमाचल के कई हिस्सों में रुक-रुककर बारिश हुई है।

### मां-बेटी के शव बरामद, अब तक आठ की मौत

**मंडी।** मंडी जिला के पधर उपमंडल के रामबन गांव में चल रहे सर्च ऑपरेशन के चौथे दिन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को दो और शव मिलें। यह 23 वर्षीय सोनम पत्नी राम सिंह व उनकी 3 माह की बेटी मानवी के हैं। तीन दिनों तक चले सर्च ऑपरेशन के दौरान छह लोगों के शव मलबे से निकाले गए थे। वहीं, रविवार दोपहर को दो और शव मिलने के बाद मृतकों का आंकड़ा आठ पहुंच गया है।

# पुणे के जलभराव वाले क्षेत्र में सेना तैनात

**पुणे/मुंबई, एजेंसी**


पुणे के जलमग्न इलाके में रविवार को बचाव अभियान में जुटे कर्मचारी।

पुणे में बारिश और खड़कवासला बांध से पानी छोड़े जाने के बाद शहर के जलभराव वाले इलाकों में सेना तैनात है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुणे के खड़कवासला, मुलशी, पवना और अन्य बांधों से पानी छोड़े जाने के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जरूरत पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए। शिंदे ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पुणे शहर और अन्य क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पुणे महानगर पालिका के आयुक्त और जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खड़कवासला, मुलशी, पवना और अन्य बांधों से पानी छोड़ने के बाद खतरे वाले क्षेत्रों के लोगों और बांध तथा बाढ़ रेखा में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए।

### मध्यप्रदेश में वर्षाजनित हादसों में 13 की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। बारिश से सभी नदी नाले उफान पर हैं। वहीं, वर्षाजनित दो हादसों में तेरह बच्चों की जान चली गई। मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि प्रदेश के उत्तर पूर्वी हिस्से में बना गहरा अवसाद और ट्रफ लाइन से बुंदेलखंड अंचल के सागर, दमोह, पन्ना सहित अन्य स्थानों पर बारिश हुई। साथ ही विंध्य अंचल के रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली सहित अन्य स्थानों पर बारिश का दौर जारी है।

### जीवित बचे लोगों के पुनर्वास के लिए मॉडल परियोजना होगी तैयार

**वायनाड भूस्खलन**

**वायनाड (केरल)।** केरल के वायनाड जिले में हुई भूस्खलन से विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए टाउनशिप बनाने संबंधी मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की घोषणा के बाद, राज्य के उद्योग मंत्री पी राजीव ने रविवार को कहा कि इसके लिए मॉडल परियोजना तैयार होगी।

वायनाड समाहरणालय में बागान मालिकों और प्रतिनिधियों की बैठक में राजीव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी के सहयोग से सुरक्षित टाउनशिप बनाना है। मंत्री ने कहा कि पुनर्वास परियोजना संकट राहत कोष से क्रियान्वित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष (सीएमडीआरएफ) के खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाए अभियान को भी निराधार बताया। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग के सचिव इस कोष के प्रभारी हैं और एक-एक रुपये का हिसाब रखा जाता है।

# 30 साल बाद फर्जी मुठभेड़ मामला मुआवजा देने के बाद हुआ बंद

**गुवाहाटी, एजेंसी**

- असम में पांच युवकों के हत्या में कोर्ट के निर्देश पर परिजनों को मिले 20-20 लाख रुपये
- मामले में एक मेजर जनरल और दो कर्नल सहित सात आरोपी सैन्यकर्मी सजा से बच गए

असम में फर्जी मुठभेड़ में पांच युवकों के मारे जाने की घटना में अदालत के निर्देश पर उनके परिजनों को 20-20 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देने के बाद 30 साल तक जारी रही कानूनी लड़ाई का अंत हो गया। इस मामले में एक मेजर जनरल और दो कर्नल सहित सात आरोपी सैन्यकर्मी सजा से बच गए।

सैन्य अदालत और सीबीआई की जांच में पाया गया था कि वे कथित अपराध में शामिल थे। बाद में कोर्ट मार्शल अधिकारियों ने मामले की समीक्षा की और कुछ और सबूत जुटाए, जिसके बाद घोषणा की गई कि सेना के जवान दोषी नहीं हैं। ये सभी सैनिक अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उग्रवादी समूह उल्फा ने फरवरी 1994 में चाय बागान के प्रबंधक की हत्या की थी, जिसके बाद 18वीं पंजाब रेजिमेंट की टीम ने 17 और 19 फरवरी 1994 को तिनसुकिया में प्रबीन, अखिल, देबजीत, प्रदीप और भूपेन को पकड़ा था। 23 फरवरी को पांचों के शव पुलिस को सौंपे गए थे और सेना का दावा था कि ये मुठभेड़ में मारे गए।

### असम सरकार लव जिहाद में उम्रकैद के लिए जल्द कानून लाएगी : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द लव जिहाद के मामलों में उम्रकैद के लिए नया कानून लाएगी। राज्य भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में उन्होंने कहा कि हमने चुनाव के दौरान लव जिहाद के बारे में बात की थी। हम जल्द कानून लाएंगे, जिसमें ऐसे मामलों में उम्रकैद की सजा होगी।

शर्मा ने कहा कि जल्द नई अधिवास नीति पेश की जाएगी, जिसके तहत केवल असम में जन्में लोग ही राज्य सरकार की नौकरियों के पात्र होंगे। चुनाव पूर्व वादे के अनुसार दी गई एक लाख सरकारी नौकरियों में स्वदेशी लोगों को प्राथमिकता मिली है, जो पूरी सूची प्रकाशित होने पर स्पष्ट होगी। सरकार ने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच जमीन की बिक्री पर भी फैसला किया है। राज्य सरकार ऐसे लेनदेन को रोक नहीं सकती है, लेकिन मुख्यमंत्री की सहमति अनिवार्य किया गया है।

# एल्डरमैन की नियुक्ति पर फैसला आज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती वाली याचिका पर सुप्रीट कोर्ट कर रहा सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट दिल्ली की आप सरकार की याचिका पर आज (पांच अगस्त) अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एल्डरमैन नामित करने के उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती दी गई है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने पिछले साल 17 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ फैसला सुनाएगी। पिछले साल शीर्ष अदालत ने कहा था कि उपराज्यपाल को एमसीडी में पार्षदों को नामित करने का अधिकार देने का मतलब होगा कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं। एमसीडी में 250 निर्वाचित और 10 नामित सदस्य हैं। दिसंबर 2022 में आप ने नगर निगम चुनाव में 134 वार्ड में जीत के साथ एमसीडी पर भाजपा के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया था। भाजपा ने 104 सीट जीतीं और कांग्रेस नौ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। शीर्ष अदालत ने कहा था कि उपराज्यपाल को यह शक्ति देने का मतलब होगा कि वह निर्वाचित नगर समितियों को अस्थिर कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास (एल्डरमैन) मतदान का अधिकार भी होगा।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### एफपीआई ने शेयरों में 32,365 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** नीतिगत सुधार जारी रहने की उम्मीद, सतत आर्थिक वृद्धि तथा कंपनियों के उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों की वजह से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 32,365 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, इस महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों (1-2 अगस्त) को एफपीआई ने शेयरों से 1,027 करोड़ रुपये निकाले हैं। बजट में इक्विटी निवेश पर पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी के बाद से एफपीआई प्रवाह में मिला-जुला रुख देखने को मिला है।

### चाय बोर्ड ने उत्तर बंगाल के बागानों का किया दौरा

**कोलकाता।** चाय बोर्ड के अधिकारियों ने उत्तर बंगाल के कई बागानों का निरीक्षण किया ताकि वहां पैदा होने वाली चाय की फसल की पत्तियों की गुणवत्ता का पता लगाया जा सके। बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि इन बागानों से कई नमूने एकत्र किए गए हैं और उनकी गुणवत्ता निर्धारित की जाएगी। पिछले कई दिनों से उत्तर बंगाल के विभिन्न चाय बागानों में बड़े पैमाने पर यह अभियान चलाया जा रहा है। चाय बोर्ड ने इन बागानों से नमूने जुटाए हैं और चाय विपणन नियंत्रण आदेश के अनुसार भविष्य की कार्रवाई तय की जाएगी।

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5800 मसूरी- 5600 बासमती- 9500 परमल- 3600 दाल दलहन : काला चना- 7400 साबुत चना दाल- 8400 मूंग साबुत- 10700 राजमा- 12400 दाल उड़द- 10600 साबुत मसूर दाल- 7500 मसूर दाल- 8400 उड़द साबुत- 11500 काबुली चना- 13500-12600 अरहर दाल- 16500-17000 लोबिया/करमानी- 9000 सोयाबीन- 4500 मूंगफली- 11600 मटर (सूखी)- 6500 मक्का- 2400

# रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

## विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कंपनियों के नतीजे बाजार के लिए रहेंगे महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- लंबे समय की स्थिरता के बाद बाजार में दिखने लगे कमजोरी का संकेत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक बाजारों के रुख से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। सेवा क्षेत्र के एचएसबीसी पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों की घोषणा आज होगी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह सभी की निगाह वैश्विक बाजारों पर रहेगी। लंबे समय की स्थिरता के बाद बाजार में कमजोरी का संकेत दिखने लगा है। इससे भारतीय बाजार की मजबूती की परख होगी, जो तरलता की बेहतर स्थिति की वजह से अभी तक जुझारू बना हुआ है।

मीणा ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर आठ अगस्त को आने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक महत्वपूर्ण रहेगी। इस सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, बीईएमएल, ओएनजीसी, एनएचपीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम और एमआरएफ जैसी बड़ी कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ऊंचे मूल्यांकन से बाजार में कुछ कमजोरी आ सकती है। आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक से ब्याज दरों के परिदृश्य पर कुछ संकेत मिलेगा।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.29 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन में 1,28,913 .5 करोड़ की गिरावट आई। आईटी की प्रमुख कंपनियां टीसीएस और इन्फोसिस नुकसान में रहीं। टीसीएस की पूंजी घटकर 15,49,626 .88 करोड़, इन्फोसिस की घटकर 7,56,250 .47 करोड़, आईटीसी की घटकर 6,11,423 .11 करोड़ और एसबीआई की पूंजी घटकर 7,56,717 .85 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज की घटकर 20,28,695 .57 करोड़, भारती एयरटेल की घटकर 8,50,389 .88 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक की 8,42,176 .78 करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर घटकर 6,32,862 .41 करोड़ रुपये रह गई। वहीं एचडीएफसी बैंक की पूंजी बढ़कर 12,63,601 .40 करोड़ और एलआईसी की बढ़कर 7,47,677 .98 करोड़ रुपये रहा।

### विदेश पर्यटन पर खर्च 2034 तक 55 अरब डॉलर होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत से विदेश जाने वाले पर्यटन पर खर्च 2024 के 18.82 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2034 में 55.39 अरब डॉलर होने का अनुमान है। नांगिया एनएक्सटी और फिक्की की संयुक्त रिपोर्ट नेविगेटिंग होराइजन्स में कहा गया कि पैकेज्ड टूर अब भी भारत के विदेशी पर्यटन पर हावी हैं। 2024 में इसकी हिस्सेदारी 39.20% होगी। पर्यटक अधिक सुविधा और अनुकूलन के कारण पूर्व नियोजित टूर पैकेज को प्राथमिकता देते हैं। भारतीय या शाकाहारी भोजन के विकल्पों की उपलब्धता के साथ विशिष्ट पर्यटन के बारे में जागरूकता से आने वाले वर्षों में भारत से विदेश जाने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। खर्च में बढ़ोतरी, बढ़ते मध्यम वर्ग, वीजा में आसानी और अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों से बाजार में मजबूत वृद्धि देखी गई है।

# रेपो दर को 6.5% यथावत रख सकता है रिजर्व बैंक

**मुंबई, एजेंसी**

- कटौती से पहले आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गुरुवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को एक बार फिर 6.5% पर बरकरार रख सकता है। विशेषज्ञों ने अनुमान जताया कि केंद्रीय बैंक दर में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने फिलहाल अपनी ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है और संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि महंगाई का दबाव बने रहने के बीच आरबीआई ब्याज दर पर अपना रुख बदलने से पहले अमेरिकी मौद्रिक नीति पर बारीकी से नजर रखेगा। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि भले ही ब्याज दर 6.5% (रेपो दर) तक बढ़ा दी गई हो, आर्थिक वृद्धि अच्छी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की बैठक 6-8 अगस्त के बीच होनी है। दास आठ अगस्त को दर निर्धारण समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आगामी नीतिगत समीक्षा में आरबीआई यथास्थिति बनाए रखेगा। मुद्रास्फीति आज भी 5.1% के उच्चस्तर पर बनी हुई है।

# चीन की कंपनियों को निवेश के लिए बुलाना बेहतर विकल्प : विरमानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत के सामने दो विकल्प- एक चीन की आपूर्ति शृंखला में एकीकृत या एफडीआई को बढ़ावा देना : नीति आयोग

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा है भारत के लिए यह बेहतर होगा कि वह चीन से आयात के बजाय वहां की कंपनियों को निवेश और उत्पादन के लिए आकर्षित करे। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम से उत्पादों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा।

आम बजट से एक दिन पहले 22 जुलाई को पेश आर्थिक समीक्षा में विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का लाभ उठाने के लिए चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की वकालत की गई है। विरमानी से इसी बारे में पूछा गया था। विरमानी ने आर्थिक समीक्षा में कहा था, चूंकि अमेरिका और यूरोप अपनी तत्काल सोर्सिंग चीन से हटा रहे हैं, इसलिए चीनी कंपनियों का भारत में निवेश करना अधिक प्रभावी है। समीक्षा में कहा गया था कि 'चीन प्लस वन रणनीति' से लाभ उठाने के लिए भारत के सामने दो विकल्प हैं - वह चीन की आपूर्ति शृंखला में एकीकृत हो सकता है या चीन से एफडीआई को बढ़ावा दे सकता है। विरमानी ने कहा कि हमें चीन से आयात जारी रखने के बजाय इसकी अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन विकल्पों में चीन से एफडीआई पर ध्यान देना अमेरिका को भारत का निर्यात बढ़ाने के लिए अधिक आशाजनक लगता है।

### जोमैटो ने ग्राहकों से मंच शुल्क के रूप में 83 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खान-पान का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने इस साल मार्च तक ग्राहकों से मंच शुल्क के रूप में 83 करोड़ रुपये जुटाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में हर ऑर्डर पर मंच शुल्क लेना शुरू किया था। मंच शुल्क को समायोजित राजस्व को बढ़ाने वाले तीन प्रमुख कारकों में से एक बताया है। कंपनी की आमदनी 2023-24 में 27% बढ़कर 7,792 करोड़ हो गई। जीओवी (सकल ऑर्डर मूल्य) के प्रतिशत के रूप में समायोजित राजस्व में वृद्धि जारी रही।

# बैंकिंग प्रणाली में वापस आ सकते हैं निवेशक

**मुंबई, एजेंसी**

- डेरिवेटिव में 90% निवेशकों को उठाना पड़ रहा नुकसान : एसबीआई चेयरमैन

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव बाजार में दांव से हतोत्साहित करने वाले नियामकीय कदमों से बैंकिंग प्रणाली को जमा जुटाने में मदद मिल सकती है। खारा ने कहा कि अल्पकालिक और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर बदलाव जैसी बजट घोषणाओं से जमा वृद्धि के नजरिये से ज्यादा फायदा नहीं होगा।

खारा ने कहा कि नियामक द्वारा खुदरा निवेशकों के लिए एफएंडओ (वायदा और विकल्प) जैसी चीजों को हतोत्साहित किया जा रहा है। जो लोग इस तरह के साधन का सहारा ले रहे हैं, वे बैंकिंग प्रणाली में वापस आ सकते हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि डेरिवेटिव कारोबार में 90% निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में यह आशंका पैदा हो रही है कि परिवारों की बचत उत्पादक उद्देश्यों में लगने के बजाय 'सट्टेबाजी' में उड़ रही है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा निवेशकों को ऐसी गतिविधियों में 52,000 करोड़ का नुकसान हुआ, जिसपर अंकुश लगाने की जरूरत है। सेबी ऐसे दांव पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 7 सूत्रीय योजना लेकर आया है, जबकि बजट में इस पर अंकुश के लिए कुछ कदम उठाए गए हैं। तीन वर्षों से जमा वृद्धि ऋण में बढ़ोतरी से साथ तालमेल बैठाने में असमर्थ है।

### बैंक परिवारों की बचत को जमा करने का प्रमुख साधन

खारा ने कहा कि यह पैसा वैकल्पिक साधनों मसलन पूंजी बाजार में जा रहा है। बैंक खाता परिवारों की बचत को जमा करने का प्रमुख साधन है और इस पर ब्याज मिलता है। उन्होंने याद दिलाया कि 2011 में भी ऋण वृद्धि जमा वृद्धि से अधिक थी। वर्तमान में जमा और ऋण वृद्धि के बीच के अंतर के बारे में चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, जिससे बैंक कर्ज देने में धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं, जो समग्र आर्थिक वृद्धि के लिए नुकसानदायक हो सकता है। एसबीआई के पास 20% की बाजार हिस्सेदारी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में एसबीआई ऋण में 15& और जमा में आठ प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहा है।



# पेरिस ओलंपिक 2024



## आज भारत के मुकाबले

- **निशानेबाजी :** स्कीट मिश्रित टीम (क्वालीफिकेशन) : महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका – दोपहर 12.30 बजे
- **टेबल टेनिस :** महिला टीम (प्री क्वार्टर फाइनल) : भारत बनाम रोमानिया – दोपहर 1.30 बजे
- **नौकायन :** महिला डिंगी (ओपनिंग सीरीज) : रेस 9 दोपहर 3.45 बजे। महिला डिंगी (ओपनिंग सीरीज) : रेस 10 शाम 4.53 बजे। पुरुष डिंगी (ओपनिंग सीरीज) : रेस 9 शाम 6.10 बजे। पुरुष डिंगी (ओपनिंग सीरीज) : रेस 10 शाम 7.15 बजे
- **एथलेटिक्स : महिला 400 मीटर (पहला दौर) :** किरण पहल (हीट पांच) दोपहर 3.57 बजे, पुरुष 3,000 मीटर स्टीपलचेज (पहला दौर) : अविनाश साबले (हीट दो) रात 10.50 बजे
- **बैडमिंटन :** पुरुष एकल (कांस्य पदक प्लेऑफ) : लक्ष्य सेन बनाम ली जी जिया (मलेशिया) – शाम 6.00 से शुरू होगा।

## खेल डायरी



### विजयवीर 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालिफिकेशन के शीर्ष पांच में

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज विजयवीर सिद्धू पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालिफिकेशन स्टेज में पहले चरण के बाद 293-14x के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। विजयवीर ने आज चेटेउरौक्स में 9.767 के औसत से 98, 98 और 97 का स्कोर बनाया। इस बीच अनीश भानवाला पहले चरण के बाद सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने विजयवीर के समान औसत से 293-11x का स्कोर बनाया।

### सबालेंका को हराकर बौजकोवा फाइनल में

**वाशिंगटन।** चेक गणराज्य की मैरी बौज़कोवा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को हराकर मुबाडाला सिटी डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। बौजकोवा ने बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला स्पेन की पाउला बडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड को 6-3, 6-3 से पराजित किया। पुरुषों के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोर्डा का सामना इटली के 10वीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोर्डा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को 6-4, 6-4 से जबकि कोबोली ने दूसरे वरीय बेन शेल्टन को 4-6, 7-5, 6-3 से हराया।

### लंबी कूद फाइनल में जगह नहीं बना सके एल्ड्रिन

**पेरिस।** भारतीय एथलीट जेसविन एल्ड्रिन ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में स्टेड डी फ्रांस में पुरुषों की लंबी कूद में 26वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके। जेसविन ने क्वालिफिकेशन ग्रुप बी में 7.61 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जेसविन अपने समूह में 16 खिलाड़ियों में से 13वें स्थान पर रहे। वह क्वालीफिकेशन स्टैंडर्ड (8.15 मीटर) को पार करने में विफल रहे और दोनों समूहों के शीर्ष 12 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में भी शामिल नहीं हो सके। 22 वर्षीय लॉन्ग जंपर कुल मिलाकर स्टैंडिंग में 26वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके।

### जूलियन बनी ओलंपिक की फर्राटा क्वीन

**सेंट डेनिस (फ्रांस)।** सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड ने प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता और इस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों की फर्राटा क्वीन बनने का गौरव हासिल किया। अल्फ्रेड ने 10.72 सेकंड में दौड़ पूरी करके देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अमेरिका की रिचर्डसन 10.87 सेकंड का समय लेकर दूसरे जबकि अभ्यास में उनकी साथी मेलिसा 10.92 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। सेंट लूसिया की एथलीट को जमैका की शेली एन फ्रेज़र प्राइस हट जाने का भी फायदा मिला।

### स्कीट फाइनल में चूकीं माहेश्वरी चौहान

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और रायजा ढिल्लों रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिलाओं की स्कीट फाइनल के लिए कट-ऑफ से चूक गईं और क्वालीफिकेशन स्पर्धा में इनका अभियान समाप्त हो गया। मौजूदा एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता माहेश्वरी चौथे दौर के अंत तक पदक की दावेदारी थीं। हालांकि अंतिम राउंड में तीन चूक के बाद 22/25 का स्कोर बनाकर वह कुल 118/125 के साथ 14वें स्थान पर रहीं। हालांकि रायजा ने पहले दिन की कमी की भरपाई कर ली लेकिन यह उन्हें क्वालिफिकेशन स्टैंडिंग में शीर्ष 20 में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था। वह 113/125 के स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहीं। केवल शीर्ष छह निशानेबाज ही फाइनल में पहुंचे। भारत के अनंत जीत सिंह नरूका भी शनिवार को पुरुष स्कीट फाइनल में जगह नहीं बना सके। इससे पहले भारतीय निशानेबाज विजयवीर सिद्धू पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालिफिकेशन स्टेज में पहले चरण के बाद 293-14x के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। विजयवीर ने आज चेटेउरौक्स में 9.767 के औसत से 98, 98 और 97 का स्कोर बनाया।



# एल्ड्रिन और पारुल ओलंपिक से बाहर

**पेरिस, एजेंसी**





भारत का पेरिस ओलंपिक खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा जब राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारुल चौधरी और जेसविन एल्ड्रिन क्रमशः महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ और पुरुषों की लंबी कूद में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। पारुल ने अपनी हीट रेस में आठवें और कुल मिलाकर 21वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान समाप्त किया।

ओलंपिक से पहले अमेरिका में पेरिस की अनुकूल परिस्थितियों में अभ्यास करने वाली 29 वर्षीय पारुल ने 9:23.39 सेकेंड में दूरी तय की, जो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह हालांकि अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 9:15.31 सेकंड से पीछे रही। तीन हीट रेस में से प्रत्येक में शीर्ष पांच में जगह बनाने वाले एथलीट फाइनल में प्रवेश करते हैं। पारुल की हीट रेस में युगांडा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पेरुथ चेमुताई ने 9:10.51 के साथ पहले नंबर पर रही। कीनिया की फेथ चेरोटिच 9:10.57 और जर्मनी के गेसा फेलिसिटास क्रूस (9:10.68) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

## पदक जीतने तक संन्यास नहीं लूंगी: दीपिका कुमारी

**पेरिस।** लगातार चार ओलंपिक में विफल रही कई बार की विश्व कप पदक विजेता तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि वह पोडियम पर पहुंचने तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी और उन्हें लगता है कि चार साल बाद लॉस एंजिलिस में वह ऐसा करने में कामयाब रहेंगी। दीपिका खेलों के सबसे बड़े मंच पर दबाव भरे हालात में विफल रही हैं।

उन्होंने यहां इंडिया हाउस में कहा निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नह छोड़ूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी। दीपिका कहा मैं और मजबूती से पेश करूंगी।

# विनेश सहित भारतीय पहलवानों को ओलंपिक में देनी होगी कड़ी परीक्षा

**पेरिस, एजेंसी**



भारत को अगर ओलंपिक खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखना है तो फिर सोमवार से यहां शुरू होने वाले मुकाबलों में विनेश फोगाट सहित सभी छह पहलवानों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक खेल में कुश्ती में पदक जरूर जीता है। ऐसे में सभी की निगाह अनुभवी पहलवान विनेश पर टिकी रहेंगी जिनका पिछला कुछ समय उथल-पुथल में बीता है।

विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में दो, राष्ट्रमंडल खेलों में तीन और एशियाई चैंपियनशिप में आठ पदक जीते हैं लेकिन वह अभी तक ओलंपिक पदक नहीं जीत सकी है। ओलंपिक से पहले विनेश को अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिला। वह भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाली प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल रही। विनेश विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी। अंतिम पंघाल ने उनके वजन वर्ग 53 किग्रा में कोटा हासिल कर दिया। इस कारण विनेश को 50 किग्रा वजन वर्ग में अपनी चुनौती पेश करनी पड़ रही है।

अंशू मलिक (महिला 57 किग्रा) और अमन सहरावत (पुरुषों का 57 किग्रा) भी पदक के दावेदारों में शामिल हैं। अंतिम पंघाल की तैयारी भी अनुकूल नहीं रही हैं। भारत पहली बार महिलाओं के 76 किग्रा हैवीवेट वर्ग में चुनौती पेश करेगा जिसमें रीतिका दांव लगाएगी। पहलवान निशा दहिया के पास बहुत कम अनुभव है। वह महिलाओं के 68 किग्रा भार वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेगी।

# भारतीय डिफेंस की दीवार ने ब्रिटेन को रोका

## दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए ब्रिटेन को रोमांचक शूटआउट में हराकर भारत सेमीफाइनल में पहुंचा



शूटआउट में गोल दागने के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कुछ यूं मनाया जश्न। ● एजेंसी »



शूटआउट में दमदार प्रदर्शन कर जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी

**पेरिस, एजेंसी**

अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे पी आर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए और 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

तारीफ करनी होगी भारतीय डिफेंस की जिसने 36 वर्ष के श्रीजेश की अगुवाई में ब्रिटेन के हर हमले का बचाव करते हुए उसे बढत नहीं बनाने दी। ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और महज एक कामयाबी मिली। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया। शूटआउट में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके। कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया। भारत को छह अगस्त के सेमीफाइनल में जर्मनी-अर्जेंटीना के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से खेलना है।

तोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर भारतीय टीम अंतिम चार में पहुंची थी। श्रीजेश तोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ भी भारत की दीवार साबित हुए थे और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के अब तक के सबसे कठिन मुकाबले में भी अपेक्षाओं पर खरे उतरकर दिखाया। निर्धारित समय में भारत के लिए हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था। भारत को जवाबी हमले में 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। यह उनका सातवां गोल था। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम फिर गेंद पर नियंत्रण के लिए जूझती नजर आई। ब्रिटेन ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 36वें मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर फर्लोंग का शॉट श्रीजेश ने बचाया। भारत की तारीफ करनी होगी कि दस खिलाड़ियों के साथ उसने गोल नहीं गंवाया। इससे पहले शुरूआती क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने जबर्दस्त मुस्तैदी दिखाते हुए ब्रिटेन के कई हमलों को नेस्तनाबूद किया।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 18 | 15 | 9 | 42 |
| अमेरिका | 15 | 25 | 25 | 65 |
| फ्रांस | 12 | 14 | 16 | 42 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 7 | 27 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 12 | 15 | 37 |
| द. कोरिया | 10 | 7 | 7 | 24 |
| जापान | 8 | 5 | 10 | 23 |
| इटली | 6 | 8 | 5 | 19 |
| नीदरलैंड | 6 | 4 | 4 | 14 |
| जर्मनी | 5 | 5 | 2 | 12 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

# सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य खेलेंगे कांस्य मुकाबला

**पेरिस, एजेंसी**



भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य के मुकाबले में खेलेंगे।

ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष और दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की नौ मैचों में यह आठवीं हार है। लक्ष्य अब कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-121, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा।



### स्पेन से हारकर बेल्जियम पदक की दौड़ से बाहर

**पेरिस।** मौजूदा चैंपियन बेल्जियम पेरिस ओलंपिक की पुरूष हॉकी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में स्पेन से 2-3 से हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गया। बेल्जियम की एकमात्र टीम है जिसने पूल बी में भारत को हराया था। इसके अलावा भारतीय टीम एक भी मैच अभी तक नहीं हारी है। स्पेन के लिये जोस मारिया बस्टेरा ने 40वें, मार्क रेनी ने 55वें और मार्क मिरालेस ने 57वें मिनट में गोल किए। वहीं बेल्जियम के लिये आर्थर डि स्लूवेर ने 41वें और अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने 58वें मिनट में गोल दागा।

## नोवाक जोकोविच ने पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता

**पेरिस।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को पुरुष टेनिस एकल फाइनल में कार्लोस अल्काराज को सीधे सेट में हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता।

37 साल के सर्बिया के जोकोविच ने स्पेन के अल्काराज के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में एक और उपलब्धि जोड़ दी। जोकोविच इसके अलावा पुरुष और महिला दोनों वर्ग में सबसे अधिक हफ्तों तक नंबर एक रैंकिंग पर काबिज रहने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। मौजूदा खेलों में सेमीफाइनल में इटली के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ जीत से पहले जोकोविच ने अपने तीनों ओलंपिक सेमीफाइनल गंवाए थे।

# श्रीलंका ने भारत को 32 रनों से हराया



**कोलंबो, एजेंसी**

दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारतीय टीम श्रीलंका से 32 रन से हारकर तीन मैच की शृंखला में 0-1 से पिछड़ी। भारत को 240 रन का लक्ष्य मिला था। जवाब में भारतीय टीम 42.2 ओवर में 208 रन ही बना सकी और 32 रनों से यह मुकाबला हार गई।

अविष्का फर्नाडों (40) कामिंडु मेंडिस (40) तथा दुनित वेल्लालगे (39) की उपयोगी पारियों की बदौलत रविवार को खेले गए दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को जीत के लिए 241 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने श्रीलंका की शुरुआत खराब रहीं और पतुम निसंका बिना खाता खोले वापस पैवेलियन लौट आए। उन्हें सिराज ने विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए अविष्का फर्नाडों और कुसल मेंडिस ने 74 रनों की साझेदारी की। सुंदर ने 17वें ओवर में अविष्का को अपनी ही गेंद पर कैच कर भारत को दूसरा विकेट दिलाया। इसके बाद कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। श्रीलंका का चौथा विकेट 111 रनों पर सदीरा के रुप में गिरा जिसे अक्षर पटेल की गेंद पर कोहली ने कैच आउट किया। दुनित वेल्लालगे 39 एवं कामिंडु मेडिंस ने 44 गेंदों पर 40 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम का स्कोर 240 रनों तक पहुंचाया। भारत के लिए वॉशिंगटन सुंदर ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए वहीं कुलदीप यादव ने 33 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल को एक एक विकेट मिला जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए।

## केटी ने 800 फ्रीस्टाइल जीतकर इतिहास रचा



**नानटेरे (फ्रांस)।** केटी लेडेस्की पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 800 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक जीत कर लगातार चार ओलंपिक खेलों में एक प्रतियोगिता को जीतने वाली दूसरी तैराक बन गई है।

लेडेस्की का पेरिस ओलंपिक में यह दूसरा जबकि ओलंपिक खेलों में नौवां स्वर्ण पदक है। वह ओलंपिक में नौ या इससे अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली केवल छठी खिलाड़ी है। लेडेस्की सर्वाधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में तैराक मार्क स्पिट्ज, ट्रैक स्टार कार्ल लुईस, सोवियत जिमनास्ट लैटिनिना और फिनलैंड के धावक पावो नूरमी के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# क्वार्टर फाइनल में लवलीना भी हारीं मुक्केबाजी में भारतीय चुनौती खत्म

**पेरिस, एजेंसी**

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारकर मौजूदा पेरिस खेलों से बाहर हो गईं।

लवलीना को इस कड़े मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार क्लिंचिंग और होल्ड करने के लिए चेतावनी दी गई। लवलीना की हार के साथ ही भारत की मुक्केबाजी में चुनौती भी समाप्त हो गई। निशांत देव के शनिवार रात पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह मुक्केबाज उतारे थे। इनमें चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाज शामिल हैं।



मुकाबले के दौरान लवलीना (नीली जर्सी) और ली कियान।

### ताइवान की लिन ने पक्का किया पदक

विलेपिंटे (फ्रांस)। ताइवान की मुक्केबाज लिन यू-टिंग ने रविवार को पेरिस खेलों में उनके नाम के नारे लगाने वाली भीड़ के सामने अपना पहला ओलंपिक पदक जीता। इससे एक दिन पहले अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ ने भी कई दिनों तक ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उनकी भागीदारी को लेकर कड़ी जांच के बाद पदक हासिल किया था। लिन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया की स्वेतलाना कामेनोवा स्टेनेवा को सर्वसम्मत फैसले में हराया। सेमीफाइनल दौर में पहुंचकर उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया कि वह कम से कम कांस्य पदक जीतेंगी। लिन और खेलीफ लैंगिक पहचान और खेलों में नियमों को लेकर टकराव के केंद्र में रही हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### पूर्वी नेपाल में 4.2 की तीव्रता का भूकंप का झटका

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल के ताप्लेजुंग जिले में रविवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र अनखोप में था। बताया कि शाम 4:04 बजे भूकंप के झटके पड़ोसी पंचथर जिले में भी महसूस किए गए।

### मिस्र में तीन वाहनों की टक्कर, सात लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के दक्षिण में हेलवान जिले के पास एक राजमार्ग पर रविवार को तीन वाहनों की टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। मिस्र की सरकारी अल-अहराम समाचार वेबसाइट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार पहले एक ट्रेलर और पिकअप ट्रक के बीच टक्कर हुयी। इसके बाद एक तेज रफ्तार यात्री माइक्रोबस ने टक्कर मार दी।

### लास वेगास में चाकू से हमला एक व्यक्ति को गोली मारी

**लास वेगास।** अमेरिका के नेवादा प्रांत के लास वेगास में स्थित एक कैसीनो में शनिवार को दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति को गोली मार दी गई। अधिकारियों ने हमले में घायल तीनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि रेड रॉक कैसीनो रिजॉर्ट एंड स्पा में शनिवार देर रात डेढ़ बजे चाकू से हमले और गोलीबारी की सूचना मिली।

### पुतिन ने निर्बाध रेल नेटवर्क योजना की घोषणा की

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को निर्बाध रेलवे नेटवर्क की स्थापना सहित अंतर्राष्ट्रीय परिवहन गलियारे विकसित करने की योजनाओं की घोषणा की। पुतिन ने रेलवे श्रमिक दिवस के अवसर पर एक वीडियो संबोधन में कहा, हमारा लक्ष्य बाल्टिक और बैरेंट्स सागर से फारस की खाड़ी तथा हिंद महासागर के तटों तक निर्बाध रेलवे संचार स्थापित करना है।

# पाकिस्तान की सेना को माफी मांगनी चाहिए

- पूर्व प्रधानमंत्री इमरान का उनकी गिरफ्तारी के बाद भड़के दंगों के लिए माफी मांगने से इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल नौ मई को उनकी गिरफ्तारी के बाद भड़के दंगों के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया है और कहा है कि सेना को उनसे माफी मांगनी चाहिए क्योंकि हिंसा के दिन पाक रेंजर्स ने उनका अपहरण कर लिया था।

खान (71) को नौ मई 2023 को भ्रष्टाचार के एक मामले में पेशी के दौरान इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से पाक रेंजर्स ने गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया और दंगे भड़क उठे थे। इससे देशभर में नागरिक और सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान हुआ था।

### पीटीआई आज करेगी देशव्यापी प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) 5 अगस्त को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। ट्रिब्यून एक्सप्रेस ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि पीटीआई नेतृत्व ने रविवार को घोषणा की कि वह सोमवार यानी 5 अगस्त को सरकार के अत्याचारों के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सांसदों के खिलाफ सरकार का व्यवहार अस्वीकार्य है।

## हमास ने नया प्रमुख चुनने के लिए परामर्श किया शुरू

**गाजा।** हमास ने कहा कि आंदोलन के लिए नया प्रमुख चुनने के लिए उसके नेतृत्व और सलाहकार संस्थानों में व्यापक सलाह मशवरा शुरू हो गया है। हमास ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पिछले दशकों में इसके कई नेताओं की हत्याएं देखी गईं। लेकिन समूह ने आंदोलन के नियमों के अनुसार उनके लिए विकल्प चुनने में जल्दबाजी की। बयान में कहा गया है कि आंदोलन के कार्यकारी संस्थान और इसकी मुख्य सलाहकार संस्था शूरा अपना काम जारी रख रही है और यह अपने परामर्श के पूरा होने के बाद उसके परिणामों की घोषणा करेगी। हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हनियेह की बुधवार सुबह तेहरान में उस समय हत्या कर दी गई, जब वह ईरान के नए राष्ट्रपति के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे।

# गाजा पर इजराइली हमलों में 18 की मौत

- तेल अवीव में इजराइल में फिलिस्तीनी नागरिक ने दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी
- हमास चीफ और हिजबुल्ला कमांडर की हत्या के बाद से क्षेत्र में तनाव के बाद युद्ध का खतरा

तेल अवीव, एजेंसी

गाजा पर रविवार को इजराइल की ओर से किए गए हमले में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि इजराइल के तेल अवीव के उपनगर में एक फिलिस्तीनी नागरिक ने दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इजराइल और हमास के बीच लगभग 10 महीने से जारी युद्ध तथा बुधवार को तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनियेह और मंगलवार को बेरूत में हिजबुल्ला कमांडर फौद शुकूर की हत्या के बाद से क्षेत्र में जारी तनाव के युद्ध में बदलने का खतरा बढ़ गया है।

इजराइल की मैगन डेविड एडोम नामक बचाव सेवा और एक निकटवर्ती अस्पताल के अनुसार फिलिस्तीनी आतंकी द्वारा चाकू से किए गए हमले में 70 वर्षीय महिला और 80 वर्षीय पुरुष की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि यह हमला एक फिलिस्तीनी चरमपंथी द्वारा किया गया जिसे मार दिया गया। बचावकर्मियों ने बताया कि इस हमले में घायल हुए व्यक्ति तीन अलग-अलग स्थानों पर पाए गए थे जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि हमलावर एक से अधिक थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइल द्वारा रविवार को गाजा के अल-अक्सा शहीद अस्पताल परिसर के अंदर विस्थापित लोगों के लिए बने शिविर में किए गए हमले में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।



गलील क्षेत्र पर लेबनान के हमले को रोकती इजराइली आयरन डोम।

### लेबनान से इजराइल में लगभग 30 रॉकेट लॉन्च

**यरुशलम।** लेबनान से उत्तरी इजराइल में लगभग 30 रॉकेट लॉन्च किये गये, जिनमें से अधिकांश को रास्ते में मार गिराया गया। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को बताया कि उत्तरी इजरायल में लेबनान से एक रॉकेट हमला किया गया और कई रॉकेटों को इजराइल की आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली द्वारा मार गिराया गया। लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला ने बताया कि उसने उत्तरी इजराइल के बेत हिलेल शहर की ओर कई रॉकेट दागे हैं। आईडीएफ ने बताया कि हमले में कोई भी घायल नहीं हुआ। उसने कहा, जवाबी कार्रवाई में उसने हिजबुल्ला के रॉकेट लॉन्चर पर कई हमले किये।

# बांग्लादेश में फिर हिंसा, 91 की मौत, अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

## शेख हसीना सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए असहयोग आंदोलन शुरू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका तथा देश के अन्य हिस्सों में रविवार को हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 91 लोग मारे गए और इसके बाद अधिकारियों ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार काफी संख्या में विद्यार्थियों ने शेख हसीना सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए असहयोग आंदोलन शुरू कर दिया है। बांग्लादेशी अखबार प्रोथिओम एलो की रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों, सत्तारूढ़ अवामी लीग के कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों के बीच हुईं झड़पों में 14 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 91 लोग मारे गए।

गौरतलब है कि पिछले महीने के आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों पर हुए अत्याचार को लेकर सरकार के इस्तीफे की एक सूत्री मांग के साथ भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने असहयोग आंदोलन शुरू किया है। विद्यार्थियों ने सोमवार को लंबे मार्च का आह्वान किया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार ने रविवार शाम छह बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। इसके साथ ही मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी लगा दी गयी है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार अगले सरकारी आदेश तक कर्फ्यू लागू रहेगा। पूरे देश में खूनी झड़पों की खबरें हैं। प्रदर्शनकारियों ने सिराजगंज के इनायतपुर थाना पर हमला किया, जिससे कम से कम 14 पुलिसकर्मी मारे गए। पुलिस मुख्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में मौतों की पुष्टि की।



बांग्लादेश के ढाका में प्रदर्शनकारियों ने बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी अस्पताल के अंदर वाहन को आग लगा दी। • एजेंसी

### तोड़फोड़ करने वालों से सख्ती बरतें : प्रधानमंत्री

**ढाका।** बांग्लादेश के कई हिस्सों में फिर से हिंसा भड़कने के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रविवार को कहा कि विरोध के नाम पर तोड़फोड़ करने वाले लोग छात्र नहीं, बल्कि आतंकवादी हैं और ऐसे तत्वों से कड़ाई से निपटने की जरूरत है। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि हसीना ने गणभवन में सुरक्षा मामलों की राष्ट्रीय समिति की बैठक बुलाई है। बैठक में सेना, नौसेना, वायु सेना, पुलिस, रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के प्रमुख और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए।

## यूक्रेनी हमले में रूसी पनडुब्बी डूबी, कई इमारतें क्षतिग्रस्त

- एक अपार्टमेंट पर हुए हमले में एक व्यक्ति की गई जान

**कीव।** यूक्रेन ने लंबी दूरी के हमले तेज करते हुए पिछले 24 घंटे में रूस की एक पनडुब्बी को डुबो दिया और उसकी एक हवाई पट्टी को निशाना बनाते हुए कई इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने एक अपार्टमेंट इमारत पर भी हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

जुलाई के बाद से हमलों में बढ़ोतरी तब हुई है जब यूक्रेन सहयोगियों पर रूसी ठिकानों पर हमला करने के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति देने का दबाव बना रहा है। पश्चिमी सहयोगियों, विशेष रूप से अमेरिका, ने मॉस्को से तनाव बढ़ने के डर से अब तक अनुमति देने का विरोध किया है। जनरल स्टाफ की ओर से शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, यूक्रेन ने मॉस्को के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप में एक रूसी किलो श्रेणी की पनडुब्बी और एक एस-400 विमान भेदी मिसाइल परिसर पर हमला किया।

# इजराइल पर ईरान के हमला करने की आशंका

- एक्सियोस पोर्टल ने तीन स्रोतों का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों को उम्मीद है कि संघर्ष बढ़ने के बीच ईरान सोमवार को इजराइली क्षेत्र पर हमला करेगा। एक्सियोस पोर्टल ने तीन स्रोतों का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। प्रकाशन में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारियों को उम्मीद है कि ईरानी प्रतिशोध अप्रैल के मध्य में इज़राइल पर हमले के समान होगा, लेकिन संभावित रूप से इसका दायरा बड़ा होगा, क्योंकि इसमें हिजबुल्ला भी शामिल हो सकता है।

हमास ने बुधवार को अपने राजनीतिक नेता, इस्माइल हनियेह की तेहरान में उनके आवास पर एक इजराइली हमले के परिणामस्वरूप मौत की सूचना दी, जहां वह नए ईरानी राष्ट्रपति के उद्घाटन में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। आंदोलन ने हनियेह की मौत के लिए इजराइल और अमेरिका को दोषी ठहराया और कहा कि हमला अनुत्तरित नहीं रहेगा। पेंटागन प्रमुख लॉयड ऑस्टिन ने दावा किया कि उन्हें हानिया की मौत और इज़राइल की कथित संलिप्तता के बारे में कुछ नहीं कहना है।

### अदन की खाड़ी में जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी से गुजर रहे एक मालवाहक जहाज पर शनिवार देर रात मिसाइल हमला कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इजराइल द्वारा हमास नेता इस्माइल हनियेह को निशाना बनाए जाने के बाद समूह का संभवत: पहला हमला है।

### ईरान के विदेश मंत्री से मिले जॉर्डन के विदेश मंत्री

**तेहरान।** जॉर्डन के विदेश मंत्री ने रविवार को तेहरान में ईरान के कार्यकारी विदेश मंत्री से मुलाकात की। आयमान सफादी 20 से अधिक वर्षों में ईरान की आधिकारिक यात्रा करने वाले जॉर्डन के पहले वरिष्ठ अधिकारी होंगे। जॉर्डन को पश्चिमी देशों का करीबी सहयोगी माना जाता है।

# दाखिले के लिए गलत दस्तावेज देने का आरोपी भारतीय छात्र स्वदेश लौटेगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका में एक विश्वविद्यालय में दाखिला पाने के लिए कागजात में हेरफेर करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय छात्र को अमेरिकी अधिकारियों के साथ हुए एक समझौते के तहत स्वदेश भेजा जाएगा। आर्यन आनंद (19) ने शिक्षण सत्र 2023-2024 में पेंसिल्वेनिया के लेहाए विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा कराए थे।

लेहाए विश्वविद्यालय के छात्रों की ओर से प्रकाशित समाचार पत्र द ब्राउन एंड व्हाइट की पिछले महीने की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि पुलिस जांच में पाया गया है कि आनंद ने प्रवेश और वित्तीय सहायता संबंधी दस्तावेजों में हेरफेर की है। खबर में कहा गया था कि उसने दाखिला और छात्रवृत्ति हासिल करने के लिए अपने पिता की मौत का झूठा दावा भी किया था। आनंद पर मजिस्टेरियल डिस्ट्रिक्ट जज जॉर्डन निस्ले की अदालत में मुकदमा चलाया गया, जिसकी जमानत राशि 25 हजार अमेरिकी डॉलर थी। उसे जालसाजी के आरोप में दोषी ठहराया गया। लेहाए विश्वविद्यालय ने छात्र से 85,000 अमेरिकी डॉलर की क्षतिपूर्ति की मांग नहीं की।

### अमेरिकी नेशनल पार्क में डूबे भारतीय का शव मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मोंटाना प्रांत के प्रसिद्ध ग्लेशियर नेशनल पार्क में पिछले महीने डूबे 26 वर्षीय भारतीय आईटी पेशेवर का शव पार्क रेंजर ने बरामद कर लिया है। सिद्धांत विट्ठल पाटिल छह जुलाई को एक पहाड़ी इलाके में यात्रा के दौरान एक बड़ी चट्टान से गिरकर एवलांच क्रीक में डूब गए। एनबीसी मोंटाना ने बताया कि पार्क अधिकारियों के अनुसार, आगंतुकों ने शनिवार पूर्वाह्न लगभग 10:30 बजे एक शव देखने की सूचना दी, जिसके बाद रेंजर ने शव को वहां से निकाला। डेली इंटर लेक समाचार पत्र ने पार्क अधिकारियों की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि घटना के समय पाटिल ने जो कपड़े और उपकरण पहने हुए थे, उनसे मिलते-जुलते कपड़े और उपकरण भी बरामद किए गए।

## वेनेजुएला में दो हजार प्रदर्शनकारी हिरासत में

- राष्ट्रपति चुनाव के बाद वेनेज़ुएला में बड़े पैमाने पर विपक्षी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए

कराकस, एजेंसी

वेनेजुएला में हाल के राष्ट्रपति चुनाव के बाद शुरू हुई सामूहिक अशांति के बीच दो हजार से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किये गए हैं। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने रविवार को कहा कि 29 जुलाई को, राष्ट्रपति चुनाव के बाद वेनेजुएला में बड़े पैमाने पर विपक्षी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जिसमें कुछ कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़पें शुरू हुई। देश के विपक्ष का मानना है कि उसके उम्मीदवार ने भारी मतों से चुनाव जीता है।

मादुरो ने 31 जुलाई को कहा था कि विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से 1,200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन पर राज्य के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने, नफरत और आतंकवाद को उकसाने का आरोप है। मादुरो ने राष्ट्रपति भवन के सामने एक रैली में अपने भाषण में कहा, प्रदर्शनकारियों ने सोचा कि उनके आपराधिक हमले 2014 और 2017 में हुये बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन जैसे फिर से जारी रहेंगे लेकिन 48 घंटों में, सैन्य-नागरिक पुलिस संघ की मदद और कानूनी कार्रवाई से दंगों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने में सफल रहे। हमारे पास दो हजार बंदी हैं। उन्हें टोकोरोन और टोकुयिटो शीर्ष सुरक्षा जेलों में भेजा जाएगा। इस बार, उन्हें कोई माफी नहीं मिलेगी।

# हिंसक प्रदर्शन में सैकड़ों गिरफ्तार

- ब्रिटेन में प्रवासी विरोधी दक्षिणपंथी समूहों से जुड़ी हिंसक झड़प और हिंसा जारी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में प्रवासी विरोधी दक्षिणपंथी समूहों से जुड़ी हिंसक झड़प और हिंसा सप्ताहांत में जारी रही। वहीं पुलिस ने इस संबंध में कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए अधिकारियों को पूरा समर्थन देने की पेशकश की।

शनिवार को लिवरपूल, हल, ब्रिस्टल, लीड्स, ब्लैकपूल, स्टोक-ऑन-ट्रेंट, बेलफास्ट, नॉटिंघम और मैनचेस्टर में पथराव किया, पटाखे फेंके गए, उस होटल की खिड़कियां तोड़ दी गईं जहां देश में शरण चाहने वाले ठहरे हुए थे। साथ ही दुकानों पर हमला कर आग लगा दी। वहीं भीड़ और पुलिस के बीच कई झड़पें हुईं। ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेट कूपर ने भीड़ को चेतावनी दी कि वे इस तरह के आपराधिक अव्यवस्था और हिंसा की कीमत चुकाएंगे। शनिवार को स्टॉर्मर ने एक उच्चस्तरीय बैठक के बाद डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा, हमने जो अव्यवस्था देखी है, उन्हें ठीक करने के लिए कहा है कि पुलिस को हमारी ओर से पूरा समर्थन है ताकि वे हमारी सड़कों पर चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकें।



इंग्लैंड के रॉदरहैम में अप्रवासी विरोधी प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों पर आग बुझाने वाले यंत्र का इस्तेमाल करते प्रदर्शनकारी। • एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे किशोर कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड में किशोर कुमार को ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता हैं जिन्होंने ने सिर्फ अपनी आवाज के जादू से बल्कि फिल्म निर्माण और निर्देशन से भी सिने प्रेमियो का भरपूर मनोरंजन किया। मध्यप्रदेश के खंडवा में 04 अगस्त 1929 को मध्यवर्गीय बंगाली परिवार में अधिवक्ता कुंजी लाल गांगुली के घर जब सबसे छोटे बालक ने जन्म लिया तो कौन जानता था कि आगे चलकर यह बालक अपने देश और परिवार का नाम रौशन करेगा। भाई बहनों में सबसे छोटे नटखट आभास कुमार गांगुली उर्फ किशोर कुमार का रूझान बचपन से ही पिता के पेशे वकालत की तरफ न होकर संगीत की ओर था। महान अभिनेता एवं गायक के.एल. सहगल के गानों से प्रभावित किशोर कुमार उनकी ही तरह गायक बनना चाहते थे। सहगल से मिलने की चाह लिये किशोर कुमार 18 वर्ष की उम्र में मुंबई पहुंचे लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पायी। उस समय तक उनके बड़े भाई अशोक कुमार बतौर अभिनेता अपनी पहचान बना चुके थे।

### धनुष की रायन ने 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की फिल्म रायन ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। धनुष की तमिल एक्शन-ड्रामा रायन 26 जुलाई को सिनेमाघरो में रिलीज हुयी है। फिल्म को क्रिटिक और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिल रहा है।फिल्म रायन, धनुष के लिए कई मामलों में खास है। यह उनकी 50वीं फिल्म है और फिल्म को उन्होंने खुद निर्देशित भी किया है। फिल्म रायन, तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज की गयी है। फिल्म रायन को प्रदर्शित हुये नौ दिन हो गये हैं। रायन ने भारतीय बाजार में ग्रास 72 करोड़ से अधिक की कमाई की है, वहीं विदेश भी फिल्म रायन शानदार कमाई कर रही है। रायन ने विदेश में ग्रास 32 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। इस तरह रायन ने वर्ल्डवाइड ग्रास 104 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। इस फिल्म में एक शख्स के बदले की कहानी दिखाई गई है। फिल्म रायन में धनुष के अलावा, प्रकाशराज, संदीप किशन, अपर्णा बालमुरली और दुशारा विजयन जैसे कलाकार भी है।



### श्रीमद् रामायण अब 12 अगस्त से सोनी सब पर प्रसारित होगा

**मुंबई।** श्रीमद् रामायण 12 अगस्त से भारत के प्रमुख पारिवारिक मनोरंजन चैनल सोनी सब पर प्रसारित होगा। भगवान राम का रावण के साथ पौराणिक युद्ध का समापन 12 अगस्त को शाम 7.30 बजे सोनी सब पर प्रसारित होने वाला है। इसमें भरपूर एक्शन होने वाला है। इस युद्ध के शुरू होने के साथ सोनी सब अब विशेष रूप से उस अपरिचित कहानी को सामने लाएगा जो इस युद्ध के बाद शुरू होती है। यह दिखाया जाएगा कि भगवान राम और सीता के पुन: एक होने और अयोध्या लौटने के बाद क्या होता है?

अमेरिका चुनाव — पहली बहस जून और दूसरी बहस 10 सितंबर के लिए निर्धारित की गई थी

# हैरिस ने बहस स्थगित करने की ट्रंप की पेशकश ठुकराई

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की उस पेशकश को ठुकरा दिया है, जिसमें राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की पारंपरिक बहस को स्थगित करने को कहा गया था। मीडिया में रविवार को यह जानकारी दी गई।

ट्रंप (78) और कुछ समय पहले तक व्हाइट हाउस की दौड़ में शामिल रहे राष्ट्रपति जो. बाइडन मई में राष्ट्रपति पद की दो बहस में भाग लेने के लिए सहमत हुए थे। पहली बहस जून में सीएनएन द्वारा आयोजित की गई थी और दूसरी बहस एबीसी न्यूज द्वारा 10 सितंबर के लिए निर्धारित की गई थी। पिछले महीने बाइडन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद भारतीय मूल की उपराष्ट्रपति हैरिस को सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी का 2024 का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चार सितंबर को उपराष्ट्रपति हैरिस के साथ बहस करने के फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है, जो मूल योजना से हटकर है। इस बीच, हैरिस ने फॉक्स न्यूज पर ट्रंप के साथ बहस की पेशकश को ठुकराया दिया। हैरिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह 10 सितंबर की पूर्व निर्धारित तारीख पर ही ट्रंप के साथ बहस करने को तैयार हैं। हैरिस की प्रचार अभियान टीम ने भी कहा कि डेमोक्रेट उम्मीदवार एबीसी न्यूज पर बहस की मूल योजना पर कायम रहेंगी।



### ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मामले की सुनवाई शुरू

**वाशिंगटन।** कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय ने घोषणा की कि उसने चुनाव में हस्तक्षेप के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ सुनवाई फिर से शुरू कर दी है और अगला सत्र 16 अगस्त को निर्धारित है। सुनवाई की बहाली जुलाई में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संबंधित है, जिसने राष्ट्रपति रहते हुए अपने कार्यों के लिए अभियोजन से ट्रंप की पूर्ण छूट को मान्यता देने से इनकार कर दिया था। राष्ट्रपति को केवल आधिकारिक क्षमता में किए गए कार्यों के लिए प्रतिरक्षा है, लेकिन उन पर जो आरोप लगाए गए हैं उनमें से कुछ इस परिभाषा के अंतर्गत नहीं आ सकते हैं।